धनबाद, रांची एवं पटना से प्रकाशित

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार

www.lagatar.in | रांची, गुरुवार 23 मई 2024 ● बैशाख पूर्णिमा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ 6 ● वर्ष : 2, अंक : 44 | आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र


**मौसम**

| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| धनबाद | 38.6 | 29.5 |
| जमशेदपुर | 38.2 | 28.0 |
| डालटनगंज | 41.5 | 27.7 |

तापमान डिग्री सेल्सियस में.

* *




## सत्ता का महासंग्राम 2024 — आखिर दो चरणों के चुनाव प्रचार में वार-पलटवार तेज

**पीएम मोदी ने कांग्रेस व सपा पर लगाये आरोप**

### पाकिस्तान के हमदर्द अब भारत को डराने में जुटे हैं



**उत्तर प्रदेश।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर पाकिस्तान का हमदर्द होने का आरोप लगाया. उन्होंने कहा कि पड़ोसी मुल्क तो पस्त पड़ गया है, लेकिन इन दोनों विपक्षी दलों के लोग उसके पास 'एटम बम' होने की बात कहकर भारत को डरा रहे हैं. प्रधानमंत्री बस्ती जिले में बस्ती, संत कबीर नगर और डुमरियागंज लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे. मोदी ने कहा कि आतंक का सरपरस्त देश, जो हमें आंखें दिखाता था, आज उसकी हैसियत वैसी हो गई है कि ना घर का ना घाट का. आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं, बल्कि मोदी की मजबूत सरकार है. उन्होंने सपा और कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया. कहा, इन लोगों को राम मंदिर और राम से परेशानी है. ये लोग सनातन धर्म के विनाश करने की बात करते हैं और इन सबकी आका कांग्रेस पार्टी है.

**राहुल गांधी का दावा- 'अग्निवीर' मोदी की योजना**

### सत्ता में आए, तो कूड़ेदान में फेंक देंगे अग्निवीर योजना



**हरियाणा।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर 'इंडिया' गठबंधन सत्ता में आया, तो अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा और इसे कूड़ेदान में फेंक दिया जाएगा. हरियाणा में अपनी पहली जनसभा में पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने किसानों के मुद्दे पर भी प्रधानमंत्री मोदी को घेरा. अग्निवीर योजना को लेकर राहुल गांधी ने दावा किया कि यह सेना की योजना नहीं, बल्कि मोदी की योजना है, सेना ऐसा नहीं चाहती. वे महेंद्रगढ़-भिवानी लोकसभा क्षेत्र में आयोजित रैली को संबोधित कर रहे थे. उन्होंने कहा कि भारत की सीमाएं देश के युवाओं द्वारा सुरक्षित हैं और हमारे युवाओं के डीएनए में देशभक्ति है. कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि मोदी ने हिन्दुस्तान के जवानों को मजदूरों में बदल दिया है. अग्निवीरों को न शहीद का दर्जा मिलेगा, न पेंशन और न ही कैंटीन की सुविधा मिलेगी. किसानों के मुद्दे पर गांधी ने कहा कि चार जून को जब हम सत्ता में आएंगे, तो किसानों का कर्ज माफ करेंगे.

**जयराम रमेश ने 'इंडिया' की जीत का किया दावा**

### 2004 का जनादेश फिर से 2024 में दोहराया जाएगा



**नयी दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के आखिरी दो चरण बचे हैं. 25 मई व एक जून को क्रमशः छठे व सातवें चरण की 115 सीटों पर मतदान के बाद चार जून को चुनाव के परिणाम सभी के सामने होंगे. इस बीच कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने दावा किया है कि 'इंडिया' गठबंधन को स्पष्ट जनादेश मिलने जा रहा है. उन्होंने कहा कि गठबंधन के मजबूत प्रदर्शन का एक प्राथमिक कारक उत्तर प्रदेश में बेहद प्रभावशाली बदलाव होगा. रमेश ने दावा किया पहले दो चरणों में ही साफ हो गया था कि दक्षिण में बीजेपी साफ और उत्तर, पश्चिम व पूर्वी भारत में बीजेपी हाफ'. कांग्रेस नेता ने कहा कि 2004 का जनादेश 2024 में दोहराया जाएगा. विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को बहुमत मिलने पर सबसे बड़ी पार्टी का उम्मीदवार ही पीएम होगा. यह वैसे ही होगा जैसे 2004 में हुआ था. उस वक्त चार दिन के अंदर मनमोहन सिंह का नाम घोषित हो गया था. इस बार दो दिन के अंदर ही पीएम के नाम का ऐलान हो जाएगा.

**पीएम की शहजादे वाली टिप्पणी पर अखिलेश बोले**

### दोनों 'शहजादे' भाजपा को शह देंगे व जनता मात देगी



**उत्तर प्रदेश।** समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत भाजपा नेताओं की 'शहजादे' वाली टिप्पणी पर पलटवार किया है. उन्होंने कहा कि इस बार लोकसभा चुनाव में कांग्रेस और सपा के दोनों शहजादे भाजपा को 'शह' देंगे और जनता 'मात' देगी. अखिलेश आजमगढ़ से सपा उम्मीदवार धर्मेंद्र यादव के समर्थन में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे. सपा प्रमुख ने भाजपा में लोकतंत्र नहीं होने का आरोप लगाते हुए कहा कि उस पार्टी में सिर्फ दो लोगों की चलती है, बाकी सब शून्य हैं. सीएम योगी आदित्यनाथ का बनाम लिये बिना उन पर तंज कसते हुए कहा कि जो समय-समय पर बुलडोजर लेकर चलते थे, उन्हें पता ही नहीं है कि इस बार लीकेज कहां पर है. इसके कारण सब पेपर लीक हो रहे हैं. सपा प्रमुख ने दावा किया कि इस बार के चुनाव को देख कर ऐसा लग रहा है कि 'इंडिया' गठबंधन उत्तर प्रदेश की सभी 80 सीटें जीतने जा रहा है.

---

**सर्राफा**

| | |
|---|---|
| सोना (बिक्री) | 69,200 |
| चांदी (किलो) | 95,000 |

**ब्रीफ खबरें**

#### आरबीआई देगा 2.11 लाख करोड़ रुपये का लाभांश

**मुंबई।** आरबीआई ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान को बुधवार को मंजूरी दे दी। यह केंद्रीय बैंक की ओर से अबतक का सर्वाधिक लाभांश भुगतान होगा. यह चालू वित्त वर्ष के बजट अनुमान की तुलना में दोगुना से भी अधिक है. यह एक साल पहले की तुलना में दोगुने से भी अधिक है.

#### सीबीआई ने निरीक्षक को बर्खास्त किया

**नयी दिल्ली।** सीबीआई ने मध्य प्रदेश नर्सिंग कॉलेज के अध्यक्ष से कथित तौर पर 10 लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किये गये अपने निरीक्षक राहुल राज को सेवा से बर्खास्त कर दिया है. अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि एजेंसी ने संविधान के अनुच्छेद 311 के तहत राज को बर्खास्त कर दिया है.

#### भारत ने 45,000 टन से अधिक प्याज निर्यात किया

**नयी दिल्ली।** देश में मई की शुरुआत में प्याज के निर्यात से प्रतिबंध हटने के बाद 45,000 टन से अधिक प्याज का निर्यात किया गया है. अधिकतर निर्यात पश्चिम एशिया और बांग्लादेश को किया गया है.

#### भाजपा व कांग्रेस को ईसी ने दी नसीहत

**नयी दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने बुधवार को भाजपा और कांग्रेस पार्टी को जाति, समुदाय, भाषा और धर्म के आधार पर चुनाव प्रचार करने से बचने की नसीहत दी. आयोग ने कहा कि चुनावों के दौरान भारत के सामाजिक व सांस्कृतिक ताने-बाने को नुकसान पहुंचाने की अनुमति नहीं जा सकती.

**टेंडर घोटाला**

### मंत्री आलमगीर आलम से और पांच दिन पूछताछ करेगी ईडी



टेंडर घोटाले की कमाई से कई लोगों ने अर्जित की अकूत संपत्ति

**विनीत आभा उपाध्याय/ सौरभ सिंह। रांची**

टेंडर घोटाला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग के आरोपी मंत्री आलमगीर आलम से ईडी और पांच दिन तक पूछताछ करेगी. कोर्ट ने इसकी इजाजत दे दी है. इससे पहले बुधवार को आलमगीर आलम की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी ने उन्हें कड़ी सुरक्षा के बीच रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट में पेश किया. ईडी की ओर से विशेष लोक अभियोजक शिव कुमार उर्फ काका ने अदालत से आलमगीर आलम को सात दिनों की रिमांड पर लेकर पूछताछ करने की अनुमति मांगी, जिसका आलमगीर के अधिवक्ता ने विरोध किया. इसके बाद कोर्ट ने ईडी को पांच दिनों तक पूछताछ करने की अनुमति दी. बता दें कि आलमगीर आलम को ईडी ने दो दिनों की लंबी पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था. आलमगीर पर आरोप है कि कमीशन के लिये अपने विभाग से जारी टेंडर चयनित ठेकेदारों को आवंटित करते थे.

**मंत्री आलमगीर को कमीशन का तय हिस्सा देता था वीरेंद्र कुमार :** छह मई को ईडी ने संजीव लाल व जहांगीर आलम के परिसर में छापेमारी की थी. इस दौरान ईडी ने उनके ठिकानों से 37.5 करोड़ बरामद किये थे. इसके बाद ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम को समन जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था. दो दिनों तक चली लंबी पूछताछ के बाद 13 मई को उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया था. मामला वीरेंद्र कुमार राम से जुड़ा है, जिन्हें पिछले साल 23 फरवरी को गिरफ्तार किया गया था. वह झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल और ग्रामीण कार्य विभाग दोनों में मुख्य अभियंता के पद पर तैनात थे. वीरेंद्र राम निविदा आवंटन के लिए कमीशन की राशि जमा करता था और उस राशि से 1.5% का तय हिस्सा मंत्री आलमगीर आलम को देता था.

# आलम रिमांड पर, आईएएस मनीष रंजन को मिला समन

## रांची पीएमएलए की स्पेशल कोर्ट ने रिमांड की इजाजत दी

### टेंडर घोटाले की जांच में सहयोग नहीं कर रहे मंत्री आलमगीर




ईडी ने मंत्री आलमगीर आलम की रिमांड के लिए दिए आवेदन में कोर्ट को बताया कि ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम टेंडर घोटाले की जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं. ईडी ने कहा कि जब्त की गयी सामग्रियों, दस्तावेज, रिकॉर्ड से नये तथ्य सामने आये हैं, जिनका आलमगीर से आमना-सामना कराने की जरूरत है. डिजिटल रिकॉर्ड भी भारी मात्रा में हैं. विभिन्न डिजिटल उपकरणों से डेटा निकालने का काम अभी भी जारी है. साथ ही संजीव लाल व जहांगीर आलम से पूछताछ के दौरान भी कई तथ्य सामने आये हैं. इन तथ्यों का मंत्री के साथ सामना कराने और पुष्टि करने की जरूरत है. क्योंकि, आलमगीर धन के स्रोत यानी अपराध की आय के बारे में महत्वपूर्ण जानकारियां छिपा रहे हैं और अपने जवाबों में भी टालमटोल कर रहे हैं. आलमगीर और उनके सहयोगियों द्वारा अपराध की आय से अर्जित चल-अचल संपत्ति की पहचान करने और मंत्री के माध्यम से अपराध की आय अर्जित करने वाले अन्य लाभार्थियों की भूमिका की जांच करने के लिए भी हिरासत में उनसे पूछताछ जरूरी है.

**ईडी जांच में खुलासा**

**तीन हजार करोड़ का है टेंडर कमीशन घोटाला**

झारखंड में टेंडर कमीशन घोटाले की जांच कर रही ईडी ने दावा किया है कि यह तीन हजार करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला है. इस घोटाले में अर्जित रुपये विदेश भी भेजे गये हैं. ईडी ने हेमंत सोरेन को अंतरिम जमानत से जुड़े मामले में सुप्रीम कोर्ट में दाखिल हलफनामे में टेंडर घोटाले की चल रही जांच का भी आंशिक खुलासा किया है. ईडी हाल ही में झारखंड के ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम को टेंडर घोटाले में गिरफ्तार किया है.

### ईडी ने आईएएस मनीष रंजन को पूछताछ के लिए कल बुलाया



**रांची।** टेंडर कमीशन घोटाला मामले में ईडी ने बुधवार को आईएएस मनीष रंजन को समन भेजकर 24 मई को पूछताछ के लिए हिनू के एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के जोनल ऑफिस में बुलाया है. मनीष रंजन वर्तमान में भू-राजस्व विभाग के सचिव हैं. इससे पहले वह ग्रामीण विकास विभाग के सचिव पद पर पदस्थापित रह चुके हैं. ईडी को मिला कमीशन के पैसों के बंटवारे और उसके हिस्सेदारों का ब्योरा

झारखंड सरकार के ग्रामीण विकास विभाग में हुई कमीशनखोरी मामले में ईडी को मंत्री, आप्त सचिव के बाद अब मनीष रंजन की तलाश है. ईडी को संजीव लाल और जहांगीर आलम के घर से रुपयों के साथ कमीशन के पैसों के बंटवारे और उसके हिस्सेदारों का ब्योरा भी मिला है. ब्योरे में कमीशन की रकम में हिस्सा लेनेवालों के नाम के बदले कोड वर्ड का इस्तेमाल किया गया है. हिस्सेदारों के लिए एच (ऑनरेबल मिनिस्टर), एम (मनीष), एस (संजीव लाल), टीसी (टेंडर कमेटी), सीई (चीफ इंजीनियर) जैसे कोड वर्ड लिखे मिले हैं. ईडी को संजीव लाल के घर से एक्सेल शीट मिली है, जिसमें योजना का नाम, ठेकेदार का नाम, टेंडर की कुल राशि, कुल कमीशन और इसमें मंत्री सहित अन्य की हिस्सेदारी का विस्तृत ब्योरा दर्ज है.

### हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली

**संवाददता। रांची/नई दिल्ली**

- सुप्रीम कोर्ट ने तथ्यों को छिपाने के लिए हेमंत सोरेन से नाराजगी जतायी
- कोर्ट ने कहा- याचिका खारिज कर रहे, सिब्बल बोले-याचिका वापस लेने दें



लैंड स्कैम के जरिये मनी लॉन्ड्रिंग करने के आरोप में जेल में बंद पूर्व सीएम हेमंत सोरेन को बुधवार को सुप्रीम कोर्ट से राहत नहीं मिली. शीर्ष अदालत ने बुधवार को सोरेन की एसएलपी (स्पेशल लीव पिटीशन) पर सुनवाई के बाद उन्हें अंतरिम जमानत देने से इनकार कर दिया. न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने सुनवाई के दौरान कहा कि आपने तथ्यों को छिपाया है, इसलिए हम याचिका खारिज कर रहे हैं.

इस पर हेमंत सोरेन के वकील कपिल सिब्बल ने आग्रह किया कि याचिका वापस लेने दें. इससे पहले पीठ ने चेतावनी दी कि अगर अदालत मामले के विवरण पर गौर करती है, तो यह पूर्व मुख्यमंत्री के लिए नुकसानदेह होगा. पीठ ने सिब्बल से कहा कि हमें उम्मीद थी कि आपके मुवक्किल स्पष्टता के साथ आएंगे, लेकिन आपने महत्वपूर्ण तथ्यों को छिपाया. सोरेन के वकील कपिल सिब्बल के आग्रह पर पीठ ने को याचिका वापस लेने की अनुमति दे दी. सुनवाई के दौरान ईडी की तरफ से एसएसजी एसवी राजू ने पक्ष रखा.

**सिब्बल ने सफाई दी- मुवक्किल की नहीं, मेरी गलती है :** पूर्व सीएम हेमंत सोरेन की अर्जी पर सुनवाई करते हुए शीर्ष अदालत की पीठ ने इस बात पर नाराजगी जाहिर कि याचिकाकर्ता ने सारे तथ्य नहीं रखे. पीठ ने सवाल किया कि जब सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का रूख किया था, तब कोर्ट को इस बात की जानकारी क्यों नहीं दी गयी कि जमानत अर्जी स्पेशल कोर्ट के सामने पेंडिंग है और निचली अदालत पहले ही चार्जशीट पर संज्ञान ले चुकी है. कोर्ट ने कहा कि हमे आपके मुवक्किल की नीयत सही नहीं लगती. आप दो-दो जगह कानूनी राहत के विकल्प खोज रहे थे. अगर हमें पता होता कि आपकी अर्जी कहीं और ही पेंडिंग है, तो हम ऐसी सूरत में आपकी याचिका को सुनवाई के लिए मंजूर ही नहीं करते. इस पर कपिल सिब्बल ने सफाई दी कि इसमें मेरे मुवक्किल की गलती नहीं है, ये मेरी अपनी गलती है.

#### एक घंटे की बहस के बाद कोर्ट ने तय की थी तारीख

इससे पहले मंगलवार को भी हेमंत सोरेन की एसएलपी पर सुनवाई हुई थी. करीब एक घंटे से ज्यादा बहस चली थी. उस दौरान हेमंत सोरेन की ओर से वरीय अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने अंतरिम जमानत दिये जाने के पक्ष में कई दलीलें पेश की थी. इसका ईडी के अधिवक्ता ने पुरजोर विरोध किया था. इसके बाद शीर्ष अदालत ने अगली सुनवाई के लिए बुधवार की तिथि मुकर्रर कर दी थी. बता दें कि पिछली सुनवाई के दौरान शीर्ष अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया था.

#### झारखंड हाईकोर्ट के फैसले को दी थी चुनौती

दरअसल, हेमंत सोरेन ने झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था. हेमंत सोरेन ने शीर्ष अदालत में एसएलपी दाखिल कर झारखंड हाईकोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी के खिलाफ दायर याचिका को खारिज कर दिया था. लेकिन सुप्रीम कोर्ट से भी हेमंत सोरेन को किसी तरह की राहत नहीं मिली.

---

**बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान का दावा**

### भारत में लापता बांग्लादेशी सांसद की कोलकाता में हत्या

**एजेंसी। ढाका**

भारत में लापता हुए बांग्लादेशी सांसद अनवारुल अजीम अनार की कोलकाता में हत्या कर दी गयी. बांग्लादेश के गृह मंत्री असदुज्जमां खान ने बुधवार को कहा कि भारत में लापता हुए आवामी लीग के सांसद अनवारुल अजीम अनार की कोलकाता के एक फ्लैट में हत्या कर दी गयी. उन्होंने कहा कि हत्या में शामिल सभी हत्यारे बांग्लादेशी हैं. यह एक सुनियोजित हत्या थी.

मंत्री ने कहा कि बांग्लादेश पुलिस ने 56 वर्षीय सांसद की हत्या के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. शव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें फिलहाल इसकी जानकारी नहीं है. उन्होंने दावा किया कि जल्द ही हत्या के मकसद की जानकारी देंगे. मंत्री ने कहा कि भारत की पुलिस मामले में सहयोग कर रही है. जानकारी के मुताबिक, तीन बार के सांसद और आवामी लीग के कालीगंज उपजिला इकाई के अध्यक्ष अनार इलाज के लिए 12 मई को एक निजी दौरे पर भारत गए थे.

**तीन बांग्लादेशी नागरिकों को किया गया गिरफ्तार**



- इलाज के लिए भारत आए थे सांसद अनवारुल अजीम अनार

**पोर्स कार दुर्घटना** — कार चला रहे नाबालिग को जमानत देने के निर्णय की जुबेनाइल जस्टिस बोर्ड कर सकता है समीक्षा

## पुलिस हिरासत में भेजे गये नाबालिग के पिता व पब के दो कर्मी

**एजेंसी। पुणे**

पुणे की एक सत्र अदालत ने कार दुर्घटना में शामिल 17 वर्षीय नाबालिग के पिता और एक पब के दो कर्मियों को बुधवार को 24 मई तक की पुलिस हिरासत में भेज दिया. नाबालिग लड़के के पिता और ब्लैक क्लब पब के कर्मी नितेश शेवाणी व जयेश गावकर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश एसपी पोंखसे के सामने पेश किया गया. नाबालिग लड़के के पिता एक रियल एस्टेट कारोबारी हैं. नाबालिग ने दुर्घटना से पहले पब में बैठकर कथित रूप से शराब पी थी.

पुलिस ने नाबालिग लड़के के पिता और बार के मालिक व कर्मियों के खिलाफ किशोर न्याय अधिनियम की धारा 75 और 77 के तहत मुकदमा दर्ज किया है. आरोपी नाबालिग रविवार को दुर्घटना से पहले पब गया था. पब के कर्मियों पर नाबालिग को शराब परोसने के लिए मुकदमा दर्ज किया गया है. अभियोजन पक्ष ने पिता के लिए सात दिनों की पुलिस हिरासत की मांग की थी, ताकि पुलिस इस बात की जांच कर सके कि उसने अपने बेटे को बिना नंबर प्लेट की गाड़ी ले जाने की इजाजत क्यों दी? वहीं, होटल ब्लैक क्लब के कर्मचारी की पुलिस हिरासत की मांग करते हुए अभियोजन पक्ष ने कहा कि वे यह पता लगाना चाहते हैं कि किसकी मंजूरी से नाबालिग और उसके दोस्तों को प्रवेश दिया गया.

**बोर्ड पुनर्विचार याचिका पर कर सकता है सुनवाई**



पुणे पुलिस ने किशोर को जमानत देने के निर्णय की समीक्षा को लेकर जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड का रुख किया था. इसके बाद बोर्ड ने पुणे में पोर्श कार दुर्घटना में शामिल 17 वर्षीय लड़के को नोटिस जारी कर बुधवार को अपने समक्ष पेश होने को कहा था. बाद में जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड के सामने लड़के को पेश किया गया. इसे लेकर जल्द जुवेनाइल जस्टिस बोर्ड नाबालिग आरोपी की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई कर सकता है. बता दें कि पुणे में जिस पोर्श कार से जो दुर्घटना हुई थी, उसे 17 वर्षीय किशोर चला रहा था.

### यह न्याय नहीं मजाक है

**टिप्पणी**

**पुणे** के अरबपति बिल्डर के बेटे ने परीक्षा पास की. दोस्तों के साथ पार्टी करने पब पहुंच गया. पांच करोड़ के पोर्से कार से. शराब पी. खाया-पीया. लौटते वक्त 200 किमी की रफ्तार से पोर्से को चलाता है. रास्ते में एक बाइक को टक्कर मार देता है. बाइक सवार युवक अनीस अवधिया और युवती अश्वनी कोस्टा की मौत हो गई. दोनों सॉफ्टवेयर इंजीनियर थे. दुर्घटनास्थल पर लोगों ने कार चला रहे नाबालिग के साथ मारपीट की. फिर उसे पुलिस के हवाले कर दिया. उसकी उम्र 17 साल आठ महीना है. बालिग से चार माह कम. 15 घंटे के भीतर जुबेनाइल कोर्ट ने उसे जमानत दे दी. तीन शर्तों के साथ. पहली शर्त एक्सीडेंट पर 300 शब्दों में निबंधन लिखना होगा. दूसरी ट्रैफिक पुलिस को मदद करनी होगी और तीसरी शराब का लत छुड़ाने के लिए काउंसलिंग लेना होगा. इस खबर से पुणे शहर में आक्रोश है. सरकार और पुलिस मामले में डैमेज कंट्रोल करने में लग गई है.

यह घटना सिर्फ उदाहरण है, उन लोगों के लिए जो यह समझते हैं कि देश में सब चंगा है. दरअसल, यही तो है देश की असल स्थिति. जिसके पास पैसा है, बहुत पैसा है, यह कानून और सिस्टम उसी के लिए है. यही हालात होते हैं, जब किसी समाज में अमीरी-गरीबी के बीच खाई बढ़ जाता है. न्याय ऐसा ही होता है जब हम सत्ता से सवाल करने के बदले हर समस्या के लिए किसी और को जिम्मेदार मानने लग जाते हैं. यह तो महज एक शुरुआत है. जब सत्ता निश्चिंत हो जाती है कि उसका साम्राज्य कभी खत्म नहीं होगा, तब ऐसा ही होता है. सड़क पर चलते आम लोग कीड़े-मकोड़े से अधिक नहीं समझे जाएंगे. सत्ता, पावर, पैसा ही भगवान बन जायेगा.



## राशिफल
आचार्य प्रणव मिश्रा

**मेष** चंद्र आठवें भाव में है. किसी कार्य के पहले सोच विचार कर करें. कार्य व्यवसाय एवं नौकरी में रुकावटें होंगी. पर किया गया परिश्रम सार्थक होगा. वही परीक्षा-प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त करेंगे. शिवलिंग पर जल अर्पण करें.

**वृषभ** मानसिक तनाव होगा. व्यापार में लाभ होगा. आय का मार्ग खुलेगा. आर्थिक स्थिति में सुधार होगा. काम-काज के लिए अच्छा रहेगा. परिवार के साथ अच्छा समय व्यतीत होगा. मन में कुछ नकारात्मक विचार आ सकते हैं.

**मिथुन** रोग शोक से बचें. संतान की शिक्षा में सुधार होगा. घरेलू विवाद कोशिश करने से सुलझ सकता है. कार्य होगा और भाग्योदय संभव है. पारिवारिक सुख अच्छा मिलेगा. मिथ्या आरोप लगने के कारण क्रोध बढ़ सकता है.

**कर्क** लग्न का मालिक नीच है. काम काज सामान्य रहेगा. मन प्रसन्न रखना होगा. नवीन मित्रता हो सकती है. परिवार के किसी सदस्य के स्वास्थ्य में कमी देखने को मिल सकती है. शिक्षा पर विशेष ध्यान देना होगा.

**सिंह** किसी महिला से विवाद हो सकता है. परिवार के सदस्यों की तरफ से सुख और सहयोग मिलेगा. आपका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना रहेगा. कार्य होने से शुभफलों की प्रधानता रहेगी. किसी अपने से विवाद से दूर रहें.

**कन्या** समय अनुकूल है. पर रूखे व्यवहार से बनी बनाई बात बिगड़ सकती है. क्रोध पर नियंत्रण रखें. अधिक प्रभाव होने के बाद भी काम काज सामान्य रहेगा. परीक्षा एवं प्रतियोगिता में आशाजनक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं.

**तुला** काम काज सामान्य रहेगा. आपका मन किसी भी काम में पूरी तरह से नहीं लग पाएगा. आपके लिए निराशाजनक हालात पैदा हो सकते हैं. परिवार या मित्र से मतभेद हो उत्पन्न हो सकते है. मंदिर में अन्न और जल का दान करें.

**वृश्चिक** समय उत्तम फल प्रदान करेगा. कामकाज में सफलता मिलेगी. दूसरों के साथ अच्छे संबंध बने रहेंगे. स्वास्थ्य को लेकर चिंताएं बन सकती हैं. वाहन के प्रति सावधानी रखने की आवश्यकता है. हनुमानजी का ध्यान पूजन करें.

**धनु** विदेश से लाभ हो सकता है. स्वास्थ्य और शिक्षा में खर्च अधिक होगा, पर आर्थिक स्थिति अच्छी होगी. यात्रा बहुत जरूरी नही हो तो टाल दें. साथ ही वाहन चलाते समय सावधानी बरतें. खर्चे में बढ़ोतरी होगी. स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें.

**मकर** योजना में विस्तार हो सकता है. कामकाज में सफलता मिलेगी. शिक्षा-प्रतियोगिता के क्षेत्र में सफलता मिलेगी. परिवार के लोगों के साथ अच्छा तालमेल बना रहेगा. शनि देव को खुश करने का उपाय करें.

**कुंभ** जीवन साथी की भावनाओं की कद्र करें. व्यापार से लाभ संभव है. किसी आपने से शुभ समाचारों की प्राप्ति होगी. स्वभाव में गंभीरता एवं एकाग्रता बनी रहेगी. परिवार की तरफ से मन प्रसन्न रहेगा. किसी प्रकार के विवाद में न पड़ें.

**मीन** भाग्य का साथ मिलेगा. करीबियों की भावनाओं की कद्र करें. आपके मन में एक नया उत्साह और जोश दिखाई देगा. कोई पुराना किया गया कार्य से आज लाभ होगा. स्वास्थ्य का ध्यान रखें. विष्णु भगवान का ध्यान पूजन करें.

### चार जून को आएगा परिणाम... दल-बदलुओं पर जनता ने क्या फैसला सुनाया

# दल-बदलुओं पर ही टिकी है झारखंड की राजनीति घूम-फिर कर सामने आते हैं वही चेहरे

रवि भारती।रांची

झारखंड में दल-बदल का इतिहास रहा है. पक्षी की तरह सुबह इस डाल तो शाम दूसरे डाल में बैठना नेताओं की फितरत हो गई है. अब तक झारखंड में नेता, विधायक दो से तीन बार दल बदल चुके हैं. कई नेताओं ने अब तक दो से तीन बार अपना पाला बदल चुके हैं। इस लोकसभा चुनाव में भी 12 उम्मीदवार ऐसे हैं जो एक से दो बार अपना पाला बदल चुके हैं। अब अगामी विधानसभा चुनाव में भी कई दलों के नेता इधर से उधर शिफ्ट करेंगे. लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता पक्ष हो या विपक्ष सीट शेयरिंग से साथ ही नेताओं की उछल कूद शुरू हो जाएगी. पहले से टिकट की आस लगाए नेताओं को अगर संबंधित दल से टिकट नहीं मिला तो अपना पाला बदलेंगे. कई दलों में टूट की भी संभावना बनेगी.

**लोकसभा** चुनाव में भी दर्जनभर दलबदलू अलग-अलग पार्टियों से आजमा रहे किस्मत

**लंबी होती** जा रही है दलबदलू नेताओं की फेहरिस्त, दो से तीन बार बदल चुके हैं दल


**आगामी** विधानसभा चुनाव में भी कई दलों के नेता इधर से उधर शिफ्ट करने की तैयारी में जुटे हुए हैं

### एक दर्जन दलबदलुओं पर चार जून को आएगा जनता का फैसला

*इस बार के लोकसभा चुनाव में भी झारखंड में नौ ऐसे उम्मीदवाद हैं. जिन्होंने एक से लेकर तीन बार तक अपना पाला बदला है। चार जून को जनता इन दलबदलुओं पर अपना फैसला सुनाएगी।*

**जेपी पटेल :** हजारीबाग से चुनाव लड़ रहे जेपी पटेल पहले झामुमो में थे. फिर भाजपा में चले गए. फिहलाल कांग्रेस के टिकट पर हजारीबाग से चुनाव में है. उनकी किस्मत ईवीएम में कैद हो चुकी.
**ताला मरांडी :** पहले भाजपा में थे. विधानसभा चुनाव में टिकट नहीं मिला तो आजसू के टिकट पर चुनाव लड़े. इस बार राजमहल संससदीय सीट से बीजेपी के उम्मीदवार के रूप में किस्मत आजमा रहे हैं.
**जोबा मांझी :** सिंहभूम सीट से झामुमो की टिकट पर किस्मत आजमा रही हैं. इससे पहले वे यूजीडीपी में थी. फिर झाविमो में आईं, फिलहाल झामुमो में हैं.
**अन्नपूर्णा देवी :** पहले राजद में थी, फिर भाजपा के टिकट पर कोडरमा से सांसद बनीं. इस बार फिर कोडरमा से भाजपा के टिकट पर किस्मत आजमा रही हैं.
**गीता कोड़ा :** सिंहभूम से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ी हैं, चार जून को परिणाम आएगा. गीता कोड़ा ने सबसे पहले जय समांता पार्टी से राजनीतिक सफर की शुरूआत की थी. फिर कांग्रेस का दामन थामा, अब भाजपा में हैं.
**सीता सोरेन :** सीता सोरेन पहले झामुमो में थीं. झामुमो के टिकट पर कई बार विधायक बनीं. अंदरूनी कलह के कारण झामुमो छोड़ कर बीजेपी का दामन थाम लिया. फिलहाल भाजपा के टिकट पर दुमका लोकसभा सीट से किस्मत आजमा रही हैं.
**सुखदेव भगत :** सुखदेव भगत लोहरदगा से विधायक रह चुके हैं, पहले कांग्रेस में थे. फिर भाजपा में शामिल हो गए. अब वे लोहरदगा सीट से कांग्रेस के टिकट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.
**ढुल्लू महतो :** पहले झारखंड विकास मोर्चा में थे. फिर भाजपा में शामिल हो गए. फिलहाल भाजपा के टिकट पर धनबाद से किस्मत आजमा रहे हैं.
**मनीष जायसवाल :** मनीष जायसवाल ने अपने राजनीतिक सफर की शुरूआज झाविमो से की. फिर भाजपा का दामन थामा. भाजपा के टिकट पर हजारीबाग सदर से विधायक चुने गए. फिलहाल बीजेपी के टिकट पर हजारीबाग सीट से किस्मत आजमा रहे हैं.
**कालीचरण सिंह :** पहले झाविमो में थे, अब चतरा से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ रहे हैं. उनकी किस्मत का फैसला चार जून को होगा.
**विद्युत वरण महतो :** झामुमो से राजनीतिक सफर की शुरूआत की. झामुमो की टिकट पर विधायक भी बने. फिर भाजपा का दामन थाम लिया. फिलहाल जमशेदपुर से भाजपा के टिकट पर अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.
**प्रदीप यादव :** प्रदीप यादव शुरू में भाजपा में थे. फिर झाविमो के साथ हो लिए. अब कांग्रेस में हैं, फिलहाल कांग्रेस के टिकट पर गोड्डा सीट से अपनी किस्मत आजमा रहे हैं.

### जानिए झारखंड के टॉप दलबदलू नेताओं को




**डॉ कुलकर्णी और मनीष रंजन हो चुके हैं आमने-सामने**

# पहले भी विवादों में रहे हैं आइएएस मनीष रंजन, अब ईडी के रडार पर

रवि भारती/प्रवीण कुमार ।रांची

झारखंड कैडर के आईएएस अफसर मनीष रंजन का विवादों से पुराना नाता रहा है. 2002 बैच के मनीष रंजन उस समय सुखियों में आये, जब वे हजारीबाग के उपायुक्त थे. उस समय मनीष रंजन अपने ही कैडर के सीनियर अफसर डॉ नितिन मदन कुलकर्णी से आमने-सामने हो गये थे. डॉ कुलकर्णी उस समय उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल के प्रमंडलीय आयुक्त थे. विवाद इतना बढ़ गया कि मामला राजभवन तक पहुंच गया. राजभवन के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ. फिलहाल मनीष रंजन भू -राजस्व विभाग के सचिव हैं. साथ ही उनके पास भवन निर्माण विभाग के सचिव और भवन निर्माण कॉरपोरेशन के एमडी का भी अतिरिक्त प्रभार है. उल्लेखनीय है कि हिंदी दैनिक शुभम संदेश ने 17 मई को ग्रामीण विकास विभाग में 3000 करोड़ रुपये का टेंडर जारी होने की खबर प्रमुखता से छापी थी.







### वर्ष 2000 से 2011 के बीच हुआ घोटाला

सीबीआई द्वारा दायर चार्जशीट में कहा गया था कि भूमि माफियाओं से मिल कर अधिकारियों ने जिले की लगभग 824 एकड़ सरकारी और निजी भूमि बेच दी. उस समय इसकी अनुमानित कीमत एक हजार करोड़ रुपये से अधिक बतायी गयी थी. पहले इस घोटाले की जांच निगरानी को सौंपी गयी. बाद में तत्कालीन सीएम अर्जुन मुंडा ने इसकी सीबीआई जांच की अनुशंसा की. इसके बाद 19 जून 2012 को सीबीआई ने देवघर भूमि घोटाला मामले में एफआईआर दर्ज कर जांच प्रारंभ की. दिलचस्प बात यह रही कि 2010-11 में इस गड़बड़ी का भंडाफोड़ तत्कालीन डीसी मस्तराम मीणा द्वारा ही किया गया. लेकिन उन पर यह आरोप लगा कि अभिलेखागार से कागजात गायब करने और उसे जलाने के बाद इस मामले का रहस्योदघाटन किया गया, ताकि इस घोटाले से जुड़े आरोपी बच सकें.

### बरामद दस्तावेज में मनीष के नाम का भी जिक्र, इसलिए ईडी के रडार पर आईएएस

अब आईएएस अफसर मनीष रंजन को ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाला मामले में समन किया है. 24 मई को उन्हें रांची में ईडी के जोनल कार्यालय में पूछताछ के लिए बुलाया गया है. बता दें कि ईडी को जो दस्तावेज मिले हैं, उसमें किसी मनीष का जिक्र था. ईडी पता लगा रही थी कि वह मनीष कौन है? आखिरकार ईडी को पता चल गया है कि मनीष रंजन वहीं आईएएस अफसर हैं, जो पहले ग्रामीण विकास विभाग में सचिव हुआ करते थे. वर्तमान में वह भू-राजस्व विभाग के सचिव हैं. दरअसल ईडी को जहांगीर आलम के घर से जो डायरी मिली है, उस डायरी के हिसाब-किताब में मनीष और उमेश नाम के शख्स का भी जिक्र है. एक पन्ने में मनीष को 4 .22 करोड़ और उमेश को 5 .95 करोड़ रुपये देने का जिक्र है. ईडी इसी बात की जांच कर रही थी कि मनीष और उमेश कौन हैं? बता दें कि अब तक ईडी ने जो खुलासा किया है उसमें साफ तौर पर देखा जा रहा है कि कमीशन का हिस्सा ऊपर बैठे लोगों से लेकर विभाग के अधिकारियों तक में बंटता था.

### ईडी का दावा : 3000 करोड़ का है टेंडर घोटाला

झारखंड टेंडर घोटाले की जांच कर रही ईडी ने दावा किया है कि यह 3000 करोड़ रुपये का बड़ा घोटाला है. ईडी का मानना है कि पैसा बांग्लादेश और अन्य देशों में भी भेजा गया था. मंत्री का एक भाई बांग्लादेश में रहता है, जो चावल मिल और कई अन्य उद्यम चलाता है.

**जमीन घोटाला में मनीष रंजन को हो चुका है शोकॉज**

देवघर के बहुचर्चित भूमि घोटाले में पूर्व विकास आयुक्त अरुण कुमार सिंह, मस्त राम मीणा, मनीष रंजन को शोकॉज जारी किया गया था. इन अफसरों से भूमि घोटाले में संलिप्तता को लेकर सवाल पूछा गया था कि क्यों नहीं आपके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू की जाए. दरअसल देवघर भूमि घोटाले (मुकदमा संख्या आरसी 16/2012) की जांच कर रही सीबीआई ने इन अधिकारियों की संदेहास्पद भूमिका को रेखांकित करते हुए राज्य सरकार से इनके विरुद्ध विभागीय कार्यवाही शुरू कर दंडित करने का निर्देश दिया था. तीनों ही अफसर देवघर के डीसी रहे चुके हैं.

**अपराधी बेखौफ :** एक माह में 539 आपराधिक वारदातें पुलिस-प्रशासन के सामने चुनौती खड़ी कर रहे अपराधी

# आचार संहिता लागू होने के बाद झारखंड में आपराधिक घटनाएं बढ़ीं

सौरभ सिंह।रांची

मार्च 2024 में लोकसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही आदर्श आचार संहिता लागू होने के बाद पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है. नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के साथ अपराधियों पर नकेल कसने के लिए लगातार वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है. संदिग्धों की गिरफ्तारी भी हो रही है. पुलिस के लागातार जांच अभियान चलाने के बावजूद आचार संहिता लागू होने के बाद से राज्य में आपराधिक घटनाओं में कोई कमी नहीं आयी है, बल्कि अपराध और बढ़े ही हैं. आचार संहिता लागू होने के एक महीने पहले हत्या, लूट, दुष्कर्म, चोरी, डकैती समेत अन्य 4826 आपराधिक घटनाएं हुई थीं. वहीं, आचार संहिता लागू होने के बाद आपराधिक घटनाएं की संख्या बढ़ कर 5365 हो गई. यानी एक माह में ही 539 आपराधिक वारदातें हुई हैं. पुलिस प्रशासन चुनाव शांतिपूर्व संपन्न कराने में जुटा है, जबकि अपराधी बेखौफ होकर आपराधिक वारदातों को अंजाम देकर पुलिस प्रशासन के सामने चुनौती खड़ी कर रहे हैं.

**अपराध / कथा**

### झारखंड पुलिस की कार्रवाई : एक माह में 2374 अभियुक्त गिरफ्तार

रांची, देवघर, गिरिडीह व जमशेदपुर पुलिस ने की सबसे ज्यादा गिरफ्तारी

रांची। झारखंड पुलिस ने बीते एक माह में 2374 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है. राज्य भर में रांची, देवघर, गिरिडीह व जमशेदपुर जिले में सबसे अधिक गिरफ्तारियां हुई हैं. रांची में सबसे अधिक 285, देवघर में 235, गिरिडीह में 189 व जमशेदपुर में 174 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया है. इसके अलावा राज्यभर में 75 हथियार व 170 राउंड कारतूस भी बरामद किये हैं.

### आपराधिक घटनाएं (आचार संहिता लागू होने के पहले और बाद में)

| जिला | पहले | बाद में |
|---|---|---|
| गिरिडीह | 320 | 326 |
| धनबाद | 468 | 435 |
| बोकारो | 324 | 388 |
| दुमका | 113 | 110 |
| गोड्डा | 165 | 155 |
| रांची | 750 | 844 |
| जामताड़ा | 83 | 90 |
| देवघर | 286 | 329 |
| साहिबगंज | 140 | 135 |
| पाकुड़ | 75 | 94 |
| रेल धनबाद | 56 | 52 |
| रेल जमशेदपुर | 23 | 26 |
| चतरा | 186 | 205 |
| कोडरमा | 101 | 122 |
| रामगढ़ | 110 | 138 |
| खूंटी | 60 | 71 |
| गुमला | 108 | 108 |
| सिमडेगा | 45 | 54 |
| लोहरदगा | 65 | 69 |
| चाईबासा | 103 | 107 |
| सराइकेला | 115 | 139 |
| जमशेदपुर | 337 | 402 |
| पलामू | 203 | 302 |
| लातेहार | 78 | 90 |
| गढ़वा | 167 | 246 |
| हजारीबाग | 345 | 331 |
| कुल | 4826 | 5365 |

### किस जिले में कितने अभियुक्तों को किया गया है गिरफ्तार

| जिला | गिरफ्तारी |
|---|---|
| रांची | 285 |
| देवघर | 235 |
| गिरिडीह | 189 |
| जमशेदपुर | 174 |
| पलामू | 164 |
| हजारीबाग | 146 |
| धनबाद | 130 |
| गढ़वा | 123 |
| चतरा | 108 |
| लातेहार | 81 |
| साहेबगंज | 74 |
| बोकारो | 73 |
| गुमला | 64 |
| कोडरमा | 63 |
| गोड्डा | 60 |
| रामगढ़ | 59 |
| जामताड़ा | 59 |
| चाईबासा | 54 |
| सरायकेला | 53 |
| खूंटी | 50 |
| लोहरदगा | 32 |
| पाकुड़ | 28 |
| सिमडेगा | 28 |
| दुमका | 20 |
| रेल धनबाद | 13 |
| रेल जमशेदपुर | 09 |
| कुल | 2374 |

**शिकायत दर्ज** गोड्डा लोस सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव व दिलीप यादव दोनों भाई हैं

# प्रदीप व दिलीप के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

संवाददाता।रांची

भाजपा ने चुनाव आयोग से गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव और उनके भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव की शिकायत की है. विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में बुधवार को भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग में सौंपे गये शिकायत पत्र में बताया है कि दुमका जिला के सरैयाहाट थाना के जोकेला गांव में नीलकंठ यादव नामक व्यक्ति की हत्या हो गयी थी और तब प्रदीप यादव के भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव उस गांव में नीलकंठ यादव के घर पहुंच गए और बताया कि वे



ही इस हत्याकांड की जांच कर रहे हैं. प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि आखिर दिलीप यादव किसके कहने पर नीलकंठ यादव के घर गए थे. 2005 से ही येन केन प्रकारेण दिलीप यादव का हमेशा चुनाव के समय ही गोड्डा तबादला कर दिया जाता है. इसकी भी जांच होनी चाहिए

### दिलीप यादव का तबादला सीआईडी में किसने कराया?

भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है कि गोड्डा से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव, उनके भाई इंस्पेक्टर दिलीप यादव और इस पूरे प्रकरण में कौन-कौन शामिल हैं, उन सबकी जांच हो. दिलीप यादव के खिलाफ पूर्व में भी भाजपा ने शिकायत दर्ज कराई थी, तब दिलीप यादव का तबादला हुआ था. पर तबादला कोई कार्रवाई नहीं होता, उनके निलंबन की मांग की गयी है. भाजपा प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि अभी दिलीप यादव देवघर एम्स में भर्ती होने का उपाय कर रहे हैं, ताकि फिर गोड्डा क्षेत्र में जाकर मतदान प्रभावित कर सकें. प्रतिनिधिमंडल में ज्योति आनंद, बिपिन, अनुराधा मोदी शामिल थे.

राज्यभर की खबरों के लिए स्कैन करें

# शुभम संदेश

एक राज्य - एक अखबार



www.lagatar.in

धनबाद, गुरुवार 23 मई 2024 ● बैशाख पूर्णिमा संवत 2081 ● पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹ ● वर्ष : 2, अंक : 44

आमंत्रण मूल्य : ₹ 3 मात्र

## ब्रीफ खबरें

### हुक्का बार में पुलिस का छापा, चार धराए

धनबाद : धनबाद थाना क्षेत्र के स्टेटहाइवे आठ लेन में एक रेस्टोरेंट में हुक्का पिलाने की खबर पाकर पुलिस की स्पेशल आपरेशन ग्रुप ने मंगलवार की देर रात उक्त होटल में छापेमारी की थी. छानबीन के क्रम में हुक्का पिलाने की बात उजागर हो गई.तब पुलिस ने वहां से चार लोगों को पकड़ थाने ले आई. चारों से पूछताछ की गई, इसके बाद मामले की खबर ड्रग इंस्पेक्टर, फूड सेफ्टी आफिसर व संबंधित संस्थाओं को दी गई. थाना प्रभारी प्रमोद पांडेय ने बताया कि उक्त मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की गई.

### सुदेश महतो का कतरास में रोड शो

कतरास। बुधवार को गिरिडीह लोकसभा एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में आजसू पार्टी सुप्रीमो सुदेश महतो ने कतरास में रोड शो कर एनडीए के पक्ष में मतदान करने का आग्रह जनता से किया. भीड़ काफी कम रहने के कारण इलाके में चर्चा का विषय बना रहा. कतरास बाज़ार में भीड़ होने के कारण कुछ समय के लिए जाम की स्थिति बनी रही.

### मेडिकल कॉलेज में पीजी की पढ़ाई शुरू

धनबाद। शहीद निर्मल महतो मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल को 10 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद आखिरकार पोस्ट ग्रेजुएट पाठ्यक्रम चलाने की मान्यता मिल गई. नेशनल मेडिकल कमिशन ने कॉलेज प्रबंधन को मेडिसिन विभाग के लिए 6 सीटों पर पीजी पढ़ाई की अनुमति दी है.

**धमकी :** अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विद्यासागर गिरि की शिकायत

# भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू के खिलाफ एक और मुकदमा

**खास बातें**

- बोकारो के थाने में दी गई थी ऑनलाइन शिकायत
- प्रत्याशी के निजी मोबाइल से धमकी देने का आरोप



संवाददाता। धनबाद

भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के खिलाफ नया मुकदमा कायम हुआ है. ये मुकदमा बोकारो में एटक के नेता ने दर्ज कराया है. मुकदमे में विधायक ढुल्लू महतो के खिलाफ धमकी देने का आरोप है. पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है. एटक नेता ने मामले की शिकायत झारखंड के वरीय पुलिस अधिकारियों से भी कर जान माल की रक्षा की गुहार लगाई है. बोकारो स्टील सिटी, सेक्टर 12 ए क्वार्टर नंबर 1517 निवासी विद्यासागर गिरि ने पुलिस को दी गई शिकायत में बताया है कि वे वर्तमान में एटक भवन, 35-36 डीडीयू भार्ग नई दिल्ली से कार्यरत हैं. वर्तमान में अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस (एटक) का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, ऑल इंडिया स्टील वर्कर्स फेडरेशन, झारखंड राज्य कमेटी एटक एवं बोकारो इस्पात कामगार यूनियन का उपाध्यक्ष और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का राष्ट्रीय परिषद सदस्य हूं. वर्तमान संसदीय चुनाव में एटक और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा घोषित इंडिया गठबंधन के पक्ष में चुनाव अभियान के लिए गए फैसला के आलोक में वे बोकारो-धनबाद के साथियों को भी निर्देशित करते रहे हैं. चुनाव अभियान में दिनांक 21 मई 2024 को उन्होंने एक प्रेस बयान भी जारी किया था और इसके एक दिन पूर्व 20 मई को बोकारो नगर भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और हमारी एटक यूनियन की बैठक के फैसले की रिपोर्टिंग अखबारों में छपी थी.

**ढुल्लू के मोबाइल से मिली थी धमकी**

दिनांक 22/5/2024 को सुबह 7 .05 बजे धनबाद जिला के बाघमारा क्षेत्र के विधायक एवं धनबाद संसदीय क्षेत्र से भाजपा के प्रत्याशी ढुल्लू महतो का कॉल उनके फोन नंबर 92797 02831 से उनके फोन नंबर 7903 225528 पर आया . उन्होंने धमकी देना शुरू किया कि उनके खिलाफ चुनाव अभियान क्यों चला रहा है . तब उन्होंने कहा कि वे किसी व्यक्ति के खिलाफ नहीं, बल्कि संगठन के फैसले के अनुसार भारतीय जनता पार्टी के विरुद्ध इंडिया गठबंधन के पक्ष में बयान दे रहे हैं . अपने संगठन के बीच इंडिया गठबंधन के पक्ष में अभियान चलाने का संदेश दे रहे हैं, जो उनका अधिकार है . इस पर उन्होंने धमकी भरे ढंग से बात करनी शुरू कर दी और कहा कि चुनाव के बाद हम देख लेंगे . लगभग 20-22 मिनट की वार्ता में उन्होंने धमकी भरे अंदाज में डराने का प्रयास किया . इस घटना से परिवार में दहशत है, क्योंकि ढुल्लू महतो के आपराधिक छवि को देखते हुए परिवार आतंकित है . इस आवेदन को ऑन लाइन भेजकर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की गई थी .

# कोयला हमारा, जमीन हमारी और राज उनका : जयराम



बलियापुर में रोड शो करते जयराम महतो

संवाददाता। बलियापुर

जेबीकेएसएस प्रत्याशी इखलाक अंसारी के पक्ष में बुधवार को खतियानी नेता जयराम महतो ने बलियापुर में रोड शो किया. उन्होंने कांग्रेस व भाजपा प्रत्याशी की जमकर आलोचना की. कहा कि कोयला का खेला है, जबकि हमारी ही जमीन में कोयला रहने के बावजूद यहां के लोगों को हक अधिकार नहीं मिल रहा है. हक अधिकार के लिए इखलाक अंसारी को भारी मतों से विजय बनाने का आह्वान किया. मौके पर प्रत्याशी इखलाक अंसारी, रिजवान अंसारी, कुश महतो, राहुल रवानी, रूपक कुमार, शुशील महतो, शक्ति महतो, सीडी रवानी, नेता महतो, भक्तु महतो, अशोक महतो, आकाश महतो, अमरजीत महतो, मोतीलाल महतो, धनंजय महतो, साहेबराम महतो, रतनजय कुंभकार आदि मौजूद थे.

# वैवाहिक जीवन से परेशान नेहा ने की थी खुदकशी

संवाददाता ।कतरास

**खास बातें**

- अपार्टमेंट से कूद कर जान देने वाली की शिनाख्त
- झरिया निवासी गोपाल तुलस्यान की पुत्री थी नेहा

धनबाद : बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के धोबाटांड़ अंबे विला अपार्टमेंट से कूद कर जान देने वाली महिला की शिनाख्त हो गई है. वो झरिया की रहने वाले गोपाल तुलस्यान की बेटी नेहा थी. उसके घर वालों ने पुलिस को बताया कि वह पिछले पांच-छह सालों से परेशान थी.

घर वालों के मुताबिक उसकी शादी उडीसा में हुई थी1 शादी के बाद से ही दोनों परिवारों में अनबन हो गई और मुकदमेबाजी भी चलने लगी. इसी कारण नेहा मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी. मंगलवार को घर से निकली थी और घर वालों को उसने कहा था कि वह बिस्किट लाने जा रही है. इसके बाद काफी देर तक नहीं लौटी तो घर वालों ने उसकी खोजबीन शुरू की. तब पता चला कि बैंकमोड़ में खुदकुशी की वारदात हुई है. पता करने पर मृतका नेहा निकली. शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन साथ ले गए.

जेएमएम प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में मुख्यमंत्री ने चुनावी सभा को किया संबोधित

# झारखंड में भाजपा का खाता खुलना भी मुश्किल : चंपाई

- काला धन के नाम पर भाजपा ने देश को लूटने का काम किया है
- केंद्र की मोदी सरकार को गद्दी से उतारने का मन राज्य की जनता बना चुकी है



संवाददाता ।कतरास

बुधवार को राजद के प्रखंड अध्यक्ष रोहित यादव के नेतृत्व में सोनारडीह निमतल्ला में इंडिया गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के पक्ष में चुनावी सभा का आयोजन किया गया. कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने कहा कि जनसैलाब ही बता रहा है कि गिरिडीह में महागठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो को विजय होने से कोई नहीं रोक सकता है. झारखंड में भाजपा का खाता खुलना भी मुश्किल है. पांच वर्षों में जनता को एक बार सरकार बनाने का मौका मिलता है. अब जनता ने केंद्र की मोदी सरकार को गद्दी से उतारने का मन बना लिया है. केंद्र सरकार पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि जब देश 60 रुपये पेट्रोल और 400 रुपए में गैस सिलेंडर मिल रहा था, तो उस समय भाजपा के लोग महंगाई को लेकर सड़कों पर उतरकर हाय तौबा मचाते थे. अभी देश में इतनी महंगाई होने के बावजूद भी प्रधानमंत्री को नहीं दिख रही है. महंगाई व बेरोजगारी पर उनके मुंह से एक शब्द नहीं निकलता है. काला धन के नाम पर देश को भाजपा ने लूटने का काम किया है. कोयलांचल के कोयले पर तानाशाही सरकार की कुदृष्टि है. लोगो की जमीन पर उनकी नजर है. बड़े-बड़े चुनावी वादे कर सत्ता हासिल करनेवाले देश के प्रधानमंत्री का सारा वादा जुमला साबित हुआ. भाजपा मुद्दा विहीन पार्टी है. अब देश में इंडिया गठबंधन की लहर दौड़ पड़ी है.

### केला हो गया अकेला, सिलेंडर का गैस लीक : सत्यानंद

मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि तीन चरण के मतदान में अबतक जनता ने गठबंधन के पक्ष में ही मतदान किया हैं . अब जनता झारखंड में 14 लोकसभा सीटों को गठबंधन के झोली में डालने को तैयार हैं . गिरिडीह में केला अकेला पड़ चुका है और गैस सिलेंडर का गैस लीक कर चुका है . जनता ने मन बना लिया है कि बहुत हुआ महंगाई की मार अबकी बार गिरिडीह में मथुरा प्रसाद महतो पांच लाख से पार .

### राम के नाम पर चुनाव लड़ रही है भाजपा : जलेश्वर महतो

कांग्रेस के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष सह पूर्व मंत्री जलेश्वर महतो ने कहा कि मंहगाई, बेरोजगारी व भ्रष्टाचार के खिलाफ इंडिया गठबंधन चुनावी मैदान में हैं . मंहगाई व बेरोजगारी से जनता का ध्यान भटकने के लिए भाजपा राम के नाम पर चुनाव लड़ रही है . कांग्रेस ने देश की संपत्ति बनाने का काम किया, लेकिन जुमलेबाज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश की संपत्तियों को पूंजीपतियो के हाथों बेचने का काम किया है . इसलिए जनता महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें .

### हम दबे कुचले वर्गों की बात करने वाले लोग हैं : मथुरा

गठबंधन प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने कहा कि यह लोकसभा विचारधारा की लड़ाई है . हमलोग हमेशा दबे कुचलें लोगों की बात करते हैं . जबकि केंद्र की सरकार पूंजीपतियों की पक्षधर है . इसलिए इस तानाशाही सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए इंडिया गठबंधन के पक्ष में मतदान करें .जनता देश की संविधान की रक्षा के लिए महागठबंधन के पक्ष में मतदान कर रही .

### कार्यकर्ताओं का मनोबल बारिश में भी नहीं हुआ कमजोर

कार्यक्रम स्थल पर लोगों की काफी भीड़ थी . पूरा मैदान गठबंधन समर्थकों से खचाखच भरा पड़ा था . सीएम के आगमन से पूर्व अचानक हल्की गर्जन के साथ तेज बारिश होने लगी . तैनात पुलिसकर्मी इधर-उधर भागने लगे . पंडाल के भीतर पानी टपकने लगा, लेकिन कार्यकर्ताओं का मनोबल कमजोर नहीं हुआ . लोगों की भीड़ जस की तस रही . कार्यक्रम स्थल में पहुंचे लोग सीएम को सुनने तक डटे रहे .

### महागठबंधन सरकार बनी तो आउटसोर्सिंग खत्म कर बेरोजगारों को दी जाएगी नौकरी

मुख्यमंत्री ने कहा कि महागठबंधन की सरकार बनी तो कोयलांचल में आउटसोर्सिंग खत्म कर स्थानीय बेरोजगारों को पेंशन के साथ रोजगार दिया जाएगा . राज्य सरकार की ओर से तीस हजार परिवारों को नि :शुल्क बिजली दी है . गरीब मजदूरों के बच्चों के लिए तीन गुना छात्र छात्रवृत्ति दे रही है . ऐसी कई योजनाएं हैं जो राज्य सरकार ने राज्य और लोगों के विकास के लिए किया है . मंच पर सीएम के साथ-साथ राज्य सभा सांसद सरफराज अहमद, कांग्रेस प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष जलेश्वर महतो, पूर्व प्रमुख मिनाक्षी रानी गुड़ीया, राजेंद्र प्रसाद राजा, कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष अशोक प्रकाश लाल,सोनू शर्मा, आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार महतो, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष अजमूल अंसारी, कंचन महतो, पूर्व मुखिया सुरेश कुमार महतो, पप्पू दुबे व कांग्रेस युवा नेता चंडी ग्याली सहित अन्य मौजूद थे .

# अनुपमा ने किया 30 किलोमीटर का रोड शो

## बोकारो के बालीडीह से चंदनकियारी तक अभियान

संवाददाता। धनबाद

धनबाद लोकसभा के इंडिया गठबंधन से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह ने जनता का समर्थन पाने के लिए बोकारो के बालीडीह से लेकर चंदनकियारी तक करीब 30 किलोमीटर लंबी रोड शो किया. रोड शो के दौरान पड़ने वाले इलाकों के लोगों से मुलाकात कर उनसे कांग्रेस को वोट देने की अपील की. इस रोड शो में विधायक कुमार जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह, कांग्रेस के पूर्व जिला अध्यक्ष मंजूर अंसारी, और बोकारो जिला अध्यक्ष उमेश गुप्ता सहित कई स्थानीय नेता भाग लिए. रोड शो में हजारों की संख्या में युवा और कांग्रेस कार्यकर्ता ने उत्साह से भाग लिया, जिनके हाथ में पार्टी के झंडे थे. इसके परिणामस्वरूप रोड शो के दौरान बालीडीह से लेकर बोकारो तक मुख्य सड़क पर जाम जैसे हालात रहे. कांग्रेस पार्टी के कई नेता और कार्यकर्ताओं ने इस रोड शो को सफल बनाने में खूब सहयोग किया.

झारखंड मुक्ति मोर्चा के मंटू यादव, संतोष रजवार, राकेश कुमार सिंह, प्रभु दयाल सिंह, परवेज अख्तर, उत्तम सिंह, बबलू तिवारी, संत सिंह, अभिषेक सिंह, और अरुण सिंह शामिल थे. कांग्रेस के नेताओं ने कहा कि इस रोड शो न केवल अनुपमा सिंह के पक्ष में माहौल बना दिया है बल्कि जनता के बीच उनके संदेश को पहुंचाने का काम किया है. रोड शो बेहद सफल साबित रहा क्योंकि अनुपमा की साफ सुथरा छवि जनता पसंद कर रही है.



### भूमिहार ब्राह्मण समाज का अनुपमा को समर्थन

धनबाद। झरिया के आरएस पैलेस में भूमिहार ब्राह्मण समाज की हुई बैठक में एक मत से सैकड़ों लोगों ने कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को अपना समर्थन देने की घोषणा की . बैठक की अध्यक्षता करते हुए रामकुमार सिंह चौधरी ने पहले सभी का मत जाना . इसके बाद सभी ने एक स्वर में अनुपमा को समर्थन देने का आशवासन दे दिया . कार्यक्रम का संचालन श्याम किशोर शाही ने किया . कार्यक्रम में सुबोध सिंह, उमाशंकर शाही, प्रशांत शाही, युगल प्रसाद शर्मा, अमित कुमार ओझा, बबलू राय, राजू राय समेत सैकडों लोग शामिल थे .

**सियासत** भाजपा में मचे घमासान के बाद पहली बार जनसंपर्क के लिए निकले धनबाद विधायक राज सिन्हा

# भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में राज का जनसंपर्क

**खास बातें**

- प्रदेश कमिटी ने विधायक को किया था शो-कॉज
- पीएम मोदी को फिर से पीएम बनाने की अपील

संवाददाता। धनबाद

धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पिछले दिनों से मचे घमासान के बाद बुधवार को विधायक राज सिन्हा ने भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो के समर्थन में जनसंपर्क अभियान चलाया. पार्टी के प्रदेश नेतृत्व द्वारा विधायक राज सिंह को 48 घंटे का अल्टीमेटम मिला था, साथ ही शो-कॉज भी किया गया था कि वे चुनाव प्रचार में शामिल क्यों नहीं हो रहे हैं. इसके बाद विधायक राज सिन्हा बुधवार को फिर से मैदान में उतरकर भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट देने के लिए लोगों से जनसंपर्क अभियान कर अपील किए. धनबाद विधायक राज सिन्हा ने लोकसभा चुनाव को लेकर हीरापुर वार्ड संख्या 25 में दुर्गा मंदिर से एतवारी नगर महावीर स्थान शिमलडीह तक जनसम्पर्क किया. लोगों के बीच भाजपा का चुनावी पत्र वितरण कर कहा कि आगामी 25 मई को अपना कीमती मत आशीर्वाद के रूप में नरेंद्र मोदी को देकर एक बार फिर मोदी सरकार बनाएं.



### कांग्रेस नेता संतोष बने राज के पक्षधर

कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि राज सिन्हा ने कोई विवादित बयान नहीं दिया है . विधायक ने साफ छवि वाले को वोट देने की बात कही है . विधायक ने पंडित दीनदयाल के विचारों को रखते हुए कहा था कि अगर पार्टी सही उम्मीदवार का चयन नहीं करती है तो जनता को वोट देने का अधिकार दिया गया है . जनता को मतदान के माध्यम से अपना सही-गलत का फैसला करना चाहिए . विधायक ने अपने बयान में कहीं भी यह नहीं कहा कि कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को वोट देने की जरूरत है . उन्होंने कहा कि जब ढुल्लू महतो ने अपने सांसद, विधायक और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के पति पूर्व विधायक संजीव सिंह पर भी सवाल उठाया था .

### पार्टी का वफादार सिपाही हूं : राज

राज सिन्हा ने कहा कि वे पार्टी के वफादार सिपाही है . उनके खिलाफ गलत फीडबैक दिया गया है . उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के नामांकन सभा में जोर-शोर से ढुल्लू महतो जिंदाबाद का नारा लगाया था . इसके बाद जहां भी किसी भी कार्यक्रम की सूचना मिलती है . किसी भी परिस्थिति में रहने के बावजूद वहां जरूर जाते हैं . पिछले 27 वर्षो से पूरी निष्ठा के साथ पार्टी का सेवा कर रहे है और आगे भी करेंगे .

# मोदी के हाथों में देश सुरक्षित : शिवराज

संवाददाता ।झरिया

**खास बातें**

- एमपी के पूर्व सीएम ने की ढुल्लू के समर्थन में सभा
- कहा, वाजपेयी के सपनों के झारखंड को लूट रहा जेएमएम

लोकसभा के छठे चरण का मतदान 25 मई को होना है. चुनाव प्रचार अब अंतिम चरण में है, सभी पार्टियां जीत के लिए जोर आजमाइश लगा रही हैं. इसी के तहत बुधवार को स्टार प्रचारक मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान डिगवाडीह पंहुचे. जहां भाजपा के धनबाद लोकसभा सीट के प्रत्याशी ढुल्लू महतो के पक्ष में वोट देने की अपील की. डिगवाडीह स्थित राम मंदिर परिसर मैदान सभा स्थल में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मोदी सरकार में सबका विकास हुआ है, महिला को सम्मान मिला है. मध्य प्रदेश की जनता उन्हें मामा कहकर पुकारते हैं. हमने लाडली योजना के तहत बेटियों के खाते में पैसे दिए हैं. शिवराज ने कहा कि एनडीए 400 पार सीट लाकर तीसरी बार मोदी जी प्रधानमंत्री बनेंगे. भारत एक बार फिर विश्व गुरु बनेगा. इंडी गठबंधन को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि सभी नेता अपने आप को प्रधानमंत्री मान रहे हैं. साथ ही कहा कि जिस सोच के साथ अटल बिहारी वाजपेई ने झारखंड को अलग राज्य बनाया था, उस झारखंड को कांग्रेस,राजद, जेएमएम लूटने में लगी है. राज्य में भ्रष्टाचार चरम पर है.

# मासस प्रत्याशी के समर्थन में अरूप ने चलाया अभियान



संवाददाता । निरसा

मासस के धनबाद लोकसभा प्रत्याशी जगदीश रवानी की जीत सुनिश्चित करने के लिए करने के लिए बुधवार को पूर्व विधायक अरूप चटर्जी के साथ सैकड़ों महिला और पुरुष कार्यकर्ताओं ने कलियासोल प्रखंड क्षेत्र के आंखद्वारा, वृंदावनपुर टोला, बेंक मोड़ टोला, मध्य टोला, कुंभकार टोला, कर्मकार टोला व चिरुडीह आदि गांव में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान अरूप चटर्जी ने लोगों से चुनाव चिन्ह कैंची छाप पर वोट देकर जगदीश रवानी को विजय बनाने की अपील की. मौके पर षष्ठी सिंह, जितेन दे, बबलू महता, मानीक राय, विजय सिंह, सुधाकर राय, काली रवानी, मागाराम रवानी, हिरालाल रवानी, छोटू अंसारी व आलटू अंसारी सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# शिबू के संघर्ष की बदौलत झारखंड का हुआ निर्माण




**खास बातें**

- दो दर्जन गांवों में किया नुक्कड़ सभा को संबोधित

**टुंडी ।** गिरिडीह लोकसभा इंडिया गंठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के समर्थन में झामुमो के वरिष्ठ नेता रतिलाल टुडू ने पश्चिमी टुंडी के दो दर्जन गांवों में भ्रमण कर नुक्कड़ सभा में बाबूलाल मरांडी व सुदेश महतो के खिलाफ जमकर बरसे. उन्होंने सर्रा गांव में एक नुक्कड़ सभा को संबोधित करते हुए कहा की झामुमो का राजनीतिक इतिहास रहा है कि हमेशा गांव के गरीब असहाय लोगों के उत्थान के लिए काम कर रही है। टुंडी में आयोजित मंगलवार की भाजपा आजसू पार्टी की सभा में दिशोम गुरु शिबू सोरेन व कल्पना सोरेन के उपर लगाए जा रहे आरोप को श्री टुडू ने बेबुनियाद बताया। उन्होंने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन के संघर्ष की बदौलत अलग झारखंड का निर्माण हुआ. जब पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन सत्ता में रहते गरीबों का उत्थान के लिए ऐतिहासिक काम करने लगे तो भाजपा ने एक षड्यंत्र कर उन्हें जेल भिजवा दिया.

**चुनावी समर 2024**

# रेलवे नगर आद्रा में तृणमूल कांग्रेस ने निकाला जुलूस



**पुरुलिया :** रेलवे नगर आद्रा में पुरुलिया लोकसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी शांतिराम महतो के समर्थन में तृणमूल कांग्रेस ने भव्य जुलूस व रोड सभा का आयोजन किया. चुनाव प्रचार जुलूस में तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकर्ता-समर्थक शामिल हुए. कार्यक्रम में तृणमूल कांग्रेस के राज्य सचिव स्वपन कुमार बेलथरिया, पुरुलिया जिला तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सौमेन बेलथरिया, पुरुलिया जिला तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ उपाध्यक्ष जॉय बनर्जी, आद्रा शहर के तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष राजा चौबे, महासचिव गोपीचंद मुखी, रघुनाथपुर पंचायत समिति नंबर 1 के नेता अखिलेश कुमार यादव, काशीपुर ब्लॉक महासचिव रूपेश राव और अन्य तृणमूल कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे. पूर्व विधायक स्वपन कुमार बेलथरिया ने कहा कि आज आद्रा शहर में चुनाव प्रचार अभियान चलाया गया. उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस हमेशा लोगों के साथ है, इसलिए आपमें से कोई भी गलती से भी बीजेपी को वोट न दें. उन्होंने तृणमूल प्रत्याशी शांति राम महतो को वोट देकर दीदी का हाथ मजबूत करने की अपील की.

# पुन: सरकार बनने से विकास की गति होगी तेज : चंद्रप्रकाश



**महुदा।** गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र से एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी ने बुधवार को लौहपट्टी चौक से लेकर महुदा क्षेत्र के विभिन्न गांवों का दौरा करते हुए कपुरिया मोड तक समर्थकों के साथ बाइक जुलूस निकाला. इस दौरान जगह-जगह नुक्कड़ सभा को संबोधित किया. बाइक रैली के दौरान तेलमच्चो बाजार पहुंचने पर बाघमारा विधायक प्रतिनिधि सह भाजपा नेता शिबू महतो के नेतृत्व में दर्जनों ग्रामीणों ने एनडीए प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी का भव्य स्वागत किया गया. तेलमच्चो पंचायत के मुखिया मीरा कुमारी ने सीपी चौधरी को गुलदस्ता देखकर स्वागत किया. श्री चौधरी ने समृद्ध भारत निर्माण के लिए उन्हें केला छाप पर वोट देने की अपील की. उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों से जिस तरह देश का विकास हो रहा है.

## ब्रीफ खबरें

### 7 सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधन से वार्ता

**पुरुलिया :** साँतुड़ी थाना के पोड़ाडीहा स्थित एसपीएस स्टील रोलिंग मिल यूनिट टू में बुधवार को आसपास के ग्रामीण युवकों द्वारा गतिरोध उत्पन्न किया गया. हालांकि बाद में पोड़ाडीहा आदिवासी कारखाना बचाव कमिटी की ओर से 7 सूत्री मांगों को लेकर प्रबंधन के साथ हुई बैठक के बाद मामला शांत हुआ. बैठक में कालीचरण टुडू, देबू हेम्ब्रम, हरिदास मांडी, निर्मल हेम्ब्रम, गणेश हेम्ब्रम, जिहू हेम्ब्रम, सहित अन्य उपस्थित थे. इस मामले में स्थानीय देबू हेम्ब्रम ने बताया कि आसपास गांव के कुछ दुष्ट युवक अनैतिक रूप से कारखाना गेट जाम किया था.

### नकली पाइप से बढ़ती है हादसे की संभावना

**मैथन:** शिवलीबाड़ी उत्तर पंचायत भवन में बुधवार की सुबह भारत गैस के सौजन्य से सेफ्टी क्लिनिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें मुखिया मलका मेहर निगार मुख्य रूप से उपस्थित थीं. स्थानीय भारत गैस एजेंसी के संचालक मो अफरोज ने बताया गया कि थोड़ी सी लापरवाही के कारण आये दिन गैस से दुर्घटना की सूचना मिलती रहती है. दुर्घटना न हो इसके लिए कर्मियों की ओर से लाइव डेमोस्ट्रेशन करके दिखाया गया. साथ ही कहा गया कि बाजार में नकली पाइप कम दाम में बेचा जा रहा है. जिससे दुर्घटना होने की संभावना काफी बढ़ जाती है. इससे सतर्क रहने की जरूरत है. वहीं मुखिया मलका मेहर निगार ने बताया कि आजकल ज्यादातर गैस का उपयोग हो रहा है.

### वैवाहिक जीवन से परेशान थी नेहा

**धनबाद ।** बैंकमोड़ थाना क्षेत्र के धोबाटांड़ अंबे विला अपार्टमेंट से कूद कर जान देने वाली महिला की शिनाख्त हो गई है. वो झरिया की रहने वाले गोपाल तुलस्यान की बेटी नेहा थी. उसके घर वालों ने पुलिस को बताया कि वह पिछले पांच-छह सालों से परेशान थी. घर वालों के मुताबिक उसकी शादी उडीसा में हुई थी1 शादी के बाद से ही दोनों परिवारों में अनबन हो गई और मुकदमेबाजी भी चलने लगी. इसी कारण नेहा मानसिक रूप से परेशान रहने लगी थी. मंगलवार को घर से निकली थी और घर वालों को उसने कहा था कि वह बिस्किट लाने जा रही है. इसके बाद काफी देर तक नहीं लौटी तो घर वालों ने उसकी खोजबीन शुरू की.

# शांतिपूर्ण मतदान के लिए पुलिस का फ्लैग मार्च

**मैथन :** मैथन पुलिस ने बुधवार को भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण मतदान को लेकर मैथन क्षेत्र के विभिन्न इलाकों में फ्लैग मार्च निकाला . फ्लैग मार्च का नेतृत्व मैथन ओपी प्रभारी आकृष्ट अमन ने किया . उन्होंने बताया कि फ्लैग मार्च का उद्देश्य है कि लोग शांतिपूर्ण एवं भय मुक्त होकर मतदान करें . किसी के डरने की जरूरत नहीं है . फ्लैग मार्च बीएसके कॉलेज मैदान से निकला, जो मेनगेट, आजाद नगर, पोस्ट ऑफिस एरिया, रांची कॉलोनी, कालीपहाड़ी, एरिया 3, 4, 5, 6 आदि क्षेत्रों में भ्रमण करते हुए वापस मैथन थाना लौट गया . फ्लैग मार्च में बड़ी संख्या में पुलिस के जवान शामिल थे .


मैथन


पुटकी



तेतुलमारी

# सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज की 140वीं जयंती मनी

## सिद्ध पीठ संतमत सत्संग आश्रम बराकर नदी तट पर है स्थित

संवाददाता । बराकर



महान संत सद्गुरु महर्षि मेंही परमहंस जी महाराज का 140वीं जयंती बराकर नदी तट स्थित संतमंत सतसंग आश्रम में मनाया गया । 20 वीं सदी के महान संत सद्गुरु महर्षि मेही परमहंस जी महाराज के 140 वीं पावन जयंती समारोह संतमत के सिद्ध पीठ संतमत सत्संग आश्रम जो बराकर नदी तट पर स्थित है । वहां विभिन्न प्रांतो से गुरु भक्तों एवं श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी । हजारों भक्तों ने इस पवित्र कार्यक्रम में सम्मिलित होकर संतो के ज्ञान से लाभान्वित हुए एवं महा भंडारा का आनंद लिया ।इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक आश्रम समिति है । समस्त कार्यक्रम आश्रम के महात्मा स्वामी परेशाननंद जी महाराज के देखरेख में संपन्न हुआ । इस संबंध में बराकर संत मत सत्संग आश्रम के महात्मा स्वामी परेशाननंद जी महाराज ने बताया कि जयंती समारोह के दौरान प्रातः कालीन ध्यान भजन कीर्तन स्तुति प्रार्थना सद ग्रंथ पाठ प्रवचन पुष्पांजलि एवं आरती का आयोजन किया गया । जिसमें काफी संख्या में भक्ति सम्मिलित हुए और सभी इस भक्तिमय अविरल धारा में डुबकी लगाया । कार्यक्रम को सफल बनाने वालों में प्रमोद भालोटिया , गोपी राम भालोटिया वीरेंद्र प्रसाद वर्नवाल अर्जुन लाल वर्नवाल सीताराम वर्नवाल जयप्रकाश केसरी पवन राजनिवाल सहित अन्य भक्तों की सराहनीय भूमिका रही ।

### भाजपा के लोकसभा चुनाव संयोजक ने चलाया जनसंपर्क अभियान

गोविंदपुर । भाजपा के लोकसभा चुनाव संयोजक सत्येंद्र कुमार, ग्रामीण जिला प्रभारी शैलेंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष घनश्याम ग्रोवर व महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष जया कुमार ने बुधवार को गोविंदपुर मास्टर कॉलोनी, खुदिया नदी रोड और त्रिदेव मंदिर रोड में जनसंपर्क अभियान चलाया. भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की. श्री कुमार ने कहा कि नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए धनबाद से भाजपा को रिकार्ड मतों से जीतना होगा. इस मौके पर भाजपा नेता पंकज सिंह, सुशील झा, विष्णु कुमार सिन्हा, अमित ओझा, सुमिता दास, शकुंतला मिश्रा, मोहन कुंभकार, विक्रांत उपाध्याय, राज किशोर महतो, दिनेश मंडल, कीरिटी भूषण रूज आदि शामिल थे.

# धैर्य से करें काम, नहीं रहेगी गलती की गुंजाइश : डीसी

## प्राप्त होनेवाले पॉकेट्स और डॉक्यूमेंट की जानकारी रखें

**खास बातें**

- 25 मई को दोपहर 2 बजे रिसीविंग सेंटर में रिपोर्ट करेंगे कर्मी
- राज समर्थकों ने बाबूलाल को लिया निशाने पर

संवाददाता । धनबाद



धैर्य रखकर और टीम भावना से काम करने से गलती की कोई गुंजाइश नहीं रहेगी. कृषि बाजार समिति के रिसिविंग सेंटर में विधानसभावार ईवीएम रखने के लिए हॉल चिह्नित है. हॉल में बूथ वार ईवीएम रखने के लिए मार्किंग की गई है. रिसीविंग सेंटर में प्रतिनियुक्त कर्मी 25 मई को दोपहर 2:00 बजे रिपोर्टिंग करेंगे. रिसीविंग के दौरान महिला, दिव्यांग एवं पर्दानशीन बूथ को प्राथमिकता देंगे. उपरोक्त बातें जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने न्यू टाउन हॉल में चुनाव सामग्री रिसीव करने के लिए रिसीविंग सेंटर में प्रतिनियुक्त कर्मी व पदाधिकारियों से कही. उन्होंने कहा कि ईवीएम और अन्य चुनावी सामग्री रिसीविंग करते समय किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरतें. निर्वाचन के सभी डॉक्यूमेंट अति महत्वपूर्ण हैं. इसलिए गंभीरता से अपनी ड्यूटी करें. अपने-अपने काउंटर और प्राप्त होनेवाले पॉकेट्स व डॉक्यूमेंट की जानकारी रखें. इस दौरान मुख्य प्रशिक्षक दिलीप कुमार कर्ण ने कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट, वीवीपैट की संख्या, विभिन्न तरह के पेपर सील, फॉर्म 17 ए, प्रीसाइडिंग ऑफिसर डायरी, पुरुष, महिला, थर्ड जेंडर मतदाताओं की सख्या, मतदान शुरू होने के हर 2 घंटे के अंतराल पर रिपोर्टिंग सहित अन्य बिंदुओं की बारीकी से जानकारी दी. मौके पर उपायुक्त माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर हेमा प्रसाद, अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, निदेशक डीआरडीए राजीव रंजन व जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप कुमार शुक्ला के अलावा अन्य पदाधिकारी मौजूद थे.

### 1878 यात्रियों से 9 लाख 98 हजार वसूले

**धनबाद।** धनबाद रेल मंडल के ग्रैंडकॉर्ड और सीआईसी सेक्शन में एक दर्जन से अधिक स्टेशनों व ट्रेनों में स्पेशल टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. रेलवे अधिकारी के अनुसार धनबाद समेत गोमो, कोडरमा, डाल्टनगंज, चोपन, बरकाकाना व सिंगरौली आदि स्टेशनों और ट्रेनों में गहन टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. अभियान के दौरान 1878 यात्रियों को पकड़ा गया. जिनसे 09 लाख 98 हजार 55 रुपये जर्माना वसूले गए. यात्रियों में बिना टिकट यात्रा करनेवाले, बिना उचित प्राधिकार और बिना बुक किए गए सामान के साथ सफर करनेवाले शामिल थे. चेकिंग अभियान में 170 टिकट चेकिंग कर्मियों को लगाया गया था. मंडल रेल प्रबंधक केके सिन्हा के निर्देश पर टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया. इस अभियान का उद्देश्य बिना टिकट यात्रा करनेवाले यात्रियों पर अंकुश लगाना है. ताकि वे अगली बार टिकट लेकर यात्रा करें.

**इंसाफ**



# दहेज हत्या में पति फरार ससुर को 10 वर्ष कैद

## पीड़िता के पिता सीताराम यादव की शिकायत पर दर्ज किया गया था मामला

**खास बातें**

- सुगंति देवी की शादी वर्ष 2008 में आदित्य के साथ हुई थी
- 6 माह बाद रुपए मांग कर प्रताड़ित करना शुरू कर दिया

संवाददाता । धनबाद

**धनबाद :** दहेज के लिए पत्नी को जलाकर उसके शव को बोरा मे भरकर गड्ढे मे फेंक देने के एक मामले में धनबाद के जिला एवं सत्र न्यायाधीश कुलदीप मान ने आरोपी बक्सर निवासी शिवशंकर यादव (ससुर) को दस वर्ष कैद एवं तीन हजार रुपए जुर्माना से दंडित किया है. प्राथमिकी पीड़िता के पिता मुगमा निवासी सीताराम यादव के शिकायत पर दर्ज की गई थी. प्राथमिकी के मुताबिक मृतका सुगंति देवी की शादी वर्ष 2008 में आदित्य यादव के साथ हुई थी. शादी के बाद 6 माह तक मृतक अपने घर में ठीक से रह पाई उसके बाद उसके ससुरालवालों ने एक मोटरसाइकिल व एक लाख रुपए दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करना शुरू कर दिया. पीड़िता ने इसकी शिकायत अपने पिता को फोन कर 29 मार्च 14 को की थी.आरोप था कि 4 अप्रैल 2014 को सुगंति के पिता उसके ससुराल मुगमा आए तो ससुराल का दरवाजा बंद पाया ससुराल के सभी लोग फरार थे. इसकी सूचना थाने को दी. 31 मार्च 14 को पुलिस ने एक महिला का बोरे मे भरा हुआ जला हुआ शव सतकिरा पुल के पास एक गड्ढे से बरामद किया गया था. इसकी पहचान सूचक ने अपनी पुत्री सुगंति देवी के रूप में की.अनुसंधान के बाद पुलिस ने मृतका के पति आदित्य यादव, ससुर शिवशंकर यादव समेत अन्य के विरुद्ध 28 जून 19 को आरोप पत्र दायर किया था.

### हथियार रखने में औरंगजेब दोषी करार

**धनबाद :** अवैध हथियार के साथ धराए गैंग्स ऑफ वासेपुर के सदस्य मोहम्मद औरंगजेब को जिला एवं सत्र न्यायाधीश-16 दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने दोषी करार दिया है . अदालत ने सजा के बिंदु पर सुनवाई के लिए 28 मई की तारीख निर्धारित की है . आरोपी औरंगजेब इस मामले में विगत कई वर्षों से जेल में बंद है . बैंक मोड पुलिस ने 27 अगस्त 2018 को औरंगजेब के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की थी .आरोप था कि 27 अगस्त 2018 को पुलिस को सूचना मिली कि गोंदूडीह थाना क्षेत्र के हत्या के एक मामले में प्रयुक्त हथियार वह अपने घर में छिपा कर रखा है . सूचना के आधार पर पुलिस ने उसके घर पर छापा मारकर अवैध हथियार बरामद किया था .

# प्रतियोगिता में 55 बच्चों ने दिखाया प्रतिभा का जौहर

## चित्रांकन और स्लोगन प्रतियोगिता आयोजित



संवाददाता । मैथन

डीवीसी मैथन परियोजना में बुधवार को स्वच्छता पखवाड़ा के तहत डीवीसी वेलफेयर सेंटर में स्कूली बच्चों के लिए चित्रांकन और स्लोगन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया. चित्रांकन और स्लोगन का विषय स्वच्छता रखा गया था. कार्यक्रम में विभिन्न स्कूलों के करीब 55 बच्चों ने अपने प्रतिभा का जौहर दिखाया. प्रतियोगिता में विजयी बच्चों को स्वच्छता पखवाड़ा के समापन समारोह में पुरस्कार देकर सम्मानित किया जाएगा.
कार्यक्रम में डीवीसी के वरीय महाप्रबंधक (मानव संसाधन) संजय श्रीवास्तव, वरिष्ठ प्रबंधक बीसी कुजूर, प्रबंधक पार्थसारथी मुखर्जी और केंद्रीय जल आयोग के निदेशक शशि राकेश उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन व समन्वय हिंदी अधिकारी अरविंद कुमार सिंह ने किया. तारकेश्वर प्रसाद जैसवारा और अनुपम साहा का कार्यक्रम में सक्रिय योगदान रहा.

## नुक्कड़ नाटक के जरिए नशे के खिलाफ अभियान

# नशे के शिकार बच्चों को मुख्य धारा में लाना उद्देश्य : न्यायाधीश

संवाददाता । धनबाद



धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे वात्सल्य योजना के तहत बुधवार को को धनबाद रेलवे स्टेशन परिसर व रणधीर वर्मा चौक पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर समाज में संदेश देने का काम किया गया. इस मौके पर अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार राकेश रोशन ने कहा कि झालसा के निर्देश पर नशाखोरी में लिप्त बच्चों को रेस्क्यू कर डॉक्टर की सहायता से उनकी नशे की लत को छुड़ाकर उनके उज्जवल एवं बेहतर भविष्य सुनिश्चित करने की पहल हुई है. प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार राम शर्मा के निर्देश पर वात्सल्य परियोजना पूरे जिले में चलाई जा रही है. इसी कड़ी में बुधवार को दो जगह पर नुक्कड़ नाटक का आयोजन कर समाज में संदेश देने का काम किया गया. इसके पूर्व स्टेशन परिसर से दो बच्चों को रेस्क्यू कर उनका उचित इलाज और उनके शिक्षा का प्रबंध किया गया है. नशे से के शिकार 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को जागरूक बनाकर उन्हें मुख्य धारा में लाना योजना का मुख उद्देश्य है. इसके तहत डालसा लगातार सीडब्ल्यूसी ,चाइल्ड हेल्पलाइन के सहयोग से कम कर रही है. न्यायाधीश ने सीडब्ल्यूसी को निर्देश दिया कि नशे के शिकार बच्चों को मुख्य धारा में लाने के लिए उनकी पढ़ाई लिखाई और उचित देखभाल के लिए तुरंत प्रबंध करने का काम करे. इस मौके पर परियोजना के सदस्य , सीडब्ल्यूसी अध्यक्ष उत्तम मुखर्जी, डीसीपीओ साधना कुमारी, एनजीओ के सदस्य , महेश्वर रवानी, पीएलवी चंदन कुमार , अजीत कुमार दास ।सीडब्ल्यूसी सदस्य ममता अरोड़ा, झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट की सीता कुमारी, अशरफ आलम, झारखंडी लोक सेवा संस्थान के राजकुमार रविदास ,उत्तम कुमार दास ,गौतम कुमार दास डेविड कुमार ,मधु कुमारी, रिकी , प्रिया कुमारी ,करण कुमार जगदीश महतो समेत दर्जनों को उपस्थित थे

# मजदूरों की हड़ताल समाप्त

## दूसरे दिन समझौते के बाद काम पर लौटे

संवाददाता । बराकर



नियामतपुर में मोटीया मजदूरों की हड़ताल समाप्त हो गई. दूसरे दिन बुधवार को समझौता के बाद इलाके के सभी मजदूर काम पर लौट गए. जानकारी के अनुसार मंगलवार को व्यवसायी संदीप डोकानिया ने दुर्व्यवहार कर चार मजदूरों को काम से निकाला तो बाजार के सैकड़ों मजदूर हड़ताल पर चले गए थे. मजदूर सीटू समर्थक हैं. नियामतपुर चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के सदस्य संदीप डोकनिया और मोटिया मजदूरों के बीच विवाद चल रहा था. सीटू मोटीया मजदूर यूनियन की ओर से बताया गया कि चार मोटीया मजदूर संदीप डोकनिया के गोदाम में अनलोडिंग कर रहे थे. तभी चार मजदूरों को संदीप डोकानिया ने कहा कि कहीं और जाकर काम करो. सभी के साथ दुर्व्यवहार कर निकाल दिया गया. जब इसकी जानकारी अन्य मजदूरों को मिली तो सभी हड़ताल पर चले.

### दो दिनों तक ठप रहा बाजार का कारोबार

जिससे बाजार का कारोबार ठप हो गया, किसी भी ट्रक में लोडिंग और अनलोडिंग का काम रूक गया . चार मजदूरों को काली सूची में डाल दिया गया . वहीं चेंबर का कहना है कि मजदूरों को काली सूची में नहीं डाला गया है . मजदूरों के पक्ष में नेताओं व व्यवसायियों के बीच समझौता होने के बाद हड़ताल समाप्त हो गया . मोटीया मजदूर यूनियन के सचिव दर्शन दयाल यादव ने बताया की बुधवार को स्थानीय पुलिस प्रशासन और राजनीतिक नेताओं व श्रमिक नेताओं के बीच समझौता को लेकर बातचीत हुई है .

▼ **ब्रीफ खबरें**

### एसपी ने चार आवासीय केंद्रों का किया निरीक्षण

**साहिबगंज।** बुधवार को उधवा प्रखंड राजमहल लोकसभा चुनाव के लिए जवानों के ठहराव हेतु चार आवासीय केन्द्रों का पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने बुधवार को औचक निरीक्षण किया. मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक ने राधानगर थाना क्षेत्र के प्लस टू उच्च विद्यालय उधवा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय गड़ल्ली, उच्च विद्यालय राधानगर व उच्च विद्यालय श्रीधर में पुलिस प्रशासन के साथ पहुंचकर मुलभूत सुविधाओं के बारे विस्तृत जानकारी लिया. पुलिस अधीक्षक ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की. इन चार आवासीय केन्द्र पर जवानों के ठहराव हेतु सुविधा के लिए पेयजल, शौचालय, बिजली समेत यातायात के बारे जानकारी लिया.

### विदेशी शराब बरामद एक गिरफ्तार

**देवघर।** मधुपुर उत्पाद विभाग ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने को लेकर लगातार छापामारी कर रही है, जिसके तहत पथरौल थाना क्षेत्र एवं मधुपुर थाना क्षेत्र से काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब बियर के साथ दो व्यक्ति को गिरफ्तार किया है. प्राप्त जानकारी के अनुसार पथरौल थाना क्षेत्र के कुर्सी डीह बड़ा बाग में चाऊमीन एवं पास्ता का ठेला का तलाशी लेने पर कपड़ा में छुपा कर गॉडफादर कंपनी का बियर और पोउच दारू बरामद किया गया. वहीं पर गिरफ्तार कारू यादव ने बताया कि धंधा काफी मंदा होने के कारण प्रत्येक दिन थोड़ी बहुत विदेशी शराब बियर का बिक्री कर लेते हैं.

### प्रखंड मुख्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित

**बिरनी।** डीसी नमन प्रियेश लकड़ा के निर्देशानुसार बिरनी प्रखंड सह अंचल कार्यालय में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया. जिसका संचालन अंचलाधिकारी सारांश जैन सह प्रखंड विकाश पदाधिकारी सुनील वर्मा के द्वारा संयुक्त रूप से किया गया. इस बीच रक्तदान शिविर का देख रेख कर रहे प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर सौहेल अख्तर अंसारी एवं गिरिडीह ब्लड बैंक के पदाधिकारियों ने कहा कि जिला रक्त अधिकोष में रक्त की कमी को देखते हुए जिला उपायुक्त ने निर्देश दिया था इसके लिए इस शिविर का आयोजन किया गया. मौके पर दर्जनों प्रखंड कर्मियों एवं समाजसेवियों ने रक्तदान किया, जिससे कुल 35 यूनिट ब्लड का संग्रह किया गया.

### 46 बोतल अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

**गोड्डा।** मोटरसाइकिल के सीट के नीचे छिपाकर की जा रही शराब की तस्करी के मामले में कार्रवाई करते हुए अंग्रेजी शराब से भरी 46 बोतल को जब्त किया गया है. घटना पौडेयाहाट थाना अंतर्गत हंसडीहा बौसी मुख्य मार्ग पर कमराडोल के समीप की है. पुलिस को यह गुप्त सूचना मिली कि दो बाइक पर सवार लोग अवैध रूप से अंग्रेजी शराब की तस्करी कर बिहार की ओर ले जा रहे हैं. इस सूचना के बाद थाना प्रभारी विपिन कुमार यादव ने अविलंब कार्रवाई करते हुए घटनास्थल की ओर पहुंचे. इसी क्रम में ग्राम सिजुवा की और दो अलग-अलग मोटरसाइकिल पर बाइक सवार को जाते देखा गया. पुलिस को देखकर बाइक सवार अपनी गाड़ी को छोड़कर फरार हो गए. दोनों गाड़ी को पुलिस ने तलाशी लिया.

# डीपीएस के अयान को यूपीएससी रक्षा सेवा परीक्षा में देशभर में तीसरा स्थान

- भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की मेरिट लिस्ट में 17वीं रैंक मिली

संवाददाता। बोकारो



दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस) बोकारो के एक और होनहार प्रतिभावान छात्र ने राष्ट्रीय फलक पर अपने विद्यालय, शहर और राज्य का नाम गौरवान्वित किया है. संघ लोकसेवा आयोग (यूपीएससी) की ओर से भारत की तीनों रक्षा सेवाओं में प्रशिक्षणोपरांत अधिकारियों की बहाली के लिए आयोजित संयुक्त रक्षा सेवा (सीडीएस) - 2 की परीक्षा में इस विद्यालय का छात्र रह चुके अयान कुमार डे ने देशभर में तीसरा स्थान प्राप्त किया है. अयान ने भारतीय नौसेना अकादमी (आईएनए) में जहां आल इंडिया रैंक तीन पाई, वहीं भारतीय सैन्य अकादमी (आईएमए) की मेरिट लिस्ट में 17वीं रैंकिंग हासिल की है. हालांकि, उसने सैन्य अकादमी को ही चुना है और लेफ्टिनेंट के रूप में उसकी ज्वाइनिंग के लिए आगामी जुलाई महीने से देहरादून स्थित आईएमए में उसकी ट्रेनिंग शुरू होगी.

इसके पूर्व, ऑफिसर्स ट्रेनिंग एकेडमी (ओटीए), चेन्नई में उसने एनसीसी के आधार पर स्पेशल इंट्री पाई थी. देशभर में उसे 13वां स्थान मिला था और झारखंड से दाखिला पानेवाला वह एकमात्र अभ्यर्थी था. पिछले महीने 1 अप्रैल से ओटीए, चेन्नई में उसकी ट्रेनिंग चल ही रही थी कि इस बीच उसने दो-दो रक्षा सेवाओं में दाखिले के लिए सफलता प्राप्त कर ली. उसकी इस कामयाबी पर डीपीएस बोकारो परिवार में हर्ष का माहौल है.

**खास बातें**

- लेफ्टिनेंट के रूप में होगी ज्वाइनिंग
- चेन्नई में एनसीसी के आधार पर स्पेशल इंट्री पाई थी

### प्रत्यक्ष राष्ट्र-सेवा का अनुपम अवसर गर्व की बात : डॉ. गंगवार

डीपीएस के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने अयान को बधाई देते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है. उन्होंने उसकी सफलता को प्रत्यक्ष राष्ट्र-सेवा का अनुपम अवसर बताया. कहा कि डीपीएस बोकारो अपने विद्यार्थियों को हर वह अवसर और मंच प्रदान करता है, जिससे कि वे अपनी रुचि के अनुसार अपना करियर चुन सकें और भविष्य संवार सकें. यूपीएससी सीडीएस की परीक्षा सितंबर, 2023 में हुई थी और हाल ही में साक्षात्कार के बाद मेरिट लिस्ट जारी की गई है, जिसमें अयान में दोहरी सफलता पाई. अयान की कामयाबी न केवल विद्यालय, बल्कि पूरे बोकारो के लिए गर्व की बात है.

### बचपन से ही सैन्य-सेवा की थी इच्छा : अयान

2 जुलाई, 2001 को जन्मे रामगढ़ निवासी टाटा स्टील (घाटो, वेस्ट बोकारो) के कर्मी संगम कुमार डे और गृहिणी पॉपी डे के पुत्र अयान को बचपन से ही सेना से जुड़कर देशसेवा करने की इच्छा थी. बुधवार को एक खास बातचीत में उसने बताया कि चूंकि उसकी प्रारंभिक स्कूलिंग रामगढ़ स्थित आर्मी पब्लिक स्कूल से हुई और परिवार में रिश्ते के दादा, चाचा व अन्य लोग सेना में थे, इसलिए एक माहौल और रुचि का सिलसिला यहीं से शुरू हो गया था. इसके अलावा, वह अपने एक सहपाठी शुभम झा से भी प्रभावित है. उसके पिता सतीशचंद्र झा कारगिल युद्ध में शामिल रहे हैं. अयान ने कहा कि अन्य सरकारी सेवाओं में भी लोग निश्चय ही देशसेवा ही करते हैं, लेकिन सेना से जुड़कर चौबीसों घंटे, सातों दिन अपनी जान की बाजी लगाकर जी-जान के साथ राष्ट्र-सेवा उसकी ख्वाहिश थी. अब डेढ़ साल के प्रशिक्षण के बाद वह भारतीय सेना में ए ग्रेडिंग के साथ लेफ्टिनेंट के पद पर बहाल हो जाएगा. अयान ने कहा कि डीपीएस बोकारो में बाहरी दुनिया से अवगत होने, एक स्वस्थ प्रतिस्पर्धात्मक वातावरण और स्व-आकलन का जो अवसर मिला और यहां के शिक्षकों ने उसे जो मार्गदर्शन दिया, उसने उसकी सफलता में अहम भूमिका निभाई.

# इंदिरा ने दिया था जल, जंगल जमीन पर अधिकार : प्रियंका

## हमारी सरकार बनी तो महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत नौकरी रिजर्व रहेगी

**खास बातें**

- मनरेगा में राशि की बढ़ोतरी कर गरीबों को हर हाल में सीधा लाभ पहुंचाया जाएगा
- भाजपा नेतृत्व की मंशा संविधान के साथ ही साथ आरक्षण समाप्त करने की

संवाददाता। गोड्डा





**प्रत्येक घर की बड़ी महिला को मिलेगा 8500 रुपये महीना**

झारखंड के आदिवासियों मूलवासियों के लोगों को जल, जंगल और जमीन पर अधिकार देने का काम इंदिरा जी ने किया था. इंदिरा जी के मन में आदिवासियों के प्रति अपार स्नेह था. बचपन में दादी कहानी सुनाती थी कि कैसे आदिवासी जल] जंगल से प्रेम करते हैं और प्रकृति से जुड़कर रहते हैं. बुधवार को कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा स्थानीय मेला मैदान में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के समर्थन में चुनाव प्रचार के दौरान उपस्थित जनता को संबोधित कर रही थी. श्रीमती वाड्रा ने उपस्थित जनता को आदिवासी परंपरा के अनुसार जोहार कहकर संबोधित करते हुए कही कि केंद्र की भाजपा सरकार विपक्ष को दबाने की नीति के तहत यहां के सीएम को फंसाकर जेल भेज दिया. अगर ये भाजपा की शरण में चले जाते तो कुछ नहीं होता मगर झारखंड की जमीन से जुड़े बेटा ने कोई समझौता नहीं किया. प्रियंका ने कांग्रेस सरकार की नीतियों की चर्चा करते हुए कहा कि हमेशा आदिवासियों को बढ़ाने का काम किया है. उन्होंने कहा कि अगर हमारी सरकार सत्ता में आती है तो महिलाओं को सरकारी नौकरी में 50% आरक्षण दिया जाएगा. इसके साथ ही प्रत्येक घर की बड़ी महिला को 8.50 हजार रुपया मासिक दिया जाएगा. इसके अलावा मनरेगा की राशि को दुगुना बढ़ोतरी कर दिया जाएगा ताकि गरीबों को उसका सीधा लाभ मिल सके. इसके साथ ही उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य बीमा योजना की राशि को बढ़ाकर 25 लाख रुपया कर दिया जाएगा ताकि बड़े से बड़े बीमारी का भी इलाज आराम से किया जा सके. उन्होंने कहा कि हमारी सरकार जिन राज्यों में है वहां यह सभी योजना लागू है वहां की जनता को इसका लाभ मिल रहा है. प्रत्याशी प्रदीप यादव को वोट देकर जीताने का अपील करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक करवट हरिद्वार है और बाबा भोलेनाथ का आशीर्वाद इनको प्राप्त है, इसलिए आप सबों का भी आशीर्वाद इन्हें मिलना चाहिए.

### भाजपा की लड़ाई जनता से है : कल्पना सोरेन

इस मौके पर पूर्व सीएम की पत्नी कल्पना सोरेन ने कहा कि भाजपा की लड़ाई जनता से है. जनता बीजेपी से त्रस्त है और इससे मुक्ति पाना चाहती है. ईडी के भरोसे राज करने वाली भाजपा के लिए चंदा वसूलने का काम करती है. भाजपा को चंदा दीजिए सब स्वच्छ हो जायेगा. गठबंधन की सरकार आने पर सभी की जांच की जाएगी. श्रीमती सोरेन ने प्रदीप यादव को जिताने के लिए जनता से हाथ उठवाकर वचन लिया. इस मौके पर सरकार के मंत्री बादल पत्रलेख, विधायक इरफान अंसारी, दीपिका पाण्डेय, झारखंड कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, प्रभारी गुलाम मीर के अलावा गठबंधन दल के अन्य कई नेता उपस्थित थे.

# इंडी प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में करें मतदान : बेबी देवी

- मंत्री बेबी देवी ने डुमरी प्रखंड में चलाया जनसंपर्क अभियान

संवाददाता। डुमरी (गिरिडीह)

झारखंड सरकार की मंत्री बेबी देवी ने डुमरी प्रखंड में जनसंपर्क अभियान चलाया. इस दौरान उन्होंने गिरिडीह लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा महतो के पक्ष में मतदान करने की अपील की . इस दौरान मंत्री बेबी देवी ने कहा कि गिरिडीह लोकसभा सीट से प्रत्याशी और टुंडी के झामुमो विधायक मथुरा महतो सबसे योग्य और अनुभवी उम्मीदवार हैं. इस क्षेत्र की जनता अपना एक-एक वोट उन्हें देकर विजय बनायें. उन्होंने कहा कि इस लोकसभा सीट से कुछ बहरूपिये चुनाव मैदान में हैं. उनसे सावधान रहने की जरूरत है. उन्होंने डुमरी प्रखंड के चेचरिया में लोगों को संबोधित भी किया. मोके पर राजकुमार पांडेय, बरकत अली, राजकुमार महतो सहित कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे.

# मोदी ही देश के सर्वांगीण विकास की गारंटी : लक्ष्मण

- कई गांवों में एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश के समर्थन में चलाया जनसंपर्क

संवाददाता। बोकारो

गिरिडीह लोकसभा के एनडीए समर्थित आजसू पार्टी प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में भाजपा नेता सह पूर्व जिला बीस सूत्री कमिटी के उपाध्यक्ष लक्ष्मण कुमार नायक के नेतृत्व में जनसंपर्क चलाया गया. इस दौरान दांतू, सोनपुरा एवं पोंडा पंचायत के कई गांव में जनसंपर्क कर उन्होंने एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में वोट देने की अपील की. उन्होंने बताया कि केंद्र की मोदी सरकार का जनहित के लिए होना जरूरी है, क्योंकि मोदी की गारंटी ही देश के सर्वांगीण विकास की गारंटी है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के गरीब गुरबों को जो मान सम्मान व हक अधिकार दिया एवं जनहित में जिन कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा, ऐसा काम आज तक किसी पीएम ने नहीं किया. उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने के लिए गिरिडीह के आजसू प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी को केला छाप चुनाव चिन्ह पर बटन दबाकर भारी मतों से जीत दिलाने की अपील की. मौके पर भाजपा नेता सह बेरमो विधानसभा प्रभारी लक्ष्मण कुमार नायक, भाजपा कसमार प्रखंड अध्यक्ष राजेश पांडेय, उपाध्यक्ष भवानी मुखर्जी, महेंद्र सिंह, मुरलीधर नायक, नागेंद्र नायक, ननकू यादव, अजीत दसौंधी, बलदेव रजवार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे.

# एनडीए प्रत्याशी की जीत तय : राय

## भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष ने किया पीरटांड़ का दौरा

संवाददाता। पिरटांड (गिरिडीह)



भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष सह भारत सरकार के हुडको निदेशक डॉ रवीन्द्र कुमार राय बुधवार को पीरटांड़ प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया. इस दौरान उन्होंने एनडीए गठबंधन के प्रत्याशी चंद्र प्रकाश चौधरी के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया. जगह-जगह पर लोगों से मिलते हुए उन्होंने एनडीए प्रत्याशी चंद्रप्रकाश चौधरी के पक्ष में समर्थन देने की अपील की. जनसंपर्क अभियान के दौरान रविंद्र राय ने कहा कि एनडीए प्रत्याशी चन्द्रप्रकाश चौधरी की जीत तय है. इंडिया गठबंधन के नेताओं की करतूत को जनता जान रही है. उन्होंने पालग़ंज, बरदही, भलुआपहरी, बिशनपुर, खेताडाबर, गोंदलीटांड, घोरचांची समेत अन्य गांवों का दौरा किया और लोगों से मिले. इस दौरान उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में हुए विकास से जनता खुश हैं. देश के कोने-कोने तक विकास की किरण पहुंची है. माताओं को धुआं से बचाने के लिए उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया गया. गरीबों को राशन एवं पेंशन मिला, विदेशों में भी भारत का मान समान बढ़ा है. मौके पर विशेष संपर्क अभियान के लोकसभा संयोजक शरत कुमार भक्त, विधानसभा संयोजक श्याम प्रसाद, अजय सिंह, अरविंद वर्णवाल, अरविंद चंद्र राय, फलेंद्र सिंह, मनोज पंडित, बबलु सिंह, संतोष राणा सहित कई लोग शामिल थे.

### बालिका सशक्तिकरण मिशन का उद्घाटन

साहिबगंज। बुधवार को एनटीपीसी फरक्का ने आरएलआई पीटीएस में बालिका सशक्तिकरण मिशन जीईएम-2024 का उद्घाटन समारोह आयोजित किया. यह एनटीपीसी सीएसआर का पहल है, जो 19 मई से 15 जून 2024 तक निर्धारित है, जिसमें पश्चिम बंगाल और झारखंड की 24 स्कूलों का प्रतिनिधित्व करने वाली 120 युवा लड़कियां कार्यक्रम में शामिल होंगी. कार्यशाला का उद्घाटन मुख्य अतिथि रवीन्द्र कुमार, निदेशक (प्रचालन), एनटीपीसी लिमिटेड, सम्मानित अतिथियों, सुदीप नाग, क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (पूर्व-I&II) एनटीपीसी लिमिटेड, अरिंदम सिंहा, कार्यकारी निदेशक (ओएस) और रमाकांत पंडा, परियोजना प्रमुख (फरक्का) की उपस्थिति में किया गया. सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि, एनटीपीसी के निदेशक (प्रचालन) ने बालिका सशक्तिकरण मिशन के उद्देश्य पर जोर दिया, जो 120 लड़कियों के सपनों को प्रोत्साहित और पोषित करना है.

# कोडरमा लोस की जनता का भरपूर आशीर्वाद मिला है: अन्नपूर्णा देवी

## मतदाताओं- कार्यकर्ताओं के प्रति आभार जताया

संवाददाता। जमुआ (गिरिडीह)



मतदाताओं और कार्यकर्ताओं के प्रति आभार. लोकतंत्र के महापर्व में बड़ी लगन और उत्साह से भाग लेने वाले मतदाता लोकतंत्र के आधार स्तम्भ हैं. उक्त बातें कोडरमा की निवर्तमान सांसद एवं केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने बुधवार की शाम जमुआ चौक पर कही. वे गिरिडीह जाने के क्रम में डाक बंगला के गेट पर उज्ज्वल गिफ्ट कार्नर पर कार्यकर्ताओं एवं आम जनों से कह रही थी. कहा कि भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और पीएम नरेंद्र मोदी विश्व के सबसे मजबूत, सबसे लोकप्रिय और शक्तिशाली लीडर हैं. इनकी गारंटी पर देश की जनता को पूरी आस्था है.

कहा कि जहां भी मोदी जी की सभा होती है, अपार भीड़ जुटती है और भीड़ सुनती है समझती है और मोदी जी को बातों पर यकीन कर उन्हीं की हो जाती है.

कहा कि कोडरमा की जनता जनार्दन का आशीर्वाद उन्हें मिला है. कहा कि मोदी जी की गारंटी पर लोगों को यकीन है इसलिए इसबार देश में एनडीए 400 पार करके ही रहेगी. कार्यकर्ताओं में सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र यादव, प्रमुख प्रतिनिधि संजीत यादव, विधायक प्रतिनिधि बैजू यादव, महेंद्र कुमार, अधीर वर्मा, लखन यादव, पंकज यादव, उज्ज्वल कुमार साहा, केदार यादव, नरेश यादव, रूपलाल रविदास सहित कई लोग थे.

## एमपी के पूर्व सीएम ने कहा- पीएम नरेंद्र मोदी के 400 पार के सपने को पूरा करने में जनता सहयोग करे

# निशिकांत के समर्थन में शिवराज सिंह ने महगामा में किया रोड-शो

संवाददाता। गोड्डा



मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान बुधवार को महगामा पहुंचे. उन्होंने गोड्डा लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे के समर्थन में महगामा विधानसभा क्षेत्र में तीन किमी लंबा रोड-शो किया. शिवराज सिंह दोपहर बाद हेलीकॉप्टर से पहुंचे. भाजपा नेताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया. इसके बाद उन्होंने खुले वाहन पर सवार होकर निशिकांत दुबे के साथ रोड-शो किया.

रोड-शो बसुवा चौक, केचुआ चौक होते हुए दुर्गा मंदिर तक पहुंचा और वहां से वापस हुआ. इस दौरान सड़क के दोनो ओर हजारों की संख्या में खड़े लोग भाजपा के समर्थन में नारे लगा रहे थे. तीन से चार घंटे तक चले रोड शो में लोगों की जबरदस्त भीड़ देखने को मिली.

शिवराज सिंह ने कार्यकर्ताओं से कहा कि इस चुनाव में जी-जान से जुट जाएं और निशिकांत को जिता कर पीएम मोदी के 400 पार के सपने को पूरा करने में अपना सहयोग दें. मौके पर महगामा के पूर्व विधायक अशोक भगत, गोड्डा के विधायक अमित मंडल, भाजपा जिलाध्यक्ष संजीव झा, संतोष सिंह सहित अन्य नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे.

### भाजपा कार्यकर्ता के साथ हुई मारपीट के बाद निशिकांत पहुंचे थाना

गोड्डा। भाजपा कार्यकर्ता मनीष साह के साथ झंडा लगाने के सवाल पर हुए मारपीट की घटना के बाद मामला थाना पहुंच गया है. भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे ने थाना पहुंचकर अपने कार्यकर्ता मनीष साह और उसके परिजनों का हाल जाना. श्री दुबे ने अपने रोते कार्यकर्ता को सांत्वना देते हुए कहा कि आप मामला दर्ज करावे, आपको पूर्ण सुरक्षा और आरोपी युवक के खिलाफ कानूनी कार्यवाई की जाएगी. नगर थाना में पीड़ित ने बताया कि वो अपने घर पर भाजपा का झंडा लगाया था. इसे उतारने के लिए कहा था, नहीं उतारने पर धमकी दिया गया था. आरोप है कि गांव के ही दीपक यादव ने घर में घुसकर मारपीट किया और बहन को भी जान मारने की धमकी दिया. भाजपा का झंडा नहीं लगाने को कहा था और उस पार्टी को वोट भी नहीं देने को कहा था. मारपीट की घटना के बाद पीड़ित युवक ने घर की महिला के साथ नगर थाना पहुंचकर अपनी बातों को पुलिस को बताया. निशिकांत दुबे ने पुलिस को कहा है कि पीड़ित युवक का मेडिकल जांच करने के बाद मामला दर्ज किया जाए और आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की जाए.

# युवाओं ने झामुमो प्रत्याशी नलिन के पक्ष दिखाई एकजुटता

संवाददाता।पालोजोरी

दुमका लोस क्षेत्र से एक तरफ बीजेपी तो एक तरफ झामुमो के कद्दावर नेता के बीच कांटो की टक्कर देखने को मिल रही है. बताया जाता है कि जब से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन के चुनाव को लेकर ज्यों-ज्यों चुनाव की तारीखें नजदीक आ रही है, चुनावी सरगर्मी और भी काफी तेज हो गई है. वहीं इसी कड़ी में दुमका लोस क्षेत्र अंतर्गत पालोजोरी के युवाओं का भी मुड मिजाज झामुमो की और झुकती हुई नजर देखने को मिल रहा है. वहीं आदिवासी युवा संगठन द्वारा बैठक कर झामुमो के पक्ष में मतदान करने की अपील करते हुए देखें गए. साथ ही उन्होंने कहा कि मोदी सरकार आदिवासियों मूलवासियों का हक़ अधिकार को छीनने की साज़िश कर रही है. वहीं केन्द्र सरकार द्वारा आरक्षण व बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर के संविधान जैसे ग्रंथों को बदलने नहीं देंगे. साथ ही हम आदिवासियों के हक़ अधिकार को नष्ट करने पर तुले हुए हैं. जिसको लेकर इंडिया गंठबंधन के पक्ष में मतदान करने की बात कही गई. वहीं दुमका लोस क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी नलिन सोरेन को जिताकर सांसद भवन भेजने का काम करेंगे. वहीं इस मौके पर पालोजोरी झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सुरेश कुमार मरांडी, सुशील किस्कू, विजय किस्कू, भूरकुंडी जेएमएम पंचायत अध्यक्ष रबिलाल हांसदा व सक्रिय जेएमएम कार्यकर्ता शिवसागर, हेमलाल हांसदा, तरापद, सुधीर, बाबुधन, मुकेश, महेश्वर, वरिष्ठ जेएमएम कार्यकर्ता माखन मोहली सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे.

▼ ब्रीफ खबरें

### रामगढ़ जेल के कैदियों को किया जागरूक

**रामगढ़।** रामगढ़ जेल में बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में लीगल एंड डिफेंस काउंसिल की टीम ने निरीक्षण किया. इस दौरान रामगढ़ जेल में जागरूकता शिविर का आयोजन कर कैदियों को नशा का सेवन नहीं करने को लेकर जागरूक किया गया. कैदियों को संबोधित करते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार के अधिवक्ताओं के द्वारा कहा गया कि नशापान से सामाजिक, आर्थिक, मानसिक एवं शारीरिक हानि होती है. चीफ एलएडीसी सुजीतर सिंह, डिपुटी के एलएडीसी श्रीराम, सहायक एलएडीसी अभिनव व असिस्टेंट एलएडीसी मोहन महतो ने कैदियों को नशा सेवन न करने की अपील की.

### उमस भरी गर्मी के बाद मौसम ने ली करवट

**रामगढ़।** जिले में पिछले 24 घंटे में गर्मी से लोग बेहाल थे. बुधवार को अचानक उमस भरी गर्मी के बीच मौसम ने करवट ली और आसमान में काले बादल छा गए. देखते ही देखते तेज तूफान और ओलावृष्टि शुरू हो गई. इस बारिश से लोगों को गर्मी से तो निजात मिली है, लेकिन ओलावृष्टि ने किसानों की फसल को नुकसान पहुंचाया है. रामगढ़ जिले के गोला और चीतरपुर प्रखंड क्षेत्र में किसानों द्वारा लगाई गई सब्जियां खेतों में ही नष्ट हो गई. अचानक हुई ओलावृष्टि की वजह से टमाटर, पालक, नेनुवा, भिंडी, मकई आदि की फसल को नुकसान पहुंचा है. मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार अगर इसी तरह से बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि हुई तो किसानों को काफी नुकसान हो सकता है.

### पत्रकारों ने की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग

**कोडरमा।** भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी द्वारा जिले के दो पत्रकारों के विरुद्ध दर्ज कराए गए मामले को लेकर बुधवार को पत्रकारों के शिष्टमंडल ने उपायुक्त मेघा भारद्वाज से मिलकर ज्ञापन सौंपा. इसमें कहा गया है कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कोडरमा जिला के दो पत्रकारों संजीव समीर और रवि पासवान के खिलाफ उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाते हुए लिखित शिकायत दर्ज कराई है. शिकायत के आलोक में कोई भी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया है. इसके बावजूद उपरोक्त पत्रकारों के विरुद्ध 107 का मामला दर्ज कर नोटिस जारी किया गया है. झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राज्य सचिव जावेद इस्लाम के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपने पहुंचे पत्रकारों ने मामले की निष्पक्ष जांच होने तक किसी प्रकार की कार्रवाई पर रोक लगाने की मांग की है.

कम मजदूरी मिलने पर महिलाओं ने सरकार से पूछे कड़े सवाल, पुरुष बोले-खर्च कर शहर आते हैं, पर नहीं मिलता काम

## महिला व पुरुष दोनों बराबर काम करते हैं तो फिर भेदभाव क्यों

प्रमोद उपाध्याय। हजारीबाग





महिलाओं को कम मजदूरी दिए जाने पर लगातार सवाल उठ रहे हैं, लेकिन इसमें सुधार की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा है. इससे नाराज महिला मजदूर ठेकेदार और सरकार से पूछ रही हैं कि आखिर महिलाओं का क्या है कसूर है कि उन्हें पुरुष की अपेक्षा कम मजदूरी दी जाती है. क्या महिला मजदूर पुरुष जैसा काम नहीं करती या फिर महिलाओं के साथ भेदभाव किया जा रहा है. उनका कहना है कि आज जब हर क्षेत्र में महिला पुरुष से आगे निकल रही है तो फिर भी उसे काम के अनुसार मजदूरी क्यों नहीं दी जाती है. महिला मजदूर ऊंची इमारत पर भी काम करती है. वह अपने सिर पर टोकरी लेकर सीढ़िओं पर चढ़ती है. इसके बावजूद उसके साथ भेदभाव किया जाता है.

बता दें कि हजारीबाग में पुरुष मजदूर को दैनिक 450 से लेकर 500 रुपये दिये जाते हैं और महिला मजदूर को 300 से लेकर 350 रुपये मिलते हैं. वहीं ग्रामीण क्षेत्र की बात करें तो महिला मजदूर को 250 रुपये और पुरुष मजदूर को 400 रुपये दिये जाते हैं. इसको लेकर फॉरेस्ट विभाग में काम कर रही महिला मजदूर ने बताया कि विभाग द्वारा 346 रुपये मजदूरी देने की बात कही गई है. यह मजदूरी मनरेगा के माध्यम से दी जाती है. वहीं पुरुष मजदूर सुबोध, नागेश्वर, सोनम गुप्ता, रघुराम, बबलू, राकेश और अजय यादव ने बताया कि 100 रुपये खर्च कर शहर में मजदूरी के लिए आते हैं, फिर भी रोजगार नहीं मिलता है. अगर किसी को एजेंट के माध्यम से निजी मकान में काम करने की मजदूरी के लिए रखा भी जाता है तो कम पैसा दिया जाता है. महिलाओं की मजदूरी कम होती है. अगर काम नहीं किया तो खाली हाथ वापस घर जाना पड़ता है. इस वजह से मजबूरी में काम करते हैं. मजदूरों ने कहा कि महिला पुरुष बराबर काम करते हैं, लेकिन ठेकेदार महिलाओं की मजदूरी कम क्यों देता है यह समझना मुश्किल है.

कम मजदूरी को लेकर महिलाओं का कहना है कि हम पुरुष के बराबर काम कर सकती हैं. मजदूरी से लेकर ऑफिस तक चला सकती हैं और पुरुष से बेहतर काम करती हैं. उसके बावजूद कभी मजदूरी का काम नहीं मिलता तो कभी काम मिलता है तो उचित मजदूरी नहीं मिलती. ऐसे में सरकार को यह समझने की जरूरत है कि महिलाओं को भी उनके काम के अनुसार मजदूरी मिल सके. दोनों का अधिकार बराबर है.

### रोजगार नहीं मिला तो बच्चों को खिलाएंगे क्या?


इस संबंध में कटकम दाग प्रखंड के महिला मजदूर देवी ने बताया कि काम के अनुसार मजदूरी नहीं मिलती है. हमारे साथ भेदभाव किया जाता है, जबकि महिला और पुरुष दोनों का काम बराबर होता है. पुरुष मजदूर अगर सीमेंट को मिलाता है तो महिला मजदूर उसे अपने सिर पर उठाकर ले जाती है. दोनों को आठ-आठ घंटा काम करवाया जाता है, लेकिन महिला को कम और पुरुष को ज्यादा मजदूरी मिलती है. बता दें कि हजारीबाग शहर में मजदूरी के लिए इचाक, चरही, चुरचू, कटकमसांडी, कटकम दाग, पबरा, कैंसार, नवादा, कुट्टी पीसी के अलावे विभिन्न गांवों से महिला और पुरुष रोजगार के लिए आते हैं, लेकिन कुछ लोगों को ही रोजगार मिलता है. रोजगार भी उसी को मिलता है जो ठेकेदार की बात मानता है और नहीं मानने वाले या सवाल जवाब करने वाले मजदूर को रोजगार नहीं दिया जाता है. इस संबंध में सविता देवी, समरी देवी, गंगा देवी, नागेश्वर, अजय ने बताया कि आज हम लोग घर से 100 रुपये खर्च करके रोजगार के लिए शहर आए थे, लेकिन यहां रोजगार नहीं मिला. अब लौटने में भी खर्च होगा. ऐसे में हम आज अपने बच्चों क्या खिलाएंगे यह समझ में नहीं आ रहा है. मायूस मजदूरों ने यह भी बताया कि अगर गांव में मनरेगा के माध्यम से रोजगार मिलता तो आज शहर नहीं आना पड़ता.

चरमराई बिजली व्यवस्था: कहीं खंभा गिरा है, तो कहीं लटक रहे हैं तार

## सिर्फ रिपेयरिंग होती है, सुधार नहीं

संवाददाता। हजारीबाग

जिले में बिजली की स्थिति में कोई सुधार नहीं हो रहा है, बल्कि दिन ब दिन और बिगड़ती जा रही है. अब तो जरा सी हवा चली नहीं कि रात-रात भर बिजली गायब हो जाती है. इसको लेकर शहर के अलावे इचाक, पदमा, कटकमसांडी, विष्णुगढ़ सहित कई प्रखंडों के लोग बिजली विभाग से नाराज हैं. ग्रामीणों का कहना है कि मंगलवार शाम को हल्की हवा चली थी और इचाक प्रखंड में रात भर बिजली काट दी गई. लोग गर्मी से परेशान रहे. छत भी बारिश की वजह से भीगा हुआ था. लिहाजा लोग सो नहीं पाए. वहीं ग्रामीणों ने यह भी कहा कि प्रत्येक वर्ष बिजली विभाग रिपेयरिंग करवाता है, लेकिन बिजली की आपूर्ति व्यवस्था में कोई सुधार नहीं हो रहा है. अगर उपभोक्ता बिजली को अपने स्तर से सुधारने की कोशिश करते हैं और बिजली विभाग से मदद मांगते हैं तो पैसा मांगा जाता है. यहां तक कि बिजली विभाग के अधिकारी गलती से अगर फोन उठाते हैं तो मिस्त्री का नंबर देते हैं जो चार्जेबल होता है. बिना पैसा लिए हुए समस्या को तो दूर करना तो छोड़िए, वे आना भी पसंद नहीं करते.





**केस संख्या-1**

इस संबंध में कुम्हार टोली निवासी राजेश त्रिवेदी ने बताया की दुर्गा मंडप के पास चार महीने से ट्रांसफार्मर खराब था. इसके कारण उपभोक्ता काफी परेशान थे. कई बार बिजली विभाग को सूचना दी गई, लेकिन उसने ट्रांसफार्मर नहीं होने की बात कहकर मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया. जब ट्रांसफार्मर आया तो ले जाने के लिए गाड़ी नहीं है तो कभी ट्रांसफार्मर चढ़ाने के लिए मिस्त्री नहीं रहने की बात कही जाती है. बाद में विभाग ने खर्च के नाम पर दस हजार रुपये की मांग की. अंत में 4000 रुपये में सौदा हुआ और ट्रांसफार्मर पैसा देने के बाद सप्ताह भर पहले लगाया गया.

**केस संख्या-2**

इस संबंध में हजारीबाग शहर के शिवपुरी कृष्ण विहार कॉलोनी निवासी बिजली उपभोक्ता चंदन कुमार, रंजीत दुबे,और पंकज सिंह ने बताया कि में पिछले एक महीने से कृष्णा विहार कॉलोनी का एक फेस का तार जला हुआ है. इस संबंध में कई बार बिजली विभाग को सूचना दी गई है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक ना तो तार बदला गया और न ही कोई संतोषजनक जवाब दिया गया. ऐसे में लोग एक फेस से ही काम चला रहे हैं, जिसमें वोल्टेज नहीं रहता है. इसके कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. मोटर नहीं चलने के कारण पानी की भी समस्या हो रही है.

**केस संख्या-3**

कटकमसांडी प्रखंड के पबरा निवासी बिजली उपभोक्ता छोटन मेहता, संतोष मेहता, गोविंद मेहता ने बताया सिमराही नदी के पास मुख्य सड़क पर पिछले तीन साल से बिजली का खंभा झुका हुआ है और उसमें करंट भी प्रवाहित है, लेकिन बिजली विभाग की ओर से आज तक न बिजली का खंभा बदला गया और न ही उससे बिजली का कनेक्शन काटा गया, जबकि उस रोड से लगभग प्रत्येक दिन हजारों लोग का आवागमन होता है. इस संबंध में बिजली विभाग के दिनेश कुमार ने बताया कि विभाग एक रुपया भी बिजली आपूर्ति ठीक करने के नाम पर नहीं लेता है. अब तो ट्रांसफार्मर ले जाने का खर्च भी बिजली विभाग देता है. अगर कोई पैसा मांग रहा था तो इसकी शिकायत करनी चाहिए. उन्होंने यह भी कहा कि जहां की बिजली खराब है उसको जल्द ठीक कर दिया जाएगा.

### भीषण गर्मी में बिजली की कटौती से ग्रामीण परेशान







- मोटर नहीं चलने के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न
- विद्यार्थियों को पढ़ने लिखने में भी हो रही है परेशानी

संवाददाता। रामगढ़

अनियमित बिजली आपूर्ति से उपभोक्ताओं को इन दिनों काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बेसमय बिजली की कटौती वा लो वोल्टेज से मोटर नहीं चलने के कारण भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या भी उत्पन्न हो गई है. इस संबंध में विद्युत विभाग को लगातार सूचना दी जाती है लेकिन सुधार की प्रकिया काफी धीमी होती है. शाम 4:00 के बाद से जो बिजली कटती है वह शाम 7:00 बजे मिलती है. इसके अलावा दिनभर में बेसमय कई बार बिजली की कटौती हो रही है.

पाहन बेड़ा निवासी विमल मुंडा बताते हैं कि इन दिनों बिजली आपूर्ति की बहुत ही खराब स्थिति है. गांव में आधा एक घंटे बिजली रहने के बाद दो घंटे से अधिक बिजली की कटौती होती है. शाम के समय भी दो-तीन घंटे बिजली कटती है. इससे भीषण गर्मी में काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. बच्चों को पढ़ने लिखने में भी परेशानी हो रही है.

वहीं भुरकुंडा चीकोर निवासी आजाद अंसारी कहते हैं कि बिजली की कटौती से ग्रामीण इन दिनों परेशान हाल में हैं. दिन भर में कई बार बिजली कटती है. पंद्रह सोलह घंटे ही बिजली मिल पाती है. गर्मी के दिनों में ग्रामीण बगैर बिजली के कई समस्याओं से जूझते हैं. बिजली की आपूर्ति निर्बाध रूप से मिलनी चाहिए.

वहीं बरकाकाना निवासी विक्की खान कहते हैं कि प्रत्येक दिन बिजली की कटौती की कोई समय सीमा तय नहीं है. किसी भी समय बिजली कट जाती है. शाम में प्रत्येक दिन 4:00 बजे बिजली कटती है जो एक-दो घंटे तक कटी रहती है. गर्मी के दिनों में बिजली कटौती से हम ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है. बिजली सुचारू रूप से मिलनी चाहिए.

## भाजपा की जीत की राह का रोड़ा न बन जाए हेलमेट छाप





- आजसू नेताओं की निष्क्रियता से रामगढ़ विस में जेबीकेएसएस की एंट्री

संवाददाता। रामगढ़

हजारीबाग लोकसभा सीट की जीत में रामगढ़ विधानसभा का योगदान अहम रहा है. यह विधानसभा हमेशा भाजपा को एक बड़ी लीड देता आया है. 20 मई को जनता ने किसको कितना वोट दिया यह तो चार जून को पता चल ही जाएगा, लेकिन इससे पहले चौक-चौराहों और गांवों में हो रही चर्चा एक नई राजनीति की तरफ इशारा कर रही है. इस बार आजसू नेताओं की निष्क्रियता की वजह से रामगढ़ विधानसभा में जयराम महतो की पार्टी झारखंडी भाषा खतियानी संघर्ष समिति (जेबीकेएसएस) की एंट्री हो गई है. चुनाव के दौरान इस पार्टी को हजारीबाग विधानसभा में हेलमेट छाप का निशान मिला था. अब यह हेलमेट भाजपा की जीत की राह का रोड़ा बन सकता है. जिस तरह से रामगढ़, बड़कागांव और मांडू विधानसभा में जयराम महतो की पार्टी के प्रत्याशी संजय मेहता को हेलमेट छाप पर वोट मिला है वह इस क्षेत्र के बहुसंख्यक जाति समुदाय का है.

**स्थानीयता के मुद्दे पर युवा हुए जयराम के पीछे :** जयराम महतो की पार्टी जेबीकेएसएस ने स्थानीयता के मुद्दे को लेकर अपनी एंट्री मारी है. ग्रामीण इलाके की युवा पीढ़ी ने जेबीकेएसएस को हाथों-हाथ लिया और जयराम महतो के पीछे हो गए. जयराम महतो ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से संजय मेहता को टिकट दिया. चुनाव प्रचार भी उन्हीं इलाकों में किया जहां स्थानीयता का मुद्दा पहले से ही हावी था. जातिगत राजनीति का फायदा उन्हें मिला और कई बूथ पर उन्हें वोट भी मिले हैं.

### भाजपा के वोट बैंक का 2024 में हुआ बंटवारा

2019 के लोकसभा चुनाव तक कुर्मी, कुशवाहा और पटेल समाज के लोग भाजपा को वोट देते आए थे. उनका वोट लोकसभा में भाजपा की जीत के लिए जरूरी रहा है. 2024 में इस वोट बैंक का बंटवारा हो गया. इस जाति को हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों ने बेहद अच्छे तरीके से अपने पक्ष में गोलबंद नहीं कर पाई. एक तरफ भाजपा ने जहां इन बहुसंख्यक जाति समाज को अपना कैडर वोट माना था, वहीं इंडिया गठबंधन ने इस समाज का वोट अपनी तरफ करने के लिए जेपी पटेल को चुनाव मैदान में उतार दिया था. इसी जाति को अपनी तरफ खींचने के लिए स्थानीयता का मुद्दा जयराम महतो की पार्टी ने भी उठाया.

फलाहार बाबा की याद में लगाये गये पौधे, दो दिवसीय अनुष्ठान का महाभंडारे के साथ समापन

## बैकुंठ उत्सव में लगा रहा संतों का जमावड़ा

संवाददाता। चौपारण



सिद्ध महंत फलाहारी बाबा के भू समाधि के द्वितीय वर्ष पर उनके शिष्यों द्वारा दो दिवसीय बैकुंठ उत्सव समारोह का समापन बुधवार को अखंड रामायण पाठ, पूजा, अभिषेक तथा हवन के बाद महाप्रसाद के वितरण के साथ संपन्न हो गया. उत्सव के दौरान बाबा की याद में पौधारोपण भी किया गया. इस उत्सव में साधु संतों तथा उनके शिष्यों का जमावड़ा बिगहा स्थित हनुमत मंदिर परिसर में लगा.

इस आयोजन में निर्मोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर परम पूज्य सुखदेव दास जी महाराज, इस्कॉन के धर्मगुरु तथा भक्ति वेदांता शिक्षालय के संस्थापक डॉ केशवानंद प्रभु, तारापीठ के सिद्ध खडेश्वरी बाबा, आचार्य बालमुकुंद पांडेय, ज्योतिषाचार्य शुभम पांडेय, हनुमत मंदिर के पुजारी कपिल पांडेय समेत 108 ब्राह्मण एवं सैकड़ों शिष्य के साथ क्षेत्र के बुद्धिजीवी, धार्मिक और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल थे. इस दौरान महंत फलाहारी बाबा के गुणों का वर्णन करते हुए उनके गुरु भाई निर्मोही अखाड़ा के महामंडलेश्वर सुखदेव दास महाराज ने कहा कि भक्ति से शक्ति, शक्ति से प्रकाश और प्रकाश से जनकल्याण होता है. महंत ने कश्मीर तथा कारगिल में भी मंदिर में सेवा दी थी. हरिद्वार, प्रयागराज, अयोध्या सभी धाम में महंत ने सेवा दी. वे भक्ति के पर्याय थे. डॉ केशवानंद प्रभु ने कहा कि महंत के आशीर्वाद से ही आज बिगहा में नित्य दिन धार्मिक कार्यों का विस्तार हो रहा है. मौसी बाडी भी इसी मंदिर को बनाया गया है. तारापीठ के सिद्ध खडेश्वरी बाबा ने कहा कि साधु महंत के संगत से जीवन का कल्याण हो जाता है. फलाहारी बाबा ने इस क्षेत्र में आध्यात्मिक चेतना लाई जिससे युवावर्ग काफी प्रभावित हुआ. आज हनुमत सेवा संस्थान के युवा इसके उदाहरण हैं.

### तीस साल से भी अधिक समय तक क्षेत्र में रहे

सिद्ध महंत फलाहारी उर्फ आलु बाबा बीते तीस साल से भी अधिक समय तक क्षेत्र में सेवारत रहे. इस दौरान भद्रकाली मंदिर, ईटखोरी में निवास कर सेवा और राम भक्ति के मिसाल बने. उन्होंने कई मंदिरों का निर्माण कराया. भद्रकाली मंदिर परिसर में राम मंदिर उन्हीं की देन है. बाद में चौपारण के मरहेडी में कात्यायनी मंदिर, बिगहा में हनुमान मंदिर, गढकाली मंदिर, शिव मंदिर आदि उन्हीं के सान्निध्य में उनके भक्तों ने बनाये. अपने जीवन के अंतिम कई साल उन्होंने अपने परम भक्त आनंद के साथ बिताए. 2022 के 21 मई को उन्हें हनुमत मंदिर परिसर में ही भू-समाधि दी गई.

### जुलाई में होगा मारुति नंदन प्राण प्रतिष्ठा यज्ञ

**रामगढ़ ।** रामगढ़ प्रखंड की कुंदरूकलां पंचायत के अंतर्गत लोधमा के शिवालय मंदिर परिसर में बुधार को ग्रामीणों की बैठक हुई. इसमें लोधमा स्थित नवनिर्मित हनुमान मंदिर में आगामी 8 जुलाई से 12 जुलाई तक पांच दिवसीय श्री श्री 1008 मारूति नंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ कराने का निर्णय लिया गया. इसके लिए समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रघु यादव व शंभु बेदिया को संरक्षक, बबलू यादव को अध्यक्ष बनाया गया. वहीं धनेश्वर यादव, भानू यादव, इंद्रजीत यादव, गुंजलाल यादव को उपाध्यक्ष, राजू यादव, रोहित यादव, झरी बेदिया, देवनंदन यादव, मदन यादव, लालू बेदिया को सचिव चुना गया, जबकि प्रकाश यादव, दिलीप यादव, सुरेश यादव, नरेश बेदिया, गोपाल यादव को सहसचिव, अजीत यादव, शैलेंद्र यादव, जतन बेदिया, जलेश्वर बेदिया को कोषाध्यक्ष बनाया गया.

## ग्रामीणों ने बीजीआर कंपनी पर लगाया मारपीट करने का आरोप

संवाददाता। केरेडारी

केरेडारी स्थित पांडू में चल रही बीजीआर कंपनी पर ग्रामीणों ने एक महिला मीना देवी के साथ मारपीट एवं उसके घर को तोड़ने का आरोप लगाया है. बताया जा रहा है कि बीजीआर कंपनी का काम पांडू में चल रहा है और वहां एक घर मीना देवी का है. बुधवार को कंपनी के नीरज कुमार अपने सहयोगी के साथ जमीन को खाली करने के लिए आए थे. इस दौरान मीना देवी के साथ उनकी कहासुनी हो गई. इसके बाद वे लोग उसे पीटकर फरार हो गए. यह भी बताया जा रहा है कि कंपनी द्वारा पांडु के सभी रैयत को जमीन का मुआवजा भुगतान किया जा चुका है.

मीना देवी को भी भुगतान हो चुका है, लेकिन नए मकान नहीं बनने के कारण वह पुराने मकान में ही रह रही है. इसको लेकर कंपनी मीना देवी के घर को पहले भी एक बार तोड़ चुकी है, फिर भी उक्त घर को मीना देवी खाली नहीं कर रही है. कंपनी लगातार मीना देवी पर जमीन खाली करने का दबाव बना रही थी. कई ग्रामीणों ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि जिला प्रशासन ने जिला मुख्यालय में पुलिस को कम रखा है. आधे पुलिस बल को कंपनी वाले के सुरक्षा में लगा दिया है और कंपनी वाले पुलिस का भय दिखाकर लोगों को परेशान कर रहे हैं. वहीं पुलिस मौन धारण कर कंपनी वालों को सहयोग करने में जुटी हुई है. वहीं इस संबंध में केरेडारी थाना प्रभारी अजीत कुमार ने पूछे जाने पर कहा कि मीना देवी के साथ कोई मारपीट नहीं हुई है, न ही थाने में कोई आवेदन आया है. उन्होंने यह भी कहा कि वीडियो में देखने से लग रहा है कि महिला घायल होने का बहाना बना रही है. वहीं इस संबंध में बीजीआर कंपनी के श्रीनिवास ने बताया कि महिला का साथ विवाद हुआ है, लेकिन वह गिर गई थी और उसी में बेहोश हुई. उन्होंने यह भी कहा कि महिला विस्थापित की लड़ाई लड़ रही है. उसकी शादी भी हो चुकी है,



**खास बातें**

- कहा-जमीन खाली नहीं की तो घर तोड़ा, महिला को पीटा
- पुलिस व कंपनी ने आरोपों को नकारा, कहा-मारपीट नहीं हुई

चौपारण पुलिस ने किया खुलासा कई होटलों में भी ऊंची कीमत पर परोसी जा रही है शराब

## सरकारी दुकानों से बड़े पैमाने पर शराब की तस्करी

संवाददाता। चौपारण

प्रखंड में उत्पाद विभाग की देखरेख में संचालित कई सरकारी शराब दुकानों की आड़ में एक तरफ बड़े पैमाने पर शराब की खेप बिहार भेजा जा रही है, वहीं दूसरी तरफ चौपारण के जीटी रोड के किनारे संचालित कई होटलों में अवैध तरीके से शराब परोसी जा रही है.

इस रैकेट का खुलासा तब हुआ जब चौपारण के थानेदार दीपक कुमार सिंह ने एक टेंपो में लदी लाखों रूपये की शराब को जब्त की. जब्त शराब के साथ पुलिस ने तीन तस्करों को भी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. गिरफ्तार युवकों ने चौपारण पुलिस को तस्करी को लेकर कई आश्चर्यजनक खुलासे किए. तस्करों ने पुलिस को बताया कि सभी शराब की पेटियां चतरा मोड़ स्थित सरकारी दुकान की है, जहां से टेंपो में लोड कर जंगलों के रास्ते बिहार में तस्करी करने जा रहे थे. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सरकारी दुकान के भी कई कर्मी बिहार के कई क्षेत्रों में बाइक से या चारपहिया वाहनों में लोड कर शराब की अवैध तस्करी में शामिल हैं.

**बड़ी मात्रा में बिहार होती है सप्लाई :** गौरतलब हो कि पड़ोसी राज्य बिहार में शराब की खरीद-बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है. यहां तक कि बिहार में शराब का सेवन करना भी कानूनी जुर्म के अंतर्गत आता है. बिहार-झारखंड की सीमा पर स्थित चौपारण प्रखंड में एक दो नहीं, बल्कि छह सरकारी शराब की दुकानें संचालित हैं और इन दुकानों की शराब तस्करी करते हुए अबतक एक नहीं दर्जनों बार चौपारण पुलिस जब्त कर चुकी है. फिर भी इन दुकानों पर उत्पाद विभाग की मेहरबान रहती है. सरकारी प्रावधानों के मुताबिक सरकारी शराब की दुकानों को व्यक्तिगत रूप से सिर्फ काउंटर सेलिंग की ही अनुमति है. इसके उलट इन शराब की दुकानों से होटलों व कई दुकानदारों को भी शराब बेचने के लिए बड़े पैमाने पर शराब दे दी जाती है.



### होटलों में धड़ल्ले से वसूली जाती है मोटी रकम

इधर प्रखंड के कई ऐसे होटल व लाइन होटल हैं जहां ग्राहकों से शराब की एमआरपी से 70 से 80 रुपये अधिक वसूले जाते हैं. इन होटलों में ज्यादातर बिहार के युवकों का जमावड़ा लगा रहता है. एक होटल मालिक ने नाम नहीं छापने की शर्त पर बताया कि क्या करें? शराब की दुकान में ही हम लोगों को एमआरपी से 20 से 30 रुपये अधिक मूल्य वसूला जाता है. वहीं कुछ ग्राहकों को छोड़कर लगभग अधिकांश ग्राहकों से भी अधिक मूल्य वसूलने के कई मामले प्रकाश में आ चुके हैं. लेकिन आज तक इनमें संलिप्त लोगों पर कार्रवाई नहीं होना कई सवालों को जन्म देता है.

### विष्णुगढ़ में बच्चे के पैर पर चढ़ा बस का पहिया

**विष्णुगढ़।** बगोदर- हजारीबाग एनएच 522 पर भेलवारा में विजय रथ बस ने एक बच्चे को अपनी जद में ले लिया. इस दुर्घटना में बच्चे के दाएं पैर का निचला हिस्सा बुरी तरह कुचल गया. घटना बुधवार की सुबह लगभग सात बजे की है. बताया जाता है कि थाना अंतर्गत विसुइया का आशीष सोरेन, पिता नरेश सोरेन (उम्र 8 वर्ष) तथा रोहित सोरेन, पिता मोहन सोरेन (उम्र 9 वर्ष) दोनों विपरीत दिशा से पैदल आ रहे थे. इसी बीच ओवर टेक करने के क्रम में बस ने आशीष को अपनी चपेट में ले लिया और उसके पैर पर बस का अगला पहिया चढ़ गया. चक्के के नीचे आने से उसका पैर पिस गया. उसे सीएचसी से थमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उसे हजारीबाग रेफर कर दिया गया.

## बाइक की रफ्तार बनी काल हादसे में दो युवक की मौत

संवाददाता। सतगावां (कोडरमा)

थाना क्षेत्र के गांगडीह स्थित जैप कैंप के समीप बुधवार की दोपहर सड़क हादसे में दो युवक की मौके पर ही मौत हो गयी. इनकी पहचान बिहार के नवादा जिला के कादिरगंज थाना क्षेत्र के 20 वर्षीय दिनेश कुमार, पिता देवेंद्र चौहान तथा सूरज पासवान, पिता प्रकाश पासवान, ग्राम नदौरा निवासी के रूप में हुई. जानकारी के अनुसार उक्त दोनों युवक बाइक पर सवार होकर गोविंदपुर की ओर से तेज गति से बासोडीह आ रहे थे. इसी बीच गांगडीह के समीप जैप कैंप के समीप स्पीड ब्रेक को देखकर बाइक को किनारे से निकालने के चक्कर में सड़क के किनारे बाउंड्री वाल में टक्कर मार दी.टक्कर इतनी तेज थी बाइक बाउंड्री वाल को तोड़ते हुए स्ट्रीट लाइट के खंभे से टकरा गई. इस घटना में दोनों बुरी तरह से घायल हो गए और मौके पर ही उनकी मौत हो गयी. थाना प्रभारी - विजय गुप्ता तथा एसआई वृजनंदन प्रसाद मौके पर पहुंचे और उक्त दोनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों के औपचारिक रूप से उन्हें मृत घोषित कर दिया.

**खास बातें**

- जैप कैंप के समीप बुधवार दोपहर हुई भीषण दुर्घटना
- दोनों मृतकों की पहचान बिहार निवासी के रूप में हुई

# पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा को भाजपा के नोटिस का मामला


## राजनीतिक दलों और लोगों की मिली-जुली प्रतिक्रिया

# कार्रवाई तानाशाही रवैये का प्रतीक

## भाजपा में लोकतांत्रिक व्यवस्था ध्वस्त

भाजपा ने पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा और विधायक राज सिन्हा के खिलाफ कड़ा एक्शन लिया है. पार्टी विरोधी गतिविधियों का आरोप लगाते हुए इन्हें कारण बताओ नोटिस जारी किया है. भाजपा के इस कार्रवाई पर पार्टी के अंदर और बाहर चर्चा शुरू हो गई है. भाजपाई जहां इसे नीति सिद्धांत की बात कहकर इस कार्रवाई को सही बता रहे हैं.वहीं विपक्ष के नेता इसे एक तरफा कार्रवाई यानी तानाशाही रवैया बता रहे हैं. उनका कहना है कि जिस तरह इन दोनों नेताओं को नोटिस दिया गया है उससे यही प्रतीत होता है कि भाजपा अब व्यक्ति विशेष की पार्टी बन गई है. भाजपा मोदी के चेहरे पर ही चुनाव जीतना चाहती है. मतलब पार्टी के अंदर लोकतंत्र खत्म हो चुका है. वहीं पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने पहले ही पार्टी अध्यक्ष को ट्वीट कर इस बात की जानकारी दे दी थी कि उन्हें चुनाव कार्य से मुक्त किया जाए क्योंकि वह वैश्विक जलवायु परिवर्तन जैसे गंभीर मुद्दे पर अपना पूरा ध्यान केन्द्रित करना चाहते हैं. उन्होंने कई अवसरों पर पार्टी की ओर से उनके किए कार्यों की सराहना के लिए सभी का आभार भी प्रकट किया है. शुभम संदेश की टीम ने इस मुद्दे पर विभिन्न दलों के नेताओं, कार्यकर्ताओं और आम लोगों से बात की है. पेश है रिपोर्ट.

1. भाजपाइयों ने कार्रवाई को जायज ठहराया है
2. भाजपा को सिर्फ मोदी और अमित शाह चला रहे हैं
3. मोदी के चेहरे पर चुनाव जीतना चाहती है भाजपा
4. पार्टी में प्रत्याशियों को प्रमोट नहीं किया जा रहा


भारतीय जनता पार्टी

भाजपा का नोटिस



## जयंत सिन्हा ने किया था अनुरोध

पूर्व केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने गत दो मार्च को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को ट्वीट कर अनुरोध किया था कि मुझे चुनावी कार्यों से मुक्त किया जाए ताकि मैं भारत और दुनिया भर में वैश्विक जलवायु परिवर्तन जैसे मुद्दे पर अपना ध्यान केंद्रित कर सकूं. हालांकि मैं आर्थिक और शासन संबंधी मुद्दों पर पार्टी के साथ अपना काम जारी रखूंगा. मुझे पिछले दस वर्षों से भारत और हजारीबाग के लोगों की सेवा करने का सौभाग्य मिला है. इसके अलावा, मुझे माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी, माननीय गृह मंत्री अमितशाह जी और भाजपा नेतृत्व द्वारा कई अवसरों पर आशीर्वाद मिला है. उन सभी के प्रति मैं हार्दिक कृतज्ञता प्रकट करता हूं.




## पार्टी का वफादार सिपाही हूं

भाजपा की ओर से जारी नोटिस के वारे में पूछे जाने पर राज सिन्हा ने अपनी सफाई में कहा कि वे पार्टी के वफादार सिपाही हैं. उनके खिलाफ गलत फीडबैक दिया गया है. उन्होंने कहा कि भाजपा प्रत्याशी के नामांकन सभा में जोर शोर से ढुल्लु महतो जिंदाबाद का नारा लगाया था. इसके बाद जहां भी किसी भी कार्यक्रम की सूचना मिलती है. किसी भी परिस्थिति में रहने के बावजूद वहां जरूर जाते हैं. पीछले 27 वर्षों से पूरी निष्ठा के साथ पार्टी का सेवा कर रहे हैं और आगे भी करेंगे. पार्टी नेतृत्व को जवाब से अवगत कराएंगे. पार्टी जैसा कहेंगी वैसा करेंगे.

### रांची

#### भाजपा ने पिता का बदला बेटे से लिया गया : ललन कुमार



ऑटो चालक ललन कुमार का कहना है कि भारतीय जनता पार्टी ने जयंत सिन्हा से उनके पिता यशवंत सिन्हा का बदला लिया है. यशवंत सिन्हा मुखर होकर भाजपा के खिलाफ अपने विचारों को व्यक्त करते रहे हैं.जिसे भाजपा पसंद नहीं करती है. यह पार्टी के अलोकतांत्रिक रवैये को दर्शाता है.

#### मेहनत कार्यकर्ता करते हैं और टिकट बाहरी को : सुरेंद्र पांडेय



रांची जिला ऑटो यूनियन के उपाध्यक्ष का कहना है कि यह सिर्फ जयंत सिन्हा और राज सिन्हा की बात नहीं है. अक्सर देखा गया है कि पार्टी के मेहनतकस कार्यकर्ताओं को नजरअंदार कर भाजपा बाहरी को टिकट देती है. इससे कार्यकर्ताओं का मनोबल गिरता है. साथ ही पार्टी से लोगों का भरोसा भी उठता जा रहा है.

#### जयंत सिन्हा के साथ ज्यादती हुई है, जो अच्छी नहीं है : अर्जुन यादव



रांची जिला ऑटो यूनियन के अध्यक्ष अर्जुन यादव का कहना है कि जयंत सिन्हा और यशवंत सिन्हा ने भारतीय जनता पार्टी के लिए बहुत कुछ किया है. यशवंत सिन्हा कई बड़े पदों पर रहे हैं.यशवंत सिन्हा आईएएस के तौर पर कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई. लेकिन पिता के साथ-साथ भाजपा ने बेटे के योगदान को भी नकार दिया. जो अच्छी बात नहीं है.

#### दल से बड़ा खुद को महत्व देना ठीक नहीं है : रितेश कुमार



रितेश कुमार का कहना है कि जयंत सिन्हा ने दल से ऊपर व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा को रखा. जो कि पार्टी के खिलाफ है या कहे अनुशासनहीनता का मामला है. कोई भी पार्टी चाहे वह जेएमएम, सीपीआई-एमएल या कांग्रेस ही क्यों न हो. पार्टी के नियमों का उलंघन करने वाले कार्यकर्ताओं पर निश्चित ही कार्रवाई होनी चाहिए.

#### पार्टी के फैसले को व्यक्तिगत नहीं लेना चाहिए :रंजीत अग्रवाल



व्यवसाई रंजित अग्रवाल का कहना है कि किसी भी पार्टी के नेता या कार्यकर्ता को पार्टी के फैसले का सम्मान करना चाहिए. जयंत सिन्हा और राज सिन्हा ने पार्टी द्वारा दिए गए कार्य का अमल नहीं किया, जो गलत है. जयंत सिन्हा एक अनुभवी नेता हैं लेकिन पार्टी के प्रति उन्होंने निष्ठा नहीं दिखाई. जिसका खमियाजा उन्हें भुगतना पड़ रहा है.

### लातेहार

#### संगठन में सब बराबर हैं: पंकज सिंह



भाजपा लातेहार के जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि संगठन में सब बराबर हैं और संगठन विरोधी कार्य करने पर प्रदेश स्तर पर मूल्यांकन करने के बाद कार्रवाई भी की जाती है. हजारीबाग संसदीय क्षेत्र से संगठन ने इस बार जयंत सिन्हा को टिकट नहीं दे कर मनीष जायसवाल को भाजपा का प्रत्याशी बनाया है. लेकिन जयंत सिन्हा के द्वारा इसे ले कर कोई रूचि नहीं ली जा रही थी. जयंत सिन्हा जायसवाल के किसी भी चुनाव प्रसार का हिस्सा नहीं बने. वहीं दूसरी ओर धनबाद के विधायक राज सिन्हा ने संगठन के फैसले के खिलाफ लगातार बयान दे रहे थे. इस कारण भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के निर्देश पर इन दोनों को शो-कॉज जारी किया गया है.

#### भाजपा अनुशासित पार्टी है: राकेश दुबे



भाजपा, लातेहार के जिला उपाध्यक्ष राकेश कुमार दुबे ने कहा कि भाजपा एक अनुशासित पार्टी है. यहां संगठन या नीति विरोधी कार्य करने पर सबों पर कार्रवाई होती है. चाहे वह एक अदना सा कार्यकर्ता हो या फिर संगठन के शीर्ष पर बैठा कोई नेता. हजारीबाग से संगठन ने मनीष जायसवाल को लोकसभा चुनाव में भाजपा का प्रत्याशी बनाया था. लेकिन निवर्तमान सांसद सह केंद्रीय मंत्री जयंत सिन्हा ने उन्हें किसी चुनाव प्रचार में भाग नहीं लिया. यहां तक कि चुनाव के दिन अपने मताधिकार का भी प्रयोग नहीं किया. ऐसे में संगठन ने इसे पार्टी विरोधी कार्य मान कर जयंत सिन्हा से स्पष्टीकरण मांगा है.

#### निर्णय नहीं मानना संगठन का विरोध: मुकेश पांडेय



भाजयुमो प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य मुकेश कुमार पांडेय ने कहा कि भाजपा संगठन एक अनुशासित व संयमित संगठन है. यहां केंद्र व प्रदेश के निर्णय को सर्वमान्य माना जाता है. जब लोकसभा चुनाव में हजारीबाग से जयंत सिन्हा को टिकट नहीं दे कर मनीष जायसवाल को टिकट दिया गया तो जयंत सिन्हा को इसका स्वागत करना चाहिए था. लेकिन उन्होंने मनीष जायसवाल के चुनाव प्रसार में न तो भाग लिया और न ही मतदान किया. संगठन से इसे पार्टी विरोधी माना और जयंत सिन्हा को शो-कॉज किया है.इसमें गलत क्या है. हर पार्टी के अपने नियम कानून हैं. उसके अनुसार ही वह काम करती है.

### हजारीबाग

#### शायद मजबूर होंगे जयंत सिन्हा इसलिए नहीं कर पाए मतदान : उदय साव



जयंत सिन्हा के स्पष्टीकरण को लेकर कटकमदाग के उदय साव का कहना है कि जयंत सिन्हा बुद्धिमान व्यक्ति है. उनके मतदान नहीं करने का मतलब है कि वह कहीं न कहीं मजबूर होंगे या फिर वह क्षेत्र में नहीं होंगे . इसलिए समय पर वह मतदान करने नहीं पहुंच पाए. ऐसा अक्सर होता है कि अपने राज्य में नहीं होने और समय पर आने की व्यवस्था नहीं बन पाई होगी.

#### व्यवसाय से भी जुड़े हैं,इसलिए हजारीबाग में नहीं होंगे, तभी तो मतदान नहीं किया : सुरजीत



इस संबंध में कांग्रेस के ओबीसी स्टेट कोऑर्डिनेटर सुरजीत नाग वाला ने बताया कि हजारीबाग के पूर्व सांसद जयंत सिन्हा एक व्यवसाय से भी वह जुड़े हुए हैं. अगर मतदान नहीं कर पाए तो कोई न कोई कारण होगा. वह किसी काम से बाहर होंगे और समय पर नहीं पहुंच पाए होंगे. अगर वह हजारीबाग में होते तो मतदान जरूर करते. ऐसे जयंत सिन्हा के पूरे परिवार की ओर से मतदान किया गया है.

### किरीबुरु

#### जयंत सिन्हा और राज सिन्हा के खिलाफ नोटिस अप्रत्याशित नहीं ,सही निर्णय : राजू सांडिल



आजसू नेता सह अखिल झारखंड श्रमिक संघ के कोल्हान प्रभारी सुखराम उर्फ राजू सांडिल ने कहा कि राजनीतिक में विचारधारा, सिद्धान्त व अनुशासन का अब कोई महत्व और स्थान नहीं रह गया है. लोभ-लोलुप्ता हावी होती जा रही है. कोई भी परिवार या संगठन तभी आगे बढ़ता है जहां अनुशासन और संस्कार होते हैं. आज तो लोग स्वार्थ, सत्ता व पावर के लिए किसी भी स्तर पर गिर जाते हैं. ऐसा अक्सर देखा जा रहा है कि लोग जिस विचारधारा के तहत जनता का वोट पाकर लोकसभा व विधानसभा तक जाते हैं, लेकिन कुछ दिन बाद हीं पैसा व पावर के लोभ में जनता का विश्वास व वोट का अकेले सौदा कर दूसरे विचारधारा की गोद में जा बैठते हैं. भाजपा के पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा औप विधायक राज सिन्हा के खिलाफ कार्रवाई कोई नयी बात नहीं है. सभी राजनीतिक पार्टियों में ऐसे गलत विचारधारा वाले हैं. भाजपा ने बड़े संगठन विरोधी कार्यों की वजह से ही कारण बताओं नोटिस दिया है.

#### जो पार्टी में अनुशासन तोडेग़ा, उसके खिलाफ कार्रवाई तो होनी ही चाहिए : शंभू हाजरा



भाजपा एससी मोर्चा के पश्चिम सिंहभूम जिलाध्यक्ष सह पूर्व जीप सदस्य शंभू हाजरा ने कहा कि भाजपा अनुशासित व कार्यकर्ता आधारित पार्टी है. अगर कोई पार्टी संगठन के विरुद्ध कार्य करते हुये अनुशासन तोड़ने का कार्य करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई तो होना हीं चाहिये. उन्होंने कहा कि पार्टी एक नियम और सिद्धान्त से चलती है. पार्टी सिद्धान्तों के विरूद्ध किसी को नहीं जाना चाहिए. इच्छाएं सभी की अपार रहती है, लेकिन सभी की इच्छाएं पूरी हो यह असंभव है. संगठन हित में जो अच्छा कार्य करता है उसे उचित सम्मान भी पार्टी देती है.

#### किसी संगठन में रहकर संगठन विरोधी कार्य करना उचित नहीं है: लागुड़ा देवगम



पूर्व केन्द्रीय मंत्री जयंत सिन्हा व विधायक राज सिन्हा मामले में सारंडा पीढ़ के मानकी लागुड़ा देवगम का कहना है कि भाजपा ने जयंत सिन्हा व उनके पिता यशवंत सिन्हा को बहुत सम्मान दिया. यशवंत सिन्हा पहले से ही भाजपा के खिलाफ बगावती तेवर अपनाये हुये थे, उसके बावजूद उनके मंत्री बेटे को भाजपा सम्मान देते रही. जहां तक राज सिन्हा की बात है तो उनके बारे में कोई जानकारी नहीं है. संगठन व पार्टी विरोध में अगर दोनों कार्य किये होंगे तो कार्रवाई तो होनी चाहिये. हालांकि हम किसी राजनीतिक पार्टी से नहीं हैं . लेकिन किसी भी दल या संस्था में रहकर अगर उसके खिलाफ कोई गलत साजिश में शामिल रहे तो अवश्य कार्रवाई होनी चाहिए.

### जमशेदपुर

#### भारतीय जनता पार्टी व्यक्ति विशेष की पार्टी बन गई है वरिष्ठ कार्यकर्ता भी यह जान चुके हैं : गोल्डी तिवारी




जेएमएम नेता गोल्डी तिवारी ने कहा कि यह प्रमाण है कि भाजपा अब लोकतांत्रिक पार्टी नहीं है. भाजपा अब एक व्यक्ति विशेष की पार्टी हो गई है. भाजपा को मोदी जी और अमित शाह ही चला रहे हैं. मोदी जी किसी भी तरह अपने चेहरे पर चुनाव जीतना चाहते हैं. जयंत सिन्हा को भी प्रताड़ित किया गया है. इससे यह साबित हो गया है कि लोकतंत्र खत्म हो चुका है. स्वाभाविक है कि आज भी चुनाव लडा जा रहा है तो वो सिर्फ मोदी जी के नाम पर लड़ा जा रहा है. किसी प्रत्याशी को प्रमोट नहीं किया जा रहा है. सांसद को भी यही कहा जा रहा है कि वे खुद के नाम से नहीं जीत रहे हैं.

#### जयंत सिन्हा ने भाजपा का बहिष्कार किया है : प्रियंका कुमारी



प्रियंका कहना है कि जयंत सिन्हा ने एक तरह से भाजपा का बहिष्कार किया है. इससे यह साफ है कि भाजपा ने उन्हें तरजीह नही दी, जबकि वे भाजपा के एक वरिष्ठ नेता हैं और केंद्रीय मंत्री भी रह चुके हैं. इतने सालों से भाजपा का साथ देने के बावजूद भी भाजपा ने उन्हें टिकट न देकर मनीष जायसवाल को टिकट दे दिया. साफ जाहिर है कि भाजपा जयंत सिन्हा को सांसद बनते नहीं देखना चाहती. जयंत सिन्हा ने इन्ही सब कारणों से वोट नहीं दिया होगा.

#### भाजपा ने जो कार्रवाई की, वह बिल्कुल सही है : कल्पना



सोनारी निवासी कल्पना का कहना है कि देखा जाए तो भाजपा ने शोकोज कर ठीक ही किया है. यह पार्टी के ऊपर ही है कि वह किसे टिकट दे या न दे. पर जयंत सिन्हा को यह समझना चाहिए कि अगर वे भाजपा पार्टी से जुड़े हैं तो प्रत्याशी के लिए चुनाव प्रचार करे और अपने मत का प्रयोग करे. उन्होंने मतदान नहीं किया और न ही उन्होंने पार्टी प्रत्याशी मनीष जयसवाल के लिए चुनाव प्रचार किया है.

### पलामू

#### भाजपा के अंदर ही आग लगी हुई है : संजय सिंह यादव




जयंत सिन्हा और राज सिन्हा प्रकरण पर राजद के प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव ने कहा कि यह भाजपा का आंतरिक मामला है, इसलिए इस पर टिप्पणी ठीक नहीं होगी. हांलाकि उन्होंने कहा कि भाजपा में अंदर ही आग लगी हुई है और हाहाकार मचा हुआ है. देखते जाइए, आगे क्या क्या होता है. दूसरी ओर भाजपा के अधिकतर नेता इस मामले पर चुप हैं. वे कहते हैं कि यह संगठन का आंतरिक मामला है जिसे राज्य और केन्द्र हाईकमान देख रहे हैं.

#### अब भाजपा पहले वाली पार्टी नहीं रही : चंदन प्रकाश सिन्हा



झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय समिति सदस्य चंदन प्रकाश सिन्हा का कहना है कि भाजपा पहले वाली पार्टी नहीं रही. अब तानाशाह के द्वारा पार्टी चलायी जा रही है. यहां जनहित और आम अवाम बेरोजगारी, गरीबी की बात करने वालों की पूछ नहीं है. सिर्फ तलवा चाटने वाले ही पार्टी में सुरक्षित हैं. अपनी करनी का फल भाजपा वाले निश्चित पाएंगे .

### धनबाद

#### ऐसे लोगों के खिलाफ और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए: सतपाल सिंह



सिख वेलफेयर सोसाइटी के प्रदेश सचिव सतपाल सिंह ने कहा कि पार्टी का निर्णय बिलकुल सही है. राज सिन्हा और जयंत सिन्हा जैसे लोग पार्टी के दम पर ही आज किसी मुकाम पर हैं, लेकिन अब उन्हें पार्टी का निर्णय गलत लग रहा है. पार्टी के खिलाफ जा रहे हैं, यह गलत है और ऐसे लोगों के खिलाफ और सख्त कार्रवाई होनी चाहिए.

#### पूरा विवाद प्रत्याशी चयन को लेकर है : मुमताज आलम



कपड़ा व्यवसायी मुमताज आलम ने कहा कि यह पार्टी का आंतरिक मामला है. विधायक राज सिन्हा ने ऐसे क्यों किया है, यह भी जानने की जरूरत है. धनबाद में भाजपा खेमा दो हिस्सों में बंट गया है, यह पार्टी के आलाकमान को नहीं दिख रहा है. साफ झलक रहा है कि पूरा विवाद प्रत्याशी चयन को लेकर है, तो इसमें लोकल विधायक की मंशा जाननी चाहिए थी.

#### निर्णय गलत, विधायक की भी अपनी प्रतिष्ठा है : गुड्डू सिंह



बरारी निवासी गुड्डू सिंह ने कहा कि पार्टी का निर्णय बिलकुल गलत है. जब कोई प्रत्याशी स्थानीय विधायक या अन्य लोगों को नजर अंदाज करेगा तो फिर तो उन्होंने भी गलत नहीं किया है. क्योंकि यदि कोई प्रत्याशी लोकल विधायक को बिना बुलाए खुद प्रचार करता है तो फिर विधायक तो चुप होकर घर में ही बैठेंगे, आखिर उनकी भी अपनी कोई प्रतिष्ठा है या नहीं.

## बीजेपी के सांसद, विधायक और मंडल अध्यक्ष पर हुई कार्रवाई पर कांग्रेस ने उठाये सवाल,पूछा-

# भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने ढुल्लू महतो को शो कॉज क्यों नहीं किया?

**रांची।** भाजपा सांसद जयंत सिन्हा, विधायक राज सिन्हा और पांच मंडल अध्यक्षों को किये गये शोकॉज पर कांग्रेस ने भी सवाल उठाया है. कांग्रेस ने कहा है कि जब भाजपा प्रत्याशी ढुल्लू महतो ने अपने सांसद और विधायक की कार्यशैली पर सवाल उठाये , उस समय भाजपा के प्रदेश नेतृत्व ने ढुल्लू महतो को शो कॉज क्यों नहीं किया? ये भाजपा के दोहरे चरित्र को उजागर करता है.

#### जनता का दर्द पार्टी के विधायक ने बयां किया : सुखदेव भगत



लोहरदगा से कांग्रेस उम्मीदवार सुखदेव भगत ने कहा कि जनता का दर्द आम जनता ने नहीं बल्कि उनकी ही पार्टी के विधायक ने बयां किया है. जब एक विधायक आम जनता का दर्द बयां करता है, तो समझ में आता है कि स्थिति क्या है. गांधी के इस देश में हम सब अहिंसा में विश्वास करते हैं, लेकिन जो नाथू राम गोडसे के अनुयायी हैं, वे हिंसा में विश्वास करते हैं. जिसके अंदर जैसी भावना रहेगी, वह वैसी ही नजरों से लोगों को देखेगा. उन्होंने कहा कि भाजपा को अपना खजाना भरनेवाले प्रत्याशी की चिंता है.

#### राज सिन्हा ने कोई विवादित बयान नहीं दिया : संतोष सिंह



धनबाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष सिंह ने कहा कि विधायक राज सिन्हा ने कोई विवादित बयान नहीं दिया है. विधायक ने साफ छवि वाले को वोट देने की बात कही है. विधायक ने पंडित दीनदयाल के विचारों को रखते हुए कहा था कि अगर पार्टी सही उम्मीदवार का चयन नहीं करती है, तो जनता को वोट देने का अधिकार दिया गया है. जनता को मतदान के माध्यम से अपना सही-गलत का फैसला करना चाहिए. उन्होंने कहा कि जब ढुल्लू महतो ने अपने सांसद, विधायक और भाजपा नेत्री रागिनी सिंह के पति पूर्व विधायक संजीव सिंह पर भी सवाल उठाये थे, उस समय भी भाजपा प्रदेश नेतृत्व को ढुल्लू महतो को शो कॉज देना चाहिए था.

# रोजगार के घटते अवसर

भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने कंबोडिया और दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में नौकरी की तलाश में जा रहे भारतवासियों के लिए एडवाइजरी जारी की. इसके पहले खबर आई थी कि कंबोडिया से उन 250 भारतीयों को वापस लाया गया है, जो नौकरी के लालच में वहां जाकर घोर दुर्दशा में फंस गए थे. इसके साथ ही रोजगार के लिए विदेश जाने के लिए बेसब्र भारतीयों की मुश्किलों पर फिर ध्यान गया है. श्रम और साइबर सेफ्टी विशेषज्ञों का कहना है कि नौकरी के लिए परेशान लोगों को निशाना बनाने के लिए देश में ऑनलाइन जॉब स्कैम में हाल में तेजी से बढ़ोतरी हुई है. कंबोडिया में जो हुआ या उसके पहले अमेरिका में अवैध घुसपैठ के लिए जाने वाले भारतीयों को जिन हालात से गुजरना पड़ा, अथवा युद्धरत इजराइल जाने के लिए भारतीय श्रमिकों की जैसी कतार लगी, वह अपने-आप में बेहद दुखद है. लेकिन मुद्दा यह है कि आखिर ये हालत क्यों गंभीर होती जा रही है? जाहिर है, असल कारण देश में रोजगार के घटते अवसर हैं. देश में बेरोजगारी और कुशल स्थायी नौकरियों की कमी अपने चरम पर है. खासकर ग्रामीण इलाकों में संकट बेहद गहरा गया है. यह अकारण नहीं है कि मौजूदा लोकसभा चुनाव को भावनात्मक मुद्दों पर केंद्रित रखने की सत्ताधारी भाजपा की तमाम कोशिशों के बावजूद बेरोजगारी एक बड़ा मुद्दा बन गया है. जब ऐसे हालात हों, तो घोटालेबाजों के लिए अनुकूल स्थितियां सहज ही बन जाती हैं. वे विदेशों में आकर्षक करियर का वादा कर नौजवानों को फंसाते हैं. कंबोडिया गए नौजवानों के साथ भी यही हुआ. उन्हें सोशल मीडिया के जरिए फंसाया गया. सामने आई जानकारी के मुताबिक हजारों लोग कंबोडिया, लाओस और म्यांमार में जा फंसे हैं. इन लोगों को पहले एक ह्वाट्सऐप ग्रुप में जोड़ा गया, जिसमें एजेंटों ने उन्हें दक्षिण-पूर्व एशियाई देशों में मौजूद कथित वैकेंसी की जानकारी दी. वहां जाने के बाद नौजवानों को अहसास हुआ कि उनके साथ धोखा हुआ है. बेशक घोटालेबाजों पर तुरंत कार्रवाई होनी चाहिए. लेकिन अगर समस्या की जड़- यानी बेरोजगारी पर लगाम नहीं लगी, तो ऐसी घटनाओं को रोकना मुश्किल बना रहेगा. दूसरी ओर सरकार के ताजा आर्थिक आंकड़ों से सामने आई मुख्य सूचना यह है कि खाद्य पदार्थों के दाम अप्रैल में तेजी से बढ़े. लेकिन सरकारी बयान में यह बात कहीं नीचे बताई गई, यह बताने के बाद कि बीते महीने खुदरा महंगाई दर में गिरावट दर्ज हुई. मार्च में खुदरा महंगाई दर 4.85 फीसदी थी, जो अप्रैल में 4.83 प्रतिशत पर आ गई. यह कितनी बड़ी राहत है, इसका सहज अंदाजा लगाया जा सकता है. जबकि खाद्य पदार्थों की महंगाई दर 8.7 प्रतिशत पर पहुंच गई, जो चार महीने का सबसे ऊंचा स्तर है. मार्च में ये दर 8.5 प्रतिशत थी. मुख्य रूप से अनाज, दालें, खाद्य तेल और फल महंगे हुए. जब यह ट्रेंड हो, तो इसमें कोई हैरत की बात नहीं कि देश में अधिकांश आबादी के लिए उपभोग और आय के अनुपात में अपेक्षित सुधार नहीं हो रहा है. कोरोना काल की तुलना में सिर्फ सबसे ऊपरी दस फीसदी आबादी के मामले में यह अनुपात उल्लेखनीय रूप से सुधरा है.

> कंबोडिया गए नौजवानों के साथ भी यही हुआ. उन्हें सोशल मीडिया के जरिए फंसाया गया. सामने आई जानकारी के मुताबिक हजारों लोग कंबोडिया, लाओस और म्यांमार में जा फंसे हैं.

## सुभाषित

**वरं एको गुणी पुत्रो न च मूर्खशतान्यपि ।
एकश्चन्द्रस्तमो हन्ति न च तारागणोऽपि च ॥**

सौ मूर्ख पुत्र होने की अपेक्षा एक गुणवान पुत्र होना श्रेष्ठ है, अन्धकार का नाश केवल एक चन्द्रमा ही कर देता है, पर तारों के समूह नहीं कर सकते. इसलिए अधिक से अधिक पुत्रों की कामना करना निरर्थक और अनर्थकारी है. यही कारण है कि महाभारत संग्राम में पांडव के पांच पुत्र ही धृतराष्ट्र के सौ पुत्रों पर भारी पड़े.

# आधुनिक लोकतंत्र में सत्ता की वैधता

**भविष्य में कभी भी मूर्त रूप नहीं लेने वाले आदर्श के निर्माण के लिए सत्ता की वैधता का खुद निर्धारण करना ही राजनीतिक विचारकों की आधारभूत गलती रही. सत्ता की वैधता का निर्धारण बहुमत के चुनाव या दलीय राजनीति या किसी और प्रकार से नहीं हो सकता, बल्कि यह वैधता स्वीकृति से ही प्राप्त हो सकती है. कानून, विधान, शक्ति या आदर्श के आधार पर मनुष्यों से सत्ता की वैधता के निर्धारण में राजतंत्र की सफलता निहित नहीं है और न ही यह कभी हो सकता है.**



• देश-काल




डॉ. मयंक मुरारी

आधुनिक लोकतंत्र में समाज निर्माण की महती जिम्मेदारी राजनीतिज्ञ व राजनेताओं ने खुद पर ले ली है. इसी परंपरा का अनुसरण करते हुए भारतीय राजनीतिज्ञों ने समाज को धर्मनिरपेक्ष और अर्थसापेक्ष बना दिया. संविधान यानी भारतीय चेतना को एक दूसरी पटरी पर ले जाने की कोशिश, जो सैकड़ों सालों की धारा से विपरीत थी. समाज निर्माण एवं देश विकास की जिम्मेदारी अपने कंधे पर लेकर चलनेवाली इस राजनीति ने पिछले 75 सालों में समाज को ही तहस-नहस कर दिया. जिस देश की 70 फीसदी आबादी गांव में रहती है तो भविष्य का गांव कैसा होगा? इसका जवाब हमारे राजनीतिज्ञों एवं उसकी शासन व्यवस्था के पास नहीं है. हमारे विशाल ढांचे में भारतीयों के दो वर्ग हैं-उपभोक्ता और नागरिक. उपभोक्ता की संख्या 20 करोड़ है, जबकि बाकी देश के नागरिक हैं. वे बाजार के हाशिये पर हैं. जिनकी जेब जितनी बड़ी और मजबूत है, उसकी ही बाजार में पूछ है. ऐसे में सामाजिक विकास कैसे होगा? पिछले पांच सालों में हमारी विकास दर नौ फीसदी रही. इसपर हम गर्व करते हैं और चर्चा भी, लेकिन इस विकास दर की वजह से देश की गरीबी कितनी कम हुई. राजनीति शास्त्र का पुरा तंत्र राज्य के संदर्भ में मानव के विशिष्ट संबंधों को परिभाषित करता है. मानव के अधिकारों, कानूनों, नियमों, विधानों एवं संविधानों के संदर्भ में उस लोक कल्याणकारी राज्य के निर्माण की बात करता है, जो अतीत में न कभी हुआ और न कभी भविष्य में होगा. हां, राज्य को सत्ता, संप्रभुता, क्रांति, शक्ति, दबाव एवं चुनाव के माध्यम से अपने को अभिव्यक्त करने का अवसर जरूर मिलता रहा है.

राजनीति एवं राज्य सत्ता के अनुरूप इतिहास, सदैव आदर्श एवं शक्ति प्रयोग के इर्द-गिर्द सिमटा रहा है. कोई भी विचार हो या कोई राज्य सत्ता सभी ने अपनी वैधता को इसी आदर्श के आधार पर साबित किया है. राजसत्ता को भविष्य में प्राप्त होने वाला यह आदर्श प्रतिमान ही उसे हस्तक्षेप करने तथा बलप्रयोग का अधिकार दिया. यह सब इसलिए, किया गया, ताकि मनुष्य के जीवन को सफल बनाया जा सके. अपने इस आदर्श की प्राप्ति के लिए तथा हस्तक्षेप के अधिकार के लिए जो वैधता के आधार की खोज की गयी, वह भी लगातार बदलता रहा. राज्य सत्ता की वैधता का मूल स्रोत कभी दैवी शक्ति में खोजा जाता था, बाद में इसे सामाजिक समझौते में खोजा गया. इसे आमजन की इच्छा भी कहा गया. हॉब्स और लॉक के बाद रूसो ने इस सिद्धांत को सामान्य इच्छा बताया, जो फ्रांस की क्रांति का आधार बना. यह सामान्य इच्छा ही राज्य की संप्रभुता या क्रांति का कारण रही. यह सामान्य इच्छा (जनरल विल) कालक्रम में धीरे-धीरे सिकुड़ती चली गयी. यह सामान्य इच्छा पहले बहुमत प्राप्त दल, बाद में मंत्रिपरिषद और अंत में एक व्यक्ति में (चाहे वो तंत्र या व्यवस्था हो) सिमट कर रह गया. चाहे वह व्यक्ति कितना भी निरंकुश या पद के लिए अनुपयुक्त क्यों नहीं रहा हो. भविष्य में कभी भी मूर्त रूप नहीं लेने वाले आदर्श के निर्माण के लिए सत्ता की वैधता का खुद निर्धारण करना ही राजनीतिक विचारकों की आधारभूत गलती रही. सत्ता की वैधता का निर्धारण बहुमत के चुनाव या दलीय राजनीति या किसी और प्रकार से नहीं हो सकता, बल्कि यह वैधता स्वीकृति से ही प्राप्त हो सकती है. कानून, विधान, शक्ति या आदर्श के आधार पर मनुष्यों से सत्ता की वैधता के निर्धारण में राजतंत्र की सफलता निहित नहीं है और न ही यह कभी हो सकता है. इसके लिए व्यक्ति में निष्ठा को स्थापित करने संवेदना को अंकुरित करना होगा, ताकि मनुष्य एवं मनुष्य में अलगाव व दूरी नहीं हो. मनुष्य और समाज अपने को एक-दूसरे से अलग नहीं माने, बल्कि समाविष्ट समझे और मनुष्य तथा प्रकृति के बीच अन्योन्याश्रय संबंध बना रहे. इसके लिए राजनीतिक तंत्र और व्यक्ति को एक संपूर्ण व्यक्ति मानने की चुनौती स्वीकार करनी होगी. उसे पहले एक राजनीतिक या सामाजिक या आर्थिक प्राणी नहीं समझना होगा. वह संपूर्ण है और अंतिम भी. न वह साधन है और न साध्य. राजनीति शास्त्र की सबसे बड़ी चुनौती है कि वह मनुष्य को संपूर्ण व सार्वभौम सत्ता के अवयव के रूप से स्वीकार करे, जो अभी तक नहीं किया गया. यह चुनौती बड़ी है, क्योंकि इसमें व्यक्ति को 'मैं' की परिभाषा से बाहर निकालकर 'हम' की परिभाषा में शामिल होना होगा. तब वह अंदर देखेगा. अहं का नाश होगा और आत्मतत्व अपने को समूची सृष्टि से जोड़ सकेगा, जिसमें सभी मनुष्य, पशु-पक्षी या प्राणी की सत्ता है. वृहत्तर सत्ता का अंतर्बोध और उसके अवयवों से लगाव होने पर राज्य सत्ता को अपनी वैधता को स्थापित करने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि उसकी वैधता की स्वीकृति मिल जाती है. इससे व्यक्ति का विकास सर्वांगीण हो पाता है. हालांकि भारतीय चिंतन में सत्ता का वास्तविक केंद्र सत्ता से बाहर रहा है. जो सत्ता में नहीं है, और जो सत्ता से बाहर है, उसे शक्ति का और उसके जागरण व निर्माण का केंद्र माना गया. जो सत्ता में है, उसे तो केवल अपनी कुर्सी या ताज की चिंता रहती है और जो ताजविहीन है, उसे सत्ता तक पहुंचने की चिंता है. हमारे देश में तुलसीदास और उनकी रचना रामचरितमानस जीवन के रोम-रोम में समाविष्ट है. भूषण की शौर्याधारित कविताएं नस-नस को रोमांचित करती हैं. लेकिन कहां है अकबर और औरंगजेब? सूर, कबीर, रसखान और मीरा आज भी जीवित हैं. सत्ता भले ही चंद्रगुप्त के पास थी, लेकिन वास्तविक केंद्र तो चाणक्य ही था. अगर सत्ता की वैधता पद से होती, तो शिवाजी अपना मुकुट कभी भी समर्थ गुरु रामदास के समक्ष नहीं रखते. महात्मा गांधी सत्ता से दूर रहकर भी सत्ता को प्रभावित नहीं करते और महात्मा बुद्ध उसी पार्थिव सत्ता का क्योंकर त्याग करते?

• बोधि-वृक्ष | आचार्य तुलसी



# अहिंसा का आलोक

वे सभी व्यक्ति अहिंसा की शीतल छाया में विश्राम पाने के लिए उत्सुक रहते हैं, जो सत्य का साक्षात्कार करना चाहते हैं. अहिंसा का क्षेत्र व्यापक है. यह सूर्य के प्रकाश की भांति मानव मात्र और उससे भी आगे प्राणी मात्र के लिए अपेक्षित है. इसके बिना शांतिपूर्ण सहअस्तित्व की बात केवल कल्पना बनकर रह जाती है. अहिंसा का आलोक जीवन की अक्षय संपदा है. यह संपदा जिन्हें उपलब्ध हो जाती है, वे नए इतिहास का सृजन करते हैं. वे उन बंधी-बंधाई परंपराओं से दूर हट जाते हैं, जिनकी सीमाएं हिंसा से स्पृष्ट होती हैं. परिस्थितिवाद का बहाना बनाकर वे हिंसा को प्रश्रय नहीं दे सकते. अहिंसा की चेतना विकसित होने के अनंतर ही व्यक्ति की मनोभूमिका विशद बन जाती है. वह किसी को कष्ट नहीं पहुंचा सकता. इसके विपरीत हिंसक व्यक्ति अपने हितों को विश्व-हित से अधिक मूल्य देता है. किंतु ऐसा व्यक्ति भी किसी को सताते समय स्वयं संतप्त हो जाता है. किसी को स्वायत्त बनाते समय उसकी अपनी स्वतंत्रता अपहृत हो जाती है. किसी पर अनुशासन थोपते समय वह स्वयं अपनी स्वाधीनता खो देता है. इसीलिए हिंसक व्यक्ति किसी भी परिस्थिति में संतुष्ट और समाहित नहीं रह सकता. उसकी हर प्रवृत्ति मं एक खिंचाव-सा रहता है. वह जिन क्षणों में हिंसा से गुजरता है, एक प्रकार के आवेश के वशीभूत हो जाता है. आवेश का उपशम होते ही वह पछताता है, रोता है और संताप से भर जाता है, किंतु जब उथल-पुथल मचा कर समय निकल जाता है तो पछताने या रोने गाने का कोई लाभ नहीं होता. व्यक्ति विवश हो जाता है.यह अनुभव करने योग्य बात है कि एक हिंसक व्यक्ति जिस क्षण अहिंसा के अनुभाव से परिचित होता है, वह उसकी ठंडी छांह पाने के लिए मचल उठता है. उसका मन बेचैन हो जाता है, लेकिन वह अपने आप को बहुत अधिक समय तक रोक नहीं पाता. हिंस की बुराइयों से अवगत होने के बावजूद पूर्वोपात्त संस्कारों का अस्तित्व उसे बार-बार हिंसा की ओर धकेलता है. ये संस्कार जब सर्वथा क्षीण हो जाते हैं तब ही व्यक्ति अहिंसा के अनुत्तर पथ में पदन्यास करता है और स्वयं उससे संरक्षित होता हुआ अहिंसा का संरक्षक बन जाता है. अहिंसा के संरक्षक इस संसार के पथ-दर्शक बनते हैं और हिंसा, भय, संत्रास, अनिश्चय, संदेह तथा असंतोष की अरण्यानी में भटके हुए प्राणियों का उद्धार करते हैं. इसलिए कहा गया है कि अहिंसा से बड़ा कोई धर्म नहीं होता, जिसे सभी प्राणियों को आनंद मिलता है.

# कम होते दर्शकों के बीच बढ़ता कंटेंट

• मीडिया

वनिता कोहली खांडेकर

देसी अगाथा क्रिस्टी के नाम से मशहूर मंजरी प्रभु का कहना है, 'हमें अधिक लेखकों की नहीं, बल्कि अधिक पाठकों की आवश्यकता है.' मंजरी ने अनजाने में ही सही तेजी से डिजिटलीकृत हो रही दुनिया में मीडिया और मनोरंजन तंत्र के सामने आने वाली एक सबसे बड़ी चुनौती का जिक्र किया है. अब यह आलम है कि मनोरंजन कराने वाले और मनोरंजन करने वाले, सूचना देने वाले और सूचना पाने वाले, लेखक और पाठक, श्रोता और संगीतकार के बीच की सीमाएं समाप्त हो रही हैं. इन दिनों सोशल मीडिया और वीडियो के माध्यम से मीडिया के सितारों या विशेषज्ञ लोगों से बात करने, उन्हें महसूस करने की क्षमता के चलते लोग, अब केवल दर्शक बनकर नहीं रहना चाहते हैं बल्कि वे क्रिएटर बनना चाहते हैं. पहले इंटरनेट और फिर सोशल मीडिया के उभार ने जिस तरह की लोकतांत्रिक व्यवस्था कायम की उससे कई तरह के बदलावों को गति मिली. वर्ष 1995 में जब इंटरनेट की शुरुआत हुई या 1990 के दशक के अंत में गूगल सर्च या 2005 में यूट्यूब के साथ स्ट्रीमिंग वीडियो आया तब ये बातें इतनी स्पष्ट और आम नहीं थीं. यहां तक कि जब सोशल मीडिया जैसे कि फेसबुक (2004) और ट्विटर (2006 में अब एक्स) ने दस्तक दी थी तब भी चीजें इतनी स्पष्ट नहीं थीं. इसका सार यह है कि अब यह वैश्विक मीडिया अर्थव्यवस्था के कारोबारी और रचनात्मक दोनों हिस्सों को प्रभावित कर रहा है. इन सभी बदलावों में से दो बड़े बदलाव अब स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं. पहला कलाकारों और दर्शकों को अलग करने वाली सभी बाधाओं को खत्म करना है. जब भी कोई फिल्म रिलीज होती है या कोई शो आता है तब एक्स या इंस्टाग्राम पर आपको जबरदस्त तरीके से मीम, कमेंट, समीक्षाएं देखने को मिलती हैं. अधिकांशतः आम लोग यह बताने में बहुत खुशी महसूस करते हैं कि उन्हें किसी किताब, नाटक या कलाकृति में क्या चीज अच्छी लगी. आप सोच सकते हैं कि बड़ी तादाद में दी जा रही ऐसी राय के बीच पेशेवर फिल्म समीक्षक कहां होंगे. क्या अब उनकी कोई भूमिका है? लेकिन जो लोग प्रतिक्रिया देते हैं उनमें से कई को यह भी उम्मीद है कि लोग उनकी प्रतिभा स्वीकार करें. कई अन्य लोग अपनी प्रतिभा या कौशल से जुड़ा एक वीडियो बनाते हैं और दर्शकों को खोजने की उम्मीद में इसे अपलोड करते हैं. यही दूसरा बदलाव है. इसने साइबरस्पेस को एक खुला, वैश्विक, ऑडिशन थिएटर बना दिया है जहां जिसका जो मन करे वो दिखा सकता है. आप यहां यह भी बता सकते हैं कि आपकी बिल्ली कैसे सोती है या आपकी मां कैसे नाचती हैं. इसने कई

> दुनिया की सबसे बड़ी स्ट्रीमिंग सेवा, यूट्यूब पर लगभग 6.2 करोड़ क्रिएटर और 2.5 अरब दर्शक हैं. इस ब्रांड ने 2023 में विज्ञापन राजस्व से 31.5 अरब डॉलर कमाए हैं. इसका एक बड़ा हिस्सा पेशेवर वीडियो से नहीं बल्कि उपयोगकर्ता द्वारा बनाए गए वीडियो से आया है. इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि यूट्यूब क्रिएटर तंत्र को बड़ी सावधानी से बढ़ावा देता है.

प्रतिभाशाली लोगों को एक रास्ता दिया है जो विज्ञापन, स्ट्रीमिंग शो, छोटे वीडियो, संगीत या फिल्मों की दुनिया में आ जाते हैं. दुनिया की सबसे बड़ी स्ट्रीमिंग सेवा, यूट्यूब पर लगभग 6.2 करोड़ क्रिएटर और 2.5 अरब दर्शक हैं. इस ब्रांड ने 2023 में विज्ञापन राजस्व से 31.5 अरब डॉलर कमाए हैं. इसका एक बड़ा हिस्सा पेशेवर वीडियो से नहीं बल्कि उपयोगकर्ता द्वारा बनाए गए वीडियो से आया है. इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि यूट्यूब क्रिएटर तंत्र को बड़ी सावधानी से बढ़ावा देता है. क्रिएटर के लिए कई वेबसाइटें हैं और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस टूल्स का इस्तेमाल वीडियो बनाने, अपलोड करने और उससे कमाई को आसान बनाने के लिए किया जा रहा है. यूट्यूब किसी वीडियो को मिलने वाली विज्ञापन राशि का लगभग आधा हिस्सा क्रिएटर के साथ साझा करता है. आप दर्जनों ऐसे लोगों को यूट्यूब फैन फेस्ट और सम्मेलनों में बोलते हुए देखते हैं. ये वे लोग हैं जिन्हें ब्रांड, राजनीतिक दल और कभी-कभी फिल्म निर्माता भी ढूंढते हैं. इसी वजह से अब क्रिएटर शब्द, मशहूर हस्ती होने का पर्याय बन गया है. हालांकि तथ्य यह है कि केवल कुछ ही क्रिएटर जैसे कि भुवन बाम, जाकिर खान या रचना फाडके रानडे उस मुकाम तक पहुंच पाती हैं. यह किसी भी रचनात्मक क्षेत्र के विपरीत रुझान नहीं है जहां अभिनेताओं, लेखकों, संगीतकारों, कलाकारों या गीतकारों का एक छोटा हिस्सा ही लंबे समय में हिट हो पाता है. रचनात्मक कारोबार की प्रकृति ऐसी ही होती है और केवल सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ ही शीर्ष पर पहुंचते हैं. दरअसल बाजार जितना अधिक प्रतिस्पर्धी और वैश्विक स्तर के लायक होगा, सफलता पाना उतना ही कठिन होता जाएगा. इसे इस तरह इसे देखा जा सकता है कि भारत में एक वर्ष में 1,700-1,900 फिल्में बनती हैं. इनमें से केवल एक-तिहाई ही पैसा कमा पाती हैं या फिर नफा-न नुकसान के स्तर पर पहुंचती हैं. इसमें वे सभी कारक मसलन सिनेमाघरों, स्ट्रीमिंग अधिकारों आदि से होने वाली सभी संभावित आय शामिल है. बाकी फिल्में फ्लॉप हो जाती हैं.

# एक नये विश्व युद्ध की जमीन तैयार

• देशांतर

मुकेश असीम

फलस्तीन में जारी जायनिस्ट जनसंहार, पश्चिम एशिया के ईरान, सीरिया, लेबनान, इराक आदि पर अमेरिका-नाटो की मदद से इजरायली हमले, ईरान व उसके हिजबुल्लाह जैसे सहयोगियों द्वारा इसका प्रत्युत्तर, यमन के हूथी शासकों द्वारा पश्चिमी देशों के लिए लाल सागर व स्वेज नहर की बंदी, उक्रेन में रूस-नाटो जंग, ताईवान पर चीन-अमेरिका में बढती तनातनी, अमेरिका-नाटो द्वारा इजरायल, उक्रेन, ताईवान आदि को सैन्य मदद के ऐलान, मैक्रों-सूनक के बारंबार जंगखोर उन्मादी ऐलान, अफ्रीका के सहेल क्षेत्र के देशों में रूसी मदद से फ्रांस-अमेरिका को बाहर खदेड़ने की कोशिशें, उत्तर व दक्षिण कोरिया में तेज होती जबानी जंग व लाइव गोलाबारूद वाले जंगी अभ्यास, दक्षिण चीन सागर में चीन द्वारा फिलीपीनी नौकाओं को रोकने, अजरबैजान-आर्मिनिया-जार्जिया आदि में रूस, अमेरिका, तुर्की की दखलंदाजी, वेनेजुएला-गुयाना में संभावित पेट्रोलियम उत्पादक क्षेत्र पर दावों का टकराव, आदि मिलकर एक नये विश्व युद्ध के लिए स्थिति को पूरी तरह तैयार कर चुके हैं. हालांकि फिलहाल इस जंग को कुछ क्षेत्रों तक सीमित रखने की कोशिशें जारी हैं. पर ये टकराव जिस प्रकार बढ़ रहे हैं, इसके कभी भी अनियंत्रित हो पूर्ण युद्ध में बदल जाने का जोखिम बढ़ता ही जा रहा है.

7 अक्टूबर को हमास व अन्य फलस्तीनी संगठनों द्वारा हमले के बाद गाजा पट्टी में दशकों से सख्त दमनचक्र चलाते आ रहे इजरायली जायनिस्टों ने उस पूरे क्षेत्र से फलस्तीनी आबादी का नस्ली सफाया कर देने के मकसद से वहां नृशंस जनसंहार आरंभ कर दिया. इस जनसंहार को अमेरिकी नेतृत्व वाले पश्चिमी साम्राज्यवाद का खुला समर्थन व हर तरह की मदद हासिल है. किंतु इससे इजरायल के खिलाफ दुनिया भर में जो रोष व्याप्त हुआ है उसने उसकी स्थिति बेहद कमजोर बना दी है. 1 अप्रैल को इजरायल द्वारा दमिश्क (सीरिया) स्थित ईरानी कौंसुलेट पर हमले में आठ वरिष्ठ ईरानी फौजी अफसरों की मृत्यु हो गई. इसके जवाब में ईरान द्वारा इजरायल पर 300 ड्रोन व मिसाइलों द्वारा हमला किया गया. यह हमला एक प्रकार से अग्रिम चेतावनी व धीमी गति के हथियारों से किया गया था. इजरायल ने अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस व जॉर्डन की मदद से इनमें से अधिकांश को मार

> ईरान भी इस पश्चिमी साम्राजी खेमे के खिलाफ पश्चिम एशियाई खासकर अरब अवाम में भारी रोष है, मगर अरब मुल्कों के शासकों द्वारा पश्चिम के फौजी एजेंट इजरायल के साथ सहयोग से उत्पन्न स्थिति का लाभ उठाकर इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है. इस बीच अमेरिकी साम्राज्यवाद ने दुनिया में पश्चिमी हितों के लिए युद्धरत देशों को 95 अरब डॉलर की 'मदद' का ऐलान किया है.

गिराया, पर इजरायल के आइरन डोम हवाई सुरक्षा को तोडते हुए कुछ मिसाइल निशाना बनाए गए फौजी हवाई अड्डों को नुकसान पहुंचाने में सफल हुईं. अधिकांश विश्लेषकों द्वारा माना जा रहा है कि बेंजामिन नेतन्याहू दुनिया भर में गजा पट्टी में इजरायली जनसंहार के प्रति बढते विरोध के कारण इससे ध्यान हटाने एवं घरेलू राजनीतिक असंतोष से खुद की सत्ता बचाने दोनों ही वजहों से ईरान के साथ जंग छेड़ने की कोशिश में था. ऐसी जंग छिड़ने पर उसमें अमेरिकी नेतृत्व वाले अमेरिकी सैन्य खेमे को शामिल होना जरूरी हो जाता. उधर ईरान भी इस पश्चिमी साम्राजी खेमे के खिलाफ पश्चिम एशियाई खासकर अरब अवाम में भारी रोष है, मगर अरब मुल्कों के शासकों द्वारा पश्चिम के फौजी एजेंट इजरायल के साथ सहयोग से उत्पन्न स्थिति का लाभ उठाकर इस क्षेत्र में अपना प्रभाव बढ़ाने की कोशिशों में जुटा है. इस बीच अमेरिकी साम्राज्यवाद ने दुनिया में पश्चिमी हितों के लिए युद्धरत देशों को 95 अरब डॉलर की 'मदद' का ऐलान किया है. यह रकम अमेरिकी हथियार निर्माता कंपनियों को मिलेगी जो इससे उक्रेन, इजरायल, ताईवान जैसे देशों को और नये घातक अस्त्र शस्त्रों की आपूर्ति करेंगे. उक्रेन को लंबी दूरी तक मार करने वाली मिसाइलें तथा एफ 16 युद्धक विमान भी भेजे जा रहे हैं, जिससे वह रूस के सुदूर अंदरूनी क्षेत्रों तक पर हमला कर सके. अमेरिकी संसद के दोनों सदनों में डेमोक्रेटिक व रिपब्लिकन दोनों पार्टियों ने जिस भारी बहुमत से इस कानून को पारित कर इजरायल, उक्रेन व ताईवान तीनों को एक ही साथ जोड़ दिया है वह बताता है कि पश्चिमी साम्राजी धुरी के लिए यह तीनों अलग-अलग नहीं, एक ही बड़ी वैश्विक जंग के ही तीन मोर्चे हैं और यह जंग चीन, रूस व ईरान की पश्चिम को चुनौती देने वाली विरोधी साम्राजी धुरी के खिलाफ है.

## मीडिया में अन्यत्र

# मतदाताओं की उदासीनता, कम मतदान

**सोमवार** को आम चुनाव का पांचवां चरण संपन्न हुआ, जिसमें सबसे कम, 49, सीटों के लिए वोट डाले गये. लेकिन इसमें उत्तर प्रदेश की रायबरेली, अमेठी और फैजाबाद जैसी बेहद महत्वपूर्ण सीटें, महाराष्ट्र में मुंबई, ठाणे और नासिक के शहरी इलाके, पश्चिम बंगाल का दक्षिणी हिस्सा (जहां 2019 में भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस के बीच जबरदस्त मुकाबला देखा गया था) शामिल हैं. इसके अलावा, ओडिशा की दक्षिण-पश्चिमी सीटों पर विधानसभा और लोकसभा चुनावों के लिए साथ-साथ मतदान हुआ. महाराष्ट्र में, मुख्य क्षेत्रीय दलों में हुई टूट ने उसे बिहार, कर्नाटक और पश्चिम बंगाल के साथ ला खड़ा किया है जो सबसे तगड़ी जंग वाले राज्य हैं. बाकी देश से तुलना करने पर महाराष्ट्र में मत प्रतिशत अपेक्षाकृत कम रहा. मुंबई ने मतदाता उदासीनता की अपनी नकारात्मक पहचान को बरकरार रखा. उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाला शिवसेना-का-धड़ा इन सीटों को अपने मजबूत गढ़ों में शुमार करता है और यहां उसके गठबंधन का प्रदर्शन मौजूदा जंग के साथ-साथ इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव की जंग की दिशा तय करेगा. महा विकास अघाड़ी-महायुति गठबंधनों के मुकाबले ने राज्य में मौजूद पार्टियों के लिए समर्थन-आधारों के पारंपरिक पैटर्न को उलट दिया है और यह चुनाव विभिन्न ताकतों के एक नये सह-संबंध की शुरुआत कर सकता है. उत्तर प्रदेश में, विपक्ष चुनावी मुकाबले को रोजी-रोटी से जुड़े मुद्दों पर बनाये रखने में सफल है और उसने इसे भाजपा के लिए बहुत आसान होने से रोक दिया है. भाजपा ने राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा मुद्दे का इस्तेमाल करके एक और लगभग पूर्ण-जीत दर्ज करने की कोशिश की है. रोजी-रोटी पर विपक्ष के फोकस से उसे बिहार में अधिक फायदा मिलने की उम्मीद है, जहां रोजगार के मुद्दे पर राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव के अथक प्रचार ने चुनावों को और भी प्रतिस्पर्धात्मक बना दिया है. भाजपा गरीब मतदाताओं और महिलाओं के समर्थन की उम्मीद में, अब कल्याणकारी योजनाओं को लोगों तक पहुंचाने के मामले में अपने रिकॉर्ड पर भरोसा करना चाह रही है.



उत्तर प्रदेश में पांचवें चरण में मत प्रतिशत चौथे चरण में दिखे रुझान के ही अनुरूप है. राज्य में दूसरे और तीसरे चरण के मुकाबले बेहतर आंकड़े दर्ज किये गये हैं. वहीं बिहार के प्राथमिक रुझान पिछले चरणों की तुलना में थोड़ी गिरावट का संकेत करते हैं. देश भर में मत प्रतिशत, आम तौर पर, 2019 के मुकाबले कुछ कम रहा है. (द हिंदू)

## शब्द चर्चा

डॉ. विनय कुमार पाण्डेय

### भव/भय

**विद्या** की देवी माता सरस्वती से की गयी एक विनती है-वीणा पुस्तक धारिणी, भव-भय हारिणी, जगतारिणी. हिंदी साहित्य के भक्तिकाल में तुलसीदास, सूरदास आदि समस्त भक्त कवियों ने भव-भय शब्द का प्रयोग अवश्य ही किया है और उन्होंने अपने इष्ट देवों और देवियों को भव यानी संसार के भय का हरण करनेवाला बताया है. प्रस्तुत प्रार्थना में भी माता सरस्वती को भव के सभी भयों को दूर करनेवाली बताया गया है. देखते हैं यह भव क्या है और भय क्या है. हिंदी शब्दसागर के अनुसार भव अनेकार्थक शब्द है. भव का मतलब है उत्पत्ति, जन्म, शिव, मेघ, बादल, कुशल, संसार, जगत, सत्ता, प्राप्ति, कारण, हेतु, कामदेव, संसार का दुःख, जन्म-मरण का दुःख, सत्ता, अग्नि, मांस. गोस्वामी तुलसीदास ने रामचरित मानस में भव शब्द का प्रयोग भय के अर्थ में इस प्रकार किया है-भव भंजन रंजन सुर जूथा, त्रातु सदा नो कृपा बरूथा. भव का अर्थ है शुभ, कल्याणकारक, उत्पन्न, जन्मा हुआ. संस्कृत भाषा में भू धातु जब क्रिया का रूप धारण करती है तो वह भव बन जाती है. जैसे भवति का मतलब 'होता है'. हालांकि भवती बोलने या लिखने से उसका अर्थ अलग हो जाता है. यानी भवती का मतलब, एक प्रकार का जहरीला वाण, चमक, दीप्ति, संस्कृत व्याकरण के अनुसार भवत् का स्त्री रूप, श्रीमती, आदरणीय महिला. भगवान शिव को भवनाथ कहा जाता है, मतलब हुआ कि भगवान शिव इस संसार के स्वामी हैं. अब भय पर विचार करते हैं. भय एक प्रसिद्ध मनोविकार है, जो किसी भीषण आपदा अथवा होनेवाली भारी हानि की आशंका से उत्पन्न होता है और जिसके साथ उस आपत्ति अथवा हानि से बचने की इच्छा लगी रहती है. भारी अनिष्ट या विपत्ति की संभावना से मन में होनेवाला क्षोभ, डर, भीति, खौफ. यदि यह विकार सहसा और अधिक मान में उत्पन्न हो तो शरीर कांपने लगता है, चेहरा पीला पड़ जाता है, मुंह से शब्द नहीं निकल पाता और कभी-कभी हिलने-डुलने तक की शक्ति भी नहीं रह जाती है.

# वरिष्ठ नागरिक होने की विडंबना

• तीर-तुक्का

रवि प्रकाश

वरिष्ठ नागरिक बनने या साठ साल का होने का अर्थ यह नहीं है कि पत्नियां नजर रखना छोड़ दें या सतर्कता बरतना समाप्त कर दें. पतियों के बिगड़ने की गुंजाइश तो रहती ही है. किस से मेलजोल है ,किस से मित्रता है और बात कहाँ से कहाँ तक पहुंच रही है, उसका लेखा-जोखा हर पत्नी को अपने वरिष्ठ नागरिक पति के बारे में भी रखना चाहिए अन्यथा तलाक कोई मुश्किल बात नहीं है. यह तो दिल आने की बात होती है. जिसका जिससे तारतम्य बैठ गया ,समझ लो वह उसी की सुर–ताल में मगन हो गया. कवि को कवयित्री मिल गई ,गायक को गायिका मिल गई. पति को तो मिल गई ,लेकिन पत्नी के हाथ से पति चला गया. इसलिए पतियों के जीवन में वरिष्ठ नागरिक बनने के बाद जो परिवर्तन आते हैं, उन्हें नोट किया जाना चाहिए. क्या पतियों का स्वभाव चंचल तो नहीं होने लगा? कुछ चटक-मटक की रंगीन कपड़ों की फरमाइश तो नहीं होने लगी? चाट खाने का शौक तो पैदा नहीं हुआ? तीखी मिर्ची खाना कई लोग साठ के बाद शुरू करते हैं. इन सबसे वरिष्ठ नागरिकों में होने वाले हार्मोन के परिवर्तन को पहचानने की जरूरत है. पति बेचारे वरिष्ठ नागरिक बनने के बाद भी बहुत परेशान रहते हैं. गलती दो-चार लोग करते हैं, बिगड़ते नाममात्र लोग हैं और सजा सबको भुगतनी पड़ती है.



इधर वरिष्ठ नागरिक बने, उधर सारी चीजों पर प्रतिबंध लग जाता है. जरा-सी भी कोई गलत हरकत हुई तो यह माना जाता है कि इनके हार्मोन में कोई परिवर्तन आने लगा है. बस पत्नी जी का अनुशासन का चाबुक चलना शुरू हो जाता है. चटोरी जीभ पर भी प्रतिबंध लगने आरंभ हो जाते हैं. तली हुई पूड़ियां और कचौड़ियां एकदम बंद हो जाती हैं. अगर पराठे पर भी ज्यादा घी लगवाओ तो यह नसीहत सुनने को मिलती है कि अब तो साठ के हो गए, कब तक घी के परांठे खाओगे? जलेबी–इमरती आदि गरम-गरम खाने का मन करे, तो भी यही उपदेश सुनने को मिलते हैं कि साठ के हो गए, कुछ तो जीभ पर कंट्रोल करो. कुछ बातें तो अपनी जगह सही हैं कि उम्र के साथ-साथ पाचन शक्ति थोड़ी कम होती जाती है. लेकिन ऐसा भी क्या उम्र का रोना कि न कुछ खाओ, न चटक-मटक का पहनो, न बढ़िया जगहों पर घूमने के लिए जाओ. साठ साल का हो जाने के कारण दिनभर बैठकर धर्मग्रंथों का पाठ तो सबसे नहीं होगा. मुसीबत सचमुच उन लोगों की है, जिनकी आयु तो साठ वर्ष की हो गई है, लेकिन शरीर बूढ़ा नहीं हुआ है और मन तो अभी भी हवा से बातें करता है. वह गाना चाहते हैं कि .....अभी तो मैं जवान हूँ...मगर उनकी आवाज घुट कर रह जाती है या यों कहिए कि समाज उन्हें बोलने नहीं देता. बेचारे वरिष्ठ नागरिक पतिदेव !



# बुद्धं शरणं गच्छामि

पूरे झारखंड में कई साक्ष्य ऐसे मिलते रहे हैं जिनके आधार पर यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि एक जमाने में यानी कि लगभग 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच झारखंड पूरी तरह से बौद्ध धर्म के प्रभाव में था. जितने बौद्ध स्थल पाए गए हैं उनके आधार पर निश्चित तौर पर झारखंड में भी बौद्ध सर्किट तैयार किया जा सकता है. इससे हमारे राज्य में धार्मिक पर्यटन का वैसे ही विकास हो सकता है जैसे बिहार राज्य में बोधगया के कारण हुआ है.

# बुद्ध पूर्णिमा बौद्ध धर्म और झारखंड





डॉ. हरेन्द्र सिन्हा
पुरातत्ववेत्ता

बुद्ध पूर्णिमा भारत सहित दक्षिण एशिया के अनेक देशों में अत्यधिक भव्यता के साथ मनाया जाता है. इस विषय में मान्यता यह है कि बैसाख पूर्णिमा के दिन ही सिद्धार्थ गौतम यानी बुद्ध भगवान के जीवन की तीन महत्वपूर्ण घटनाएं घटित हुई थीं, एक तो उनका जन्म इस तिथि को हुआ था, दूसरा उन्हें बोधिसत्व की प्राप्ति भी इसी तिथि को हुई थी और तीसरा कि उनका महापरिनिर्वाण, यानी अवसान भी कुशीनगर में इसी तिथि को हुआ था. इसीलिए भारत में इस दिन को अब बुद्ध पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है. साथ ही, इस तिथि पर भारत सहित दक्षिण पूर्व एशिया के अनेक देशों में बौद्ध मंदिरों में बड़े आयोजन होते हैं. आज दुनिया के लगभग 40 देशों में बौद्ध धर्म का प्रभाव प्रमुखता से दिखता है. यहां तक कि बौद्ध धर्म के जन्म स्थल भारत से भी अधिक प्रभावशाली ढंग से भूटान, म्यांमार, श्रीलंका और कंबोडिया में बौद्ध धर्म स्थापित है, जहां ये राजकीय धर्म घोषित है. इन देशों के अलावा बौद्ध धर्म का स्पष्ट प्रभाव चीन, जापान, साउथ कोरिया आदि जैसे देशों में भी देखा जा सकता है. भारत तो बौद्ध धर्म के जन्म एवं प्रचार प्रसार का केंद्र ही रहा है, लेकिन ऐसे साक्ष्य भी प्रचुरता से मिले हैं, जिनसे सिद्ध होता है कि भारत के कई अन्य राज्यों की भांति झारखंड भी 10वीं-12वीं शताब्दी के आसपास लंबे समय तक बौद्ध धर्म के सक्रिय प्रभाव में रहा है.

### झारखंड के जर्रे-जर्रे में बौद्ध धर्म के पुरातात्विक साक्ष्य

जब बिहार से झारखंड राज्य अलग हुआ तब से ही इतिहास और पुरातत्व के क्षेत्र में जो भी शोध हुए, उनसे क्रमशः स्पष्ट होता गया कि पहले जो हमारी धारणा थी कि बोध गया के आसपास ही बुद्ध का प्रभाव रहा, वो ग़लत थी. क्योंकि झारखंड राज्य के हर क्षेत्र में बौद्ध धर्म से संबंधित पुरातात्विक सामग्रियां उपलब्ध होने लगीं और कई ऐसे महत्वपूर्ण स्थल भी मिले, जहां अत्यंत प्रमुखता से बौद्ध धर्म से संबंधित पुरातात्विक साक्ष्य उपलब्ध हैं. तो, अब ये निर्विवादित रूप से कहा जा सकता है कि बोधगया और सारनाथ के बीच, झारखंड का बहुत बड़ा इलाका है, जिसमें कई स्थानों पर स्वयं बुद्ध काल में और उनके बाद भी, बुद्ध की विचारधाराओं का प्रचार प्रसार होता रहा. स्थानीय लोग उससे प्रभावित भी हुए और इसी कारण हम बुद्ध के महापरिनिर्वाण के लगभग 15-16 सौ सालों बाद भी पाते हैं कि झारखंड के विभिन्न क्षेत्रों में बुद्ध से संबंधित अनेक प्राचीन मंदिर, विहार आदि का निर्माण होता रहा.

### झारखंड से गौतम बुद्ध का नाता

जब 2000 ईस्वी में झारखंड राज्य का गठन हुआ उसके बाद से झारखंड राज्य के कला संस्कृति विभाग द्वारा इस क्षेत्र में सांस्कृतिक शोध के संबंध में कुछ कदम उठाए गए. जिस प्रकार मशहूर पुरातत्ववेत्ता कनिंघम ने प्राचीन भारतीय साहित्यों का सहारा लेकर देश भर में बुद्ध से संबंधित अनेक प्राचीन स्थलों को खोजा, उसी प्रक्रिया को अपनाते हुए यहां भी प्रयत्न किये गए, जिससे बौद्ध स्थलों की खोज की जा सके. शुरुआती दौर में बोधगया के बगल में स्थित चतरा ज़िला से काफी जानकारियां प्राप्त होने लगीं और हमारी यह धारणा मजबूत हुई कि झारखंड से गौतम बुद्ध और बौद्ध धर्म का नाता रहा है.

### चतरा में मिली 500 पुरानी मूर्तियां

झारखंड के चतरा ज़िला में इटखोरी नामक स्थल पर एक मंदिर के निर्माण के लिए खुदाई के दौरान लगभग 500 प्राचीन मूर्तियां प्राप्त हुईं जिनमें से अधिकांश बौद्ध धर्म से संबंधित पाई गईं, चाहे वो भूमि स्पर्श मुद्रा सहित अन्य मुद्राओं में बुद्ध की मूर्तियां हों या प्राचीन बौद्ध मंदिरों के स्थापत्य अवशेष हों. इसी आधार पर यहां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा 2011-12 में खुदाई शुरू की गई जो दो सीजन चली और यहां एक बौद्ध स्तूप से संबंधित अवशेष तथा कुछ छोटे-छोटे मनौती स्तूप आदि मिले जो पूर्व में यहीं से प्राप्त मूर्तियों से मिलते जुलते हैं और जिनकी अनुमानित तिथि लगभग 12वीं शताब्दी रखी गई है. इस पर आगे शोध जारी है.

## यहां बौद्ध देव अवलोकितेश्वर की मूर्ति

समीप में ही अवस्थित कौलेश्वरी पहाड़ के सर्वेक्षण के दौरान यह देखा गया कि वहां नकटी देवी के नाम से जिस मूर्ति की पूजा की जाती है वो वस्तुतः बौद्ध देव अवलोकितेश्वर की मूर्ति है. इसी तरह की बहुत सी भ्रांतिपूर्ण स्थिति इस क्षेत्र में पाई गई है. हज़ारीबाग के करीब करीब हर गांव में जो मूर्तियां पाई जा रही हैं वो ज्यादातर बौद्ध धर्म से संबंधित देवी देवताओं की हैं, लेकिन जानकारी के अभाव में इन सभी की पूजा, आराधना देवी हिंदू देवी देवताओं का नाम देकर की जा रही है.



## हजारीबाग में मिले बौद्ध धर्म के कई साक्ष्य

हज़ारीबाग़ ज़िले के चौपारण प्रखंड, जो इटखोरी के समीप ही अवस्थित है, में मानगढ़ नामक गांव में वर्ष 2004-05 में ही एक अन्वेषण के दौरान गांव के अंदर एक बहुत बड़ा स्तूप देखा गया जिस पर अब बहुत सारे घर भी बना दिए गए हैं. इसीलिए वहां संभवत खुदाई संभव नहीं होगी. लेकिन ये निश्चित तौर पर झारखंड के सबसे बड़े स्तूपों में से एक है, जो अब ज़मींदोज़ है.
हाल ही में भारतीय सर्वेक्षण पुरातत्व सर्वेक्षण द्वारा हज़ारीबाग़ ज़िले के अंतर्गत बहोरनपुर नामक स्थल पर दो टीलों की खुदाई में 11वीं-12वीं शताब्दी के एक बौद्ध मठ खोद निकाला है जहां दो कक्षों में स्थापित बुद्ध मूर्तियां बेहतरीन हालत में निकाली गई हैं. इनके अतिरिक्त यहां 8-10 मूर्तियां और भी निकली हैं.



### बुद्ध नदी के तट पर

सिमरिया प्रखंड के पास बुद्ध नदी के तट पर एक शिव मंदिर दिखलाया गया जिसका अवलोकन करने से मालूम हुआ कि उसमें भी अवलोकितेश्वर की मूर्ति को शिव का रूप मानकर पूजा की जा रही है. इस मूर्ति की तिथि भी लगभग 10वीं 12वीं शताब्दी है क्योंकि इसके पेडेस्टल पर प्रोटो बंगाली लिपि में दो पंक्तियों का लंबा अभिलेख भी लिखा हुआ है.

### बौद्ध देवी मारिच व तारा की प्राचीन मूर्तियां

इटखोरी सहित आसपास के अन्य क्षेत्रों में अन्वेषण कार्यक्रम लगातार जारी रखा गया और इसी क्रम में इटखोरी मंदिर से लगभग 8 किलोमीटर की दूरी पर दैहर, सोहरा आदि स्थलों पर ढेर सारी बौद्ध मूर्तियां देखी गईं, जो संभवत किसी कुएं वगैरह की खुदाई में पाई गई थीं और जिन्हें एक पेड़ के नीचे जमा करके रख दिया गया है. इन मूर्तियों को भी हिंदू धर्मावलंबी कमला माता या समोखर माता के नाम से पूजा करते हैं. कमला माता की मूर्तियों का नजदीक से अध्ययन करने पर यह स्पष्ट हो जाता है कि दरअसल यह बौद्ध देवी मारिच की मूर्ति है और समोखर माता नाम से जिस मूर्ति की पूजा की जाती है दरअसल बौद्ध देवी तारा की मूर्ति है.

### स्तूप में छिपे साक्ष्य!

इटखोरी स्थित भद्रकाली मंदिर से चार पांच किलोमीटर की दूरी पर बिहार स्थली नामक एक स्थान है जहां पर अन्वेषण के क्रम में मिट्टी से ढंका एक स्तूप पाया गया था जो एक छोटे से तालाब के पार्श्व में अवस्थित है. इसकी खुदाई का प्रस्ताव भी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण को भेज कर अनुमति प्राप्त कर ली गई थी लेकिन स्थानीय समस्याओं के कारण इसका उत्खनन नहीं कराया जा सकता.

### जोन्हा जलप्रपात के निकट गौतम धारा

रांची ज़िले में भी सिल्ली प्रखंड के अंतर्गत गौतम धारा नामक स्थान, जोन्हा जलप्रपात के समीप है, जो नाम से ही स्पष्ट होता है कि बौद्ध स्थल रहा होगा. लेकिन यहां विशेष शोध नहीं किए गए हैं. हां एक आधुनिक बौद्ध मंदिर यहां बना हुआ है, जिसका बहुत बड़ा परिसर है. यहां विशेष अन्वेषण कर इस स्थान को विकसित करने की आवश्यकता है.

### गुमला व सिमडेगा में भी बुद्ध की कई मूर्तियां

गुमला और सिमडेगा नमक ज़िलों में भी बुद्ध की अनेक मूर्तियां पाई गई हैं. विशेष कर के तुंगाधाम में बुद्ध की, बैठी हुई मुद्रा में, एक मूर्ति पाई गई है. यहीं पर अनेक अन्य बौद्ध मूर्तियां भी पाई गई हैं जो पुरातात्विक दृष्टि से अत्यधिक महत्वपूर्ण हैं और ये साबित करती हैं कि इन क्षेत्रों में भी बौद्ध धर्म का व्यापक प्रभाव प्राचीन काल में रहा है. संरक्षण के अभाव में कई बार ऐसी मूर्तियों की चोरी हो जाती है अथवा सामाजिक तत्व द्वारा तोड़फोड़ कर दी जाती है.

### पलामू में बौद्ध अवशेषों की भरमार

पलामू जिले के सहरबीरा में एक विशाल स्तूप के अवशेष देखे गए हैं जिसके किनारे पर एक स्तंभ जैसा गड़ा हुआ है जो काफी गहरा प्रतीत होता है और उसके एक फलक पर बुद्ध भगवान की मूर्ति का सर दिखाई देता है और उसके दूसरी तरफ एक दानव का सर है.

### झारखंड में तैयार हो बौद्ध सर्किट

पूरे झारखंड में कई साक्ष्य ऐसे मिलते रहे हैं जिनके आधार पर यह निश्चित तौर पर कहा जा सकता है कि एक जमाने में यानी कि लगभग 10वीं से 12वीं शताब्दी के बीच झारखंड पूरी तरह से बौद्ध धर्म के प्रभाव में था. इस संबंध में और अधिक शोध की आवश्यकता है तब हम स्थाई रूप से और निश्चित रूप से कुछ कह सकेंगे. फिलहाल जो कुछ भी सामग्रियां प्राप्त हुई है उन सब के संरक्षण और विकास की जिम्मेदारी भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के रांची केंद्र की है. इस संदर्भ में लगभग 2005-06 में झारखंड सरकार से लिखित अनुरोध दिया गया था कि इन अन्वेषणों के दौरान जितने बौद्ध स्थल पाए गए हैं उनके आधार पर निश्चित तौर पर झारखंड में भी बौद्ध सर्किट तैयार किया जा सकता है. लेकिन सरकार के स्तर पर कोई पहल न हुई तब चतरा के तत्कालीन सांसद महोदय से संपर्क किया गया और उन्होंने इस दिशा में बहुत कार्रवाइयां भी की थीं. अगर हम ये बौद्ध सर्किट स्थापित कर पाए तो यहां धार्मिक और पुरातात्विक पर्यटन को काफी बढ़ावा मिलेगा. सबसे महत्वपूर्ण बात है यदि हम दुनिया भर के जो बौद्ध राष्ट्र हैं, उन सब से संपर्क कर बिहार सरकार की भांति ज़मीन उपलब्ध करा दे तो वो लोग भी इटखोरी आदि जैसे स्थलों पर अपने-अपने देश के बौद्ध मंदिर निर्मित करने पर विचार कर सकते हैं जिससे हमारे राज्य के धार्मिक पर्यटन में वैसे ही विकास हो सकता है जैसे बिहार राज्य में बोधगया के कारण हुआ है. इससे स्थानीय लोगों के साथ-साथ पूरे राज्य का आर्थिक विकास भी संभव हो सकेगा.
तो आईए, बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर हम ये संकल्प लें कि बिहार एवं उत्तर प्रदेश राज्यों की भांति झारखंड राज्य को भी बौद्ध सर्किट में शामिल कराने के प्रयास करेंगे.

संयोजन : चेतना झा, डिजाइनिंग - खुशबू कुमारी

## अहंकार अच्छे कार्यों को भी कर देता मलिन

एक बार महात्मा बुद्ध एक नगर में पधारे तो उनसे मिलने नगर के गण्यमान लोग आए. इन्हीं में एक उस नगर का धनाढ्य सेठ भी था जिसने महात्मा बुद्ध को कई महंगी वस्तुएं बतौर उपहार दी. बुद्ध के साथ बातचीत के दौरान वह यही बताते रहे कि वे कितने प्रभावशाली और धनवान व्यक्ति हैं और शहर में अस्पताल, शिक्षण संस्थान आदि बनवाने में उनका कितना योगदान है. सेठ ने महात्मा बुद्ध के सिहांसन की ओर इशारा करते हुए यहां तक कह दिया कि जस कीमती सिंहासन में वे आज बैठे हैं, उसे भी उन्होंने ही तैयार करवाया है. महात्मा सारी बात शांति से सुनते रहे. जब सेठ जाने लगे तो महात्मा ने कहा-आप जो कुछ भी मेरे लिए लाए थे, वह सब कुछ यहीं छोड़कर जाएं. कुछ लेकर मत जाइएगा. सेठ ने जवाब दिया कि गुरु जी, मैं तो जो कुछ लाया था, यहीं छोड़ कर जा रहा हूं. बुद्ध ने कहा-आप जो भौतिक चीजें लाए हैं, वे मेरे काम की नहीं. आपसे मेरी मुलाकात तब सार्थक होगी, जब आप अपने अहंकार को भी यहीं छोड़कर जाएं. सेठ को तुरंत अपनी गलती का एहसास हुआ और उन्होंने अपने अहंकार को दूर करने का वचन दिया.


## स्वभाव में धैर्य हो तो मिलती है सफलता

एक बार महात्मा बुद्ध अपने शिष्यों के साथ किसी गांव में उपदेश देने जा रहे थे. रास्ते में बहुत सारे गड्ढे खुदे हुए नजर आए. महात्मा बुद्ध के एक शिष्य ने उनसे पूछा कि तथागत कृपया मुझे इन गड्ढों का रहस्य बताएं, एक साथ इतने सारे गड्ढे किसने और क्यों खोदे हैं?
गौतम बुद्ध ने शिष्य को जवाब दिया कि किसी व्यक्ति ने पानी की तलाश में ने इतने सारे गड्ढे खोदे हैं. अगर वह धैर्यपूर्वक एक ही जगह पर गड्ढा खोदता तो उसे पानी अवश्य मिल जाता, लेकिन वह गड्ढा खोदता और थोड़ी गहराई के बाद ही पानी न मिलने पर दूसरी जगह गड्ढा खोदना शुरू कर देता. इस कारण उसे कहीं भी पानी नहीं मिला.
बुद्ध ने शिष्यों को समझाया कड़ी मेहनत के साथ ही स्वभाव में धैर्य हो तो सफलता देर सबेर जरूर मिलती है.

## प्रवचन सुनने से दूर होते मन के विकार

एक बार महात्मा बुद्ध एक गांव में प्रवचन देने पहुंचे. उनके सत्संग में प्रतिदिन एक युवा भी आता था और प्रवचन सुनता था. कुछ दिनों तक लगातार यह सिलसिला जारी रहा. एक दिन प्रवचन समाप्त होने के पश्चात वह युवक बुद्ध के पास गया और बोला, 'महाराज! मैं कई दिनों से आपके प्रवचन सुनने आ रहा हूं. लेकिन यहां से जाने के बाद मैं अपने गृहस्थ जीवन में वैसा आचरण नहीं कर पा रहा हूं, जैसा कि यहां सुनकर जाता हूं. इससे मुझे आपके प्रवचनों पर संदेह हो रहा है कि उनका मुझ पर असर क्यों नहीं हो रहा है. आप ही सलाह दें कि मैं क्या करूं?'
महात्मा बुद्ध ने युवक को एक बांस की टोकरी दी और कहा कि इसमें प्रतिदिन पानी भरकर मेरे पास लाओ. युवक रोज टोकरी में जल भर कर लाने लगा.कुछ दिनों बाद बुद्ध ने उस युवक से पूछा कि तुम इतने दिनों से टोकरी में पानी भर रहे हो, क्या तुम्हें टोकरी में कोई फर्क नजर आया? युवक ने कहा कि हां, यह टोकरी जो पहले मिट्टी-धूल से भरी थी, रोज-रोज पानी भरने से वह साफ हो गई है.
बुद्ध ने मुस्कुराते हुए युवक से कहा, यही फर्क सत्संग में रोज प्रवचन सुनकर तुम्हारे मन-मस्तिष्क पर पड़ रहा है. एक दिन तुम्हारे जीवन के, तुम्हारे मन के सभी विकार भी दूर हो जाएंगे और तुम्हारा ह्रदय भी इस टोकरी की तरह साफ और निर्मल हो जाएगा.

## रामगढ़ में प्राचीनतम बौद्ध मंदिर



रामगढ़ ज़िला में 2002-03 में लेखक द्वारा एक भव्य प्राचीन बौद्ध मंदिर की खोज की गई जो गोला प्रखंड में स्थित है. देखने में यह बोधगया मंदिर जैसा भव्य है. इस मंदिर के अंदर कोई मूर्ति नहीं है. क़रीब क़रीब 60 फीट ऊंचे, सप्तरथ योजना के इस मंदिर में लगभग 20 फीट की ऊंचाई पर दरवाज़े के ठीक ऊपर की तरफ भूमि स्पर्श मुद्रा में बैठे बुद्ध का एक प्लाक लगा है और ठीक इसकी दूसरी तरफ अन्य दरवाज़े के ऊपर ऐसे ही दो मछलियों का एक प्लाक लगा है, जिससे ये जानकारी मिली कि यह एक बौद्ध मंदिर है. इसका नाम स्थानीय तौर पर खीरी मठ बताया गया. बहुत प्रयत्नों के बाद अब भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के स्थानीय कार्यालय द्वारा इस मंदिर के बारे में लिखा-पढ़ी शुरू की गई है. यह निश्चित तौर पर झारखंड के सर्वश्रेष्ठ प्राचीन मंदिरों में से एक है.

### डीसी के मुख्य कोच और आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान बोले- भारत में लोग कोहली को नहीं चुनने के कारण ढूंढते हैं

# विराट कोहली टी20 विश्व कप के लिए मेरी पहली पसंद : पोंटिंग

**एजेंसी। बेंगलुरू**



आस्ट्रेलिया के महान क्रिकेटर रिकी पोंटिंग हैरान हैं कि भारत में लोग विराट कोहली को राष्ट्रीय टीम में नहीं चुनने के कारण क्यों ढूंढते हैं. उनका कहना है कि यह करिश्माई बल्लेबाज टी20 विश्व कप के लिये उनकी पहली पसंद है. आईपीएल में 14 मैचों में 708 रन बना चुके कोहली जबर्दस्त फॉर्म में हैं लेकिन उनके स्ट्राइक रेट को लेकर लगातार चर्चा हो रही है. दिल्ली कैपिटल्स के मुख्य कोच और आस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान पोंटिंग ने कहा, 'यह बहुत हैरानी भरा है. मुझे लगता है कि भारत में लोग हमेशा उसे राष्ट्रीय टीम में नहीं चुनने के कारण ढूंढते रहते हैं या यह जताने की कोशिश में रहते हैं कि वह टी20 क्रिकेट में बाकियों की तरह बेहतरीन नहीं है.' पोंटिंग का मानना है कि अगले महीने वेस्टइंडीज और अमेरिका में होने वाले टी20 विश्व कप में कोहली को कप्तान रोहित शर्मा के साथ पारी का आगाज करना चाहिये क्योंकि बाद में सूर्यकुमार यादव समेत अन्य तेजी से रन बना सकते हैं. उन्होंने कहा, 'सलामी जोड़ी को लेकर चयनकर्ताओं को फैसला लेना है क्योंकि यशस्वी जायसवाल भी टीम में है. जायसवाल के बल्लेबाजी क्रम पर फैसला लेना होगा लेकिन मुझे यकीन है कि पारी का आगाज कोहली और रोहित करेंगे.' उन्होंने कहा, 'वह शीर्षक्रम में भूमिका बखूबी निभा सकता है. सूर्यकुमार और बाकी बल्लेबाज बाद में तेजी से रन बना सकते हैं.' पोंटिंग ने कहा कि आजकल क्रिकेट में औसत से अधिक तरजीह स्ट्राइक रेट को मिल रही है लेकिन भारतीय टीम के लिये कोहली की उपयोगिता को कमतर नहीं आंका जा सकता.

### कोहली से बेहतर पसंद नहीं हो सकती थी : माल्या



**नयी दिल्ली।** आईपीएल के पहले सत्र में विराट कोहली को चुनने वाले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू के पूर्व मालिक विजय माल्या ने बुधवार को कहा कि इससे बेहतर पसंद नहीं हो सकती थी. उन्होंने आईपीएल के मौजूदा सत्र में शानदार प्रदर्शन के लिये कोहली की तारीफ की. आरसीबी ने पहले आठ में से सात मैच हारने के बाद लगातार छह जीत दर्ज करके प्लेआफ में जगह बनाई. कोहली अभी तक 14 मैचों में 708 रन बना चुके हैं. अब आरसीबी का सामना बुधवार को एलिमिनेटर में राजस्थान रॉयल्स से होगा. माल्या ने एक्स पर लिखा, 'जब मैंने आरसीबी टीम के लिये बोली लगाई और विराट के लिये बोली लगाई तो मेरी अंतरात्मा ने कहा कि इससे बेहतर पसंद नहीं हो सकती.' ब्रिटेन में रह रहे माल्या ने लिखा, 'मेरी अंतरात्मा कह रही है कि आरसीबी इस साल आईपीएल जीत सकती है. शुभकामनायें.' आरसीबी ने विराट कोहली को 2008 आईपीएल में 30000 डॉलर में खरीदा था. आरसीबी तीन बार 2009, 2011 और 2016 में फाइनल तक पहुंची लेकिन खिताब नहीं जीत सकी.

# सनराइजर्स की पहले 6 ओवर में बल्लेबाजी पेचीदा थी : गावस्कर

**एजेंसी। अहमदाबाद**



महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने आईपीएल के पहले क्वालीफायर में पावरप्ले में सनराइजर्स हैदराबाद की बल्लेबाजी को पेचीदा बताते हुए कहा कि इस रणनीति का खामियाजा उन्हें केकेआर से हार के रूप में भुगतना पड़ा. आस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क ने अपनी दूसरी गेंद पर ट्रेविस हेड को आउट करने के साथ पहले स्पैल में तीन ओवर में 22 रन देकर तीन विकेट चटकाये. सनराइजर्स ने पावरप्ले में ही चार विकेट गंवा दिये. केकेआर ने 13-4 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया. गावस्कर ने स्टार स्पोटर्स क्रिकेट लाइव पर कहा, 'यह शानदार प्रदर्शन था. बल्ले और गेंद दोनों से इतना प्रभावी प्रदर्शन. उन्होंने पावरप्ले में चार विकेट लिये और वहीं से सनराइजर्स बैकफुट पर आ गए. इससे वे उबर ही नहीं सके.' उन्होंने कहा, 'पहले छह ओवरों में सनराइजर्स की बल्लेबाजी पेचीदा थी. दो विकेट गंवाने के बाद उन्हें संभलकर खेलना चाहिये था. रन बनाने के मौके नहीं गंवाने चाहिये लेकिन हर गेंद को पीटना भी जरूरी नहीं है. वैसे केकेआर को श्रेय जाता है जिसने बेहतरीन प्रदर्शन किया.'

## ब्रीफ खबरें

### रीता ने 30वीं बार एवरेस्ट पर चढ़ाई कर रचा इतिहास

**काठमांडू ।** नेपाल के दिग्गज पर्वतारोही कामी रीता शेरपा ने बुधवार को 30वीं बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर इतिहास रच दिया. उन्होंने 10 दिन पहले दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर सबसे अधिक बार चढ़ने का अपना ही रिकॉर्ड तोड़ दिया. '14 पीक्स एक्सपीडिशन' कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ताशी लकपा शेरपा के अनुसार 54 वर्षीय पर्वतारोही रीता शेरपा स्थानीय समयानुसार सुबह सात बजकर 49 मिनट पर 8,849 मीटर ऊंची चोटी पर पहुंचीं.

### जूनियर टीम ने डच हॉकी क्लब को हराया

**ब्रेडा (नीदरलैंड)।** हिना बानो और कनिका सिवाच के गोलों की मदद से भारतीय जूनियर हॉकी टीम ने यूरोप दौरे की शुरुआत नीदरलैंड के क्लब ब्रेडेस हॉकी वेरेनिजिंग पुश को 2-0 से हराकर की. पहला हाफ गोलरहित रहने के बाद दोनों टीमों ने एक दूसरे को आजमाया. भारत के लिये हिना ने पेनल्टी कॉर्नर पर पहला गोल किया. इससे पहले तीन पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए थे. मेजबान टीम को तीसरे क्वार्टर में मिले तीनों पेनल्टी कॉर्नर बेकार गए.

### आक्रामक क्रिकेट खेलते रहेंगे सनराइजर्स : कोच

**अहमदाबाद ।** सनराइजर्स हैदराबाद के सहायक कोच सिमोन हेलमोट ने कहा कि उनकी टीम कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ प्लेआफ में मिली हार के बावजूद आक्रामक क्रिकेट खेलती रहेगी. सनराइजर्स को केकेआर ने पहले क्वालीफायर में आठ विकेट से हराकर चौथी बार फाइनल में प्रवेश कर लिया. हेलमोट ने मीडिया से कहा, 'हम इसके बावजूद आक्रामक क्रिकेट खेलते रहेंगे. यह हमारा दिन नहीं था. खेल में ऐसा होता है. हम इस हार को भुलाकर चेन्नई में खेलेंगे.'

### पाकिस्तानी विकेटकीपर डॉलर विवाद में फंसे

**कराची।** पाकिस्तान के युवा विकेटकीपर बल्लेबाज आजम खान उस वक्त विवाद में फंस गए जब सोशल मीडिया मंचों पर उन्हें अमेरिकी डॉलर से भौंहों से पसीना साफ करते हुए देखा गया. वीडियो में पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम और कुछ अन्य खिलाड़ी भी दिख रहे हैं. पाकिस्तान के क्रिकेट प्रशंसक देश की आर्थिक स्थिति को देखते हुए आजम व अन्य खिलाड़ियों की उनकी असंवेदनशीलता के लिए आलोचना कर रहे हैं. वीडियो में बाबर हंसते हुए आजम से पूछते हैं, 'क्या हुआ अब्बा?'

### पूर्व भारतीय क्रिकेटर ने कहा, हार्दिक टी20 विश्व कप में कुछ 'विशेष' करेंगे

# युवराज सिंह ने संजू सैमसन पर ऋषभ पंत को दी तरजीह

**एजेंसी। दुबई**







पूर्व भारतीय क्रिकेटर युवराज सिंह ने टी20 विश्व कप में भारतीय एकादश में विकेटकीपर की भूमिका के लिए संजू सैमसन पर ऋषभ पंत को तरजीह दी है, जबकि खराब फॉर्म से जूझ रहे हार्दिक पंड्या का समर्थन करते हुए कहा कि वह टूर्नामेंट में कुछ 'विशेष' करेंगे. अमेरिका और वेस्टइंडीज में 1 जून से शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के लिए भारत ने रोहित शर्मा की अगुआई में 15 सदस्यीय मजबूत टीम का चयन किया है, जबकि चार रिजर्व खिलाड़ी भी टीम के साथ यात्रा करेंगे.

बल्लेबाजी क्रम में बाएं और दाएं हाथ के संयोजन को तरजीह देने वाले युवराज ने विकेटकीपर बल्लेबाज की महत्वपूर्ण भूमिका के लिए सैमसन पर पंत को तरजीह दी. आगामी टी20 विश्व कप के दूत युवराज ने आईसीसी से कहा, 'मैं संभवतः ऋषभ के साथ जाऊंगा. बेशक संजू भी काफी अच्छी फॉर्म में है लेकिन ऋषभ बाएं हाथ का खिलाड़ी है और मुझे लगता है कि ऋषभ में भारत के लिए मैच जीतने की काफी अधिक क्षमता है जो उसने अतीत में भी किया है.' उन्होंने कहा, 'टेस्ट क्रिकेट में और भी अधिक (सक्षम) और वह ऐसा खिलाड़ी है जिसके बारे में मेरा मानना है कि वह बड़े मंच पर मैच विजेता है.' पंत और सैमसन दोनों आईपीएल के मौजूदा सत्र में शानदार फॉर्म में हैं लेकिन भारत के उप कप्तान हार्दिक लय हासिल करने के लिए जूझ रहे हैं. युवराज हालांकि टी20 विश्व कप में इस ऑलराउंडर के प्रभाव को लेकर आशावादी हैं. विश्व कप 2007 जीतने वाली भारतीय टीम के सदस्य युवराज ने कहा, 'अच्छी चीज यह है कि चयन हो चुका है.

चयनकर्ताओं ने देखा कि खिलाड़ियों ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में कैसा प्रदर्शन किया है और फिर आईपीएल की फॉर्म पर गौर किया. सिर्फ आईपीएल की फॉर्म पर नहीं.' उन्होंने कहा, 'क्योंकि आप अगर सिर्फ आईपीएल की फॉर्म देखते तो हार्दिक ने अच्छा नहीं किया है. भारत के लिए उसके पिछले प्रदर्शन को देखते हुए, उसने भारत के लिए जो किया है, यह महत्वपूर्ण है कि वह टीम में है. मुझे लगता है कि उसकी गेंदबाजी महत्वपूर्ण होने वाली है और उसकी फिटनेस भी महत्वपूर्ण होगी.'

### रोहित व यशस्वी को पारी का आगाज करना चाहिए

भारत के बल्लेबाजी क्रम के संदर्भ में युवराज चाहते हैं कि रोहित और यशस्वी जायसवाल पारी का आगाज करें जबकि विराट कोहली तीसरे नंबर पर आएं. उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि निश्चित तौर पर रोहित और जायसवाल को पारी का आगाज करना चाहिए.' युवराज ने कहा, 'विराट तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर रहा है और वह उसका स्थान है. और इसके बाद आपके पास चौथे नंबर पर सूर्या (सूर्यकुमार यादव) है और इसके बाद आपके पास कुछ बड़े विकल्प हैं.' उन्होंने कहा, 'मैं बाएं हाथ और दाएं हाथ के कुछ संयोजन देखना पसंद करूंगा क्योंकि हर समय दो संयोजन को गेंदबाजी करना मुश्किल होता है.' युवराज का साथ ही मानना है कि शिवम दुबे टीम में जगह बनाने के हकदार थे लेकिन उन्हें रिंकू सिंह और शुभमन गिल के लिए बुरा लग रहा है जो रिजर्व खिलाड़ियों की सूची में शामिल हैं. कहा, 'मुझे लगता है कि शिवम दुबे ने भारत के लिए पिछली टी20 श्रृंखला में अच्छा प्रदर्शन किया और आईपीएल में भी उसके प्रदर्शन में निरंतरता रही है.' कहा, 'शुभमन गिल और रिंकू सिंह के लिए थोड़ा दुर्भाग्यशाली रहा.'

# बीमार मां को अस्पताल में छोड़ना कठिन था लेकिन केकेआर भी परिवार है : गुरबाज

- अफगानिस्तान के विकटकीपर बल्लेबाज ने आईपीएल के इस सत्र में अपना पहला मैच खेला

**एजेंसी। अहमदाबाद**



अफगानिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज रहमानुल्लाह गुरबाज ने बताया कि सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ आईपीएल प्लेआफ में कोलकाता नाइट राइडर्स के लिये खेलने के लिये वह अपनी बीमार मां को अस्पताल में छोड़कर आये थे क्योंकि इस टीम को भी वह अपना परिवार मानते हैं. इस सत्र में पहला मैच खेलने वाले गुरबाज ने दो कैच लेने के अलावा 14 गेंद में 23 रन बनाकर केकेआर की जीत में अहम भूमिका निभाई. वह इंग्लैंड के फिल साल्ट की जगह टीम में आये थे. केकेआर ने सनराइजर्स को आठ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनाई. गुरबाज ने मैच के बाद मीडिया से कहा, 'एक क्रिकेटर को हमेशा पता होना चाहिये कि उसे क्या करना है. लीग क्रिकेट में बहुत कम क्रिकेटर ही खेल पाते हैं. मौका मिलने पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना चाहिये. मौका नहीं मिलने पर भी हमेशा तैयार रहना चाहिये.' उन्होंने कहा, 'मेरी मां अभी भी बीमार है. मैं वहां गया और मुझे यहां से फोन आया कि फिल साल्ट जा रहा है. उन्होंने कहा कि गुरबाज हमें तुम्हारी जरूरत है. मैंने कहा कि ठीक है, मैं आ रहा हूं. मेरी मां अस्पताल में है और मैं उनसे लगातार बात कर रहा हूं लेकिन यह भी मेरा परिवार है. मुझे दोनों में संतुलन बनाना है. यह कठिन है लेकिन बनाना जरूरी है.'

गुरबाज ने कहा कि केकेआर ने टॉस जीतने पर पहले गेंदबाजी का फैसला लेने का ही सोचा था. सनराइजर्स के कप्तान पैट कमिंस का टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला गलत साबित हुआ. गुरबाज ने कहा, 'हमें पता है कि सनराइजर्स की बल्लेबाजी कितनी मजबूत है. हमें लक्ष्य का पता होना चाहिये ताकि उस हिसाब से खेल सकें. हमने अच्छी गेंदबाजी की और सनराइजर्स जैसी टीम को 160 रन पर रोकना बहुत बड़ी बात थी.' उन्होंने कहा कि अफगानिस्तान के खिलाड़ियों की नजरें अगले महीने होने वाले टी20 विश्व कप पर है क्योंकि फ्रेंचाइजी क्रिकेट से बढ़कर देश के लिए खेलना है.

### तीरंदाजी विश्व कप दूसरा चरण

# कंपाउंड महिला टीम फाइनल में, कांस्य पदक से चूके पुरुष

**एजेंसी। येचियोन (दक्षिण कोरिया)**



दुनिया की नंबर एक भारतीय महिला कंपाउंड तीरंदाजी टीम विश्व कप में लगातार दूसरे स्वर्ण पदक की ओर कदम बढ़ाते हुए फाइनल में पहुंच गई लेकिन पुरुष कंपाउंड टीम विश्व कप दूसरे चरण में कांस्य पदक से चूकने के बाद खाली हाथ लौटेगी. महिला टीम की तिकड़ी ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति स्वामी ने शंघाई में पिछले महीने पहले चरण में स्वर्ण पदक जीता था. उन्होंने दुनिया की चौथे नंबर की टीम अमेरिका को सेमीफाइनल में 233-229 से हराया. अब उनका सामना विश्व रैंकिंग में सातवें स्थान पर काबिज तुर्की से होगा. तुर्की ने दक्षिण कोरिया को 234-233 से हराया. भारतीय महिला टीम को क्वार्टर फाइनल तक बाय मिला था. अंतिम आठ में उसने इटली को 236-234 से हराया. भारतीय पुरुष तिकड़ी प्रियांश, प्रथमेश फुगे और अभिषेक वर्मा शूट आफ में आस्ट्रेलिया से 133-133 (10 -10 *) से हार गए. दोनों टीमों का स्कोर बराबरी पर था लेकिन आस्ट्रेलिया ने सेंटर के करीब दो तीर अधिक लगाकर बाजी मारी. तरूणदीप राय और दीपिका कुमारी रिकर्व वर्ग में अपने अपने क्वालीफायर में क्रमशः चौथे और छठे स्थान पर रहे.

### वसीम व आमिर की वापसी का भी पाकिस्तान टीम को टी20 वर्ल्ड कप में होगा फायदा

# सफलता की कुंजी होंगे बाबर आजम

**एजेंसी। इस्लामाबाद**



जांचे और परखे बाबर आजम की टी20 विश्व कप के लिये पाकिस्तान के कप्तान के रूप में वापसी पिछले 18 महीने में पाकिस्तान क्रिकेट में आये भारी बदलावों की अगली कड़ी है लेकिन यह चैंपियन बल्लेबाज टीम की सफलता की कुंजी साबित हो सकता है. नवंबर 2022 में इंग्लैंड से टी20 विश्व कप फाइनल में बाबर की कप्तानी वाली पाकिस्तानी टीम की हार के बाद से पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड में चार अध्यक्ष बदले, चयन समिति बदली गई और शाहीन शाह अफरीदी को कप्तान बनाने का प्रयोग सफल नहीं रहा. अब सीमित ओवरों के प्रारूप के लिये टीम को गैरी कर्स्टन के रूप में नया कोच मिला है. पाकिस्तान ने 1 से 29 जून तक अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिये अभी तक 15 सदस्यीय टीम का ऐलान नहीं किया है. भारत में पिछले साल 50 ओवरों के विश्व कप के सेमीफाइनल में नहीं पहुंचने के बाद बाबर ने जका अशरफ के पीसीबी प्रमुख रहते सभी प्रारूपों की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया था. अब उन्हें नये अध्यक्ष मोहसिन नकवी ने टी20 टीम की कमान फिर सौंपी है. हरफनमौला इमाद वसीम और तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास का फैसला वापस ले लिया चूंकि कैरेबियाई प्रीमियर लीग में उनके अनुभव का फायदा टीम को वेस्टइंडीज में होगा. अप्रत्याशित प्रदर्शन करने में सक्षम पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अच्छा अतीत रहा है. यह तीन बार फाइनल में पहुंचा और 2009 में खिताब जीतने के अलावा तीन अन्य बार सेमीफाइनल तक पहुंचा है.

# विश्व पैरा एथलेटिक्स : सचिन ने स्वर्ण पदक बरकरार रखा

- पुरुषों के शॉटपुट एफ 46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड बनाया

**एजेंसी। कोबे (जापान)**



भारत के सचिन सर्जेराव खिलाड़ी ने विव पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पुरुषों के शॉटपुट एफ46 वर्ग में एशियाई रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीता और भारत ने टूर्नामेंट में अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन भी कर दिखाया है. भारत के अब पांच स्वर्ण समेत 11 पदक हैं. इससे पहले भारत ने 2023 में पेरिस में तीन स्वर्ण समेत दस पदक जीते थे.

सचिन ने 10.30 मीटर का थ्रो फेंककर 16.21 मीटर का अपना ही रिकॉर्ड बेहतर किया जो उन्होंने पिछले साल पेरिस में विश्व पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बनाया था. सचिन ने स्वर्ण जीतने के बाद कहा, 'मैं इसकी ही उम्मीद कर रहा था और मैं बहुत खुश हूं. मैं पेरिस पैरालंपिक के लिये क्वालीफाई कर चुका हूं और वहां भी स्वर्ण जीतने की कोशिश करूंगा.' अभी टूर्नामेंट के तीन दिन बाकी हैं और कोच सत्यनारायण को पदक संख्या में इजाफा होने की उम्मीद है. उन्होंने कहा, 'हमें दो और स्वर्ण की उम्मीद है. पदकों की संख्या 17 तक जानी चाहिये.' इससे पहले कल पैरालंपिक चैंपियन सुमित अंतिल ने एफ64 भालाफेंक में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखा था. थंगावेलु मरियप्पन और एकता भयान ने भी स्वर्ण पदक जीते थे.

**साक्षात्कार**

### जब तक टेस्ट खेलूंगा तब तक साल में सिर्फ दो टी20 टूर्नामेंट में हिस्सा लूंगा

# ट्रेविस हेड की शीर्ष प्राथमिकता में टेस्ट क्रिकेट

**एजेंसी। नयी दिल्ली**



ट्रेविस हेड ने इस साल आईपीएल में भले ही शानदार प्रदर्शन किया हो लेकिन टेस्ट क्रिकेट उनकी शीर्ष प्राथमिकता बना हुआ है और ऑस्ट्रेलिया का यह आक्रामक बल्लेबाज जब तक इस प्रारूप में खेलेगा तब तक साल में सिर्फ दो टी20 लीग में हिस्सा लेगा. हेड के लिए पिछले 10 महीने शानदार रहे और उन्होंने विश्व टेस्ट चैंपियन तथा एकदिवसीय विश्व कप के फाइनल में भारत के खिलाफ शतक जड़कर अपनी टीम की जीत की नींव रखी. मौजूदा सत्र में उन्होंने सनराइजर्स हैदराबाद के लिए 533 रन बनाए हैं और भारत के अभिषेक शर्मा के साथ बेहद प्रभावी सलामी जोड़ी बनाई. फ्रेंचाइजी लीग में हेड की काफी मांग है और यह पूछने पर कि ऑस्ट्रेलियाई टीम के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को देखते हुए वह लुभावनी टी20 पेशकश से कैसे निपट रहे हैं, हेड ने पीटीआई को दिए साक्षात्कार में कहा, 'यह पिछले कुछ समय (2017 से) में आईपीएल में मेरा पहला साल है. इस समय मैं अपना पूरा ध्यान टेस्ट क्रिकेट पर लगाऊंगा, मैं ऐसा करना जारी रखूंगा.'

### हेड अगले साल भी आईपीएल में खेलने को लेकर उत्सुक

मौजूदा सत्र में सनराइजर्स के लिए शानदार प्रदर्शन करने वाले हेड अगले साल भी आईपीएल में खेलने को लेकर उत्सुक हैं. उन्होंने कहा, 'इस समय मैं अगले साल यहां आईपीएल में वापस आना पसंद करूंगा. विश्व टी20 के ठीक बाद इस साल मैं (अमेरिका में) मेजर लीग क्रिकेट में खेलूंगा लेकिन अगले साल चीजें अलग हो सकती हैं.' इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा, 'हर साल आप प्राथमिकता तय करते हैं कि आप क्या कर सकते हैं और क्या नहीं. अगले साल टेस्ट क्रिकेट शुरू होगा, हम वेस्टइंडीज का दौरा करेंगे और शायद मैं कई अन्य फ्रेंचाइजी में शामिल नहीं हो पाऊंगा.' हेड ने कहा, 'कुछ वर्षों में जब मैं टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लूंगा तो शायद मुझे फ्रेंचाइजी क्रिकेट खेलने के कुछ और अवसर मिलेंगे, लेकिन इस समय मैं इसे कुछ फ्रेंचाइजी तक सीमित रखने की कोशिश करूंगा और टेस्ट क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करूंगा.'

### मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट

# सिंधू महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में

**एजेंसी। कुआलालंपुर**



ब्रेक से वापसी करने वाली दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर को सीधे गेम में हराकर मलेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल वर्ग के दूसरे दौर में पहुंच गई. दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधू ने उबेर कप और थाईलैंड ओपन में भाग नहीं लिया था. उन्होंने गिलमोर को 21-17, 21-16 से हराया. पूर्व विश्व चैंपियन सिंधू पिछले साल घुटने की चोट के बाद वापसी के साथ कई करीबी मुकाबले हार गई हैं. अब उनका इरादा यहां अच्छा प्रदर्शन करके पेरिस ओलंपिक की तैयारी पुख्ता करने का होगा. पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधू ने आखिरी बार खिताब 2022 सिंगापुर ओपन में जीता था. अब उनका सामना कोरिया की सिम यू जिन से होगा. मिश्रित युगल में विश्व रैंकिंग में 53वें स्थान पर काबिज बी सुमीत रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी ने हांगकांग के क्वालीफायर लुइ चुन वाइ और फु चि यान को 21-15, 12-21, 21-17 से हराकर दूसरे दौर में जगह बना ली. अब उनका सामना शीर्ष वरीयता प्राप्त मलेशिया के चेन तांग जि और तोह ई वेइ से होगा.

▼ ब्रीफ खबरें

### जिहुली गांव से चोरों ने मूर्ति चुरा ली

**पूर्वी चंपारण ।** जिले के पताही थाना क्षेत्र के जिहुली पंचायत के वार्ड नंबर 10 में स्थित सैकड़ों वर्ष पुराना बड़का मठ में स्थापित श्री राधे कृष्ण मंदिर से चोरों ने भगवान श्री कृष्णा की अष्टधातु से निर्मित मूर्ति की चोरी कर ली. जिहुली पंचायत के मुखिया विकास कुमार ने बताया कि इस मंदिर का निर्माण 1890 में हुआ था. तबसे उक्त मंदिर में राधे कृष्ण की कीमती अष्ट धातु की मूर्ति स्थापित थी, जिसे चोरी कर ली गयी. यह मूर्ति बहुत पुरानी व कीमती है. पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है.

### बस-हाइवा में टक्कर 6 लोग हुए घायल

**भागलपुर ।** पुलिस जिला नवगछिया के भवानीपुर थाना क्षेत्र के एनएच 31 भगवान पेट्रोल पंप के समीप बुधवार सुबह एक यात्री बस और हाइवा के बीच आमने सामने की टक्कर हो गई. इस घटना में चालक और उपचालक सहित लगभग आठ लोग घायल हो गए. बताया जा रहा है कि यात्री बस खगड़िया की ओर से नवगछिया की तरफ जा रही थी. जबकि हाइवा नवगछिया से खगड़िया की ओर जा रहा थी. दोनों वाहनों के बीच जोरदार टक्कर हो गयी. आमने-सामने की टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी. घटना के बस में सवार यात्रियों के बीच अफरा-तफरी मच गयी.

### दुष्कर्म मामले में चार को उम्रकैद की सजा

**मधुबनी ।** मधुबनी सिविल कोर्ट में पॉक्सो एक्ट के तहत एडीजे 7 दिवेश कुमार ने नाबालिग लड़की से दुष्कर्म मामले में चार अभियुक्त को दोषी करार देते हुए उम्र कैद की सजा सुनाई. सजा के साथ हर अभियुक्त पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया. दुष्कर्म की घटना हरलाखी थाना क्षेत्र के एक गांव में हुई थी. बता दें कि पीड़िता के वकील ने बताया कि हरलाखी थाना क्षेत्र में पांच सितंबर 2022 की रात में नाबालिग लड़की अपने घर से कसेरा गांव में मेला देखने गई थी. पीड़ित शौच के लिए मेले से बाहर निकली तो कुछ लड़कों ने उसे पकड़ लिया था.

दरभंगा में थाने से फर्जी वोटरों को ले जाने का मामला

# एसपी के निर्देश पर 24 नामजद सहित 130 पर मामला दर्ज

संवाददाता । पटना

दरभंगा के मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के जाले थाने से मंगलवार देर रात ग्रामीण चार बंदियों को पुलिस अभिरक्षा से जबरन छुड़ा ले गये थे. इस मामले को लेकर एसएसपी के निर्देश पर 24 नामजद और 130 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है. इन चारों को पांचवे चरण में 20 मई को दरभंगा जिले के मधुबनी लोकसभा क्षेत्र के जाले विधानसभा क्षेत्र में हुए चुनाव के दौरान फर्जी मतदान करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था.

एसएसपी जगनाथ रेड्डी ने बताया कि इस मामले में जाले थानाध्यक्ष के बयान के आधार पर जाले थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई. साथ ही एक एसआईटी टीम का गठन किया गया, जो छापेमारी कर रही है.

एसएसपी ने बताया कि जाले थाना क्षेत्र में 20 तारीख को हुए चुनाव के दिन जाले विधानसभा क्षेत्र के मतदान केंद्र संख्या-85 ग्राम हक्कानिया मदरसा देवरा बंधौली पर मतदान के दौरान सेक्टर पदाधिकारी निर्भय कुमार ने चार युवकों को फर्जी मतदान करने के आरोप में पुलिस निगरानी में रखा था. एसएसपी ने बताया कि मंगलवार देर रात डेढ़ बजे के करीब असामाजिक तत्व थाने में घुस गए और थाने की पुलिस के साथ दुर्व्यवहार करते हुए चारों को पुलिस अभिरक्षा से छुड़ा कर लेकर चले गए. पुलिस ने इस मामले में 24 नामजद और 130 अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है.

## छपरा में रोहिणी आचार्य ने 62 लोगों पर दर्ज कराया मुकदमा



▪ रोहिणी आचार्य

पटना : छपरा में दो दिन पूर्व चुनावी रंजिश में हुई हिंसा के बाद सारण लोकसभा सीट से राजद प्रत्याशी रोहिणी आचार्य ने बुधवार को नगर थाना में 62 लोगों पर एफआईआर दर्ज कराई है. इनमें 12 नामदज हैं और 52 अज्ञात हैं. इस मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने भी आरोपितों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. रोहिणी आचार्य की ओर दर्ज एफआईआर में कहा गया है कि वे (रोहिणी आचार्य) तेलपा स्थित पोलिंग बूथ पर वोटिंग के दिन शाम में पहुंचीं थीं. बूथ पर मौजूद लोगों से वह कह रही थीं कि आपने वोट दे दिया है तो यहां से जाइए. इसी बात को लेकर गाली-गलौच और असंसदीय भाषा का इस्तेमाल किया गया. नगर थाना पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है. उल्लेखनीय है कि नगर थाना क्षेत्र के बड़ा तेलपा स्थित मतदान केंद्र संख्या 318 और 319 पर सोमवार को मतदान के दौरान राजद और भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच भिड़ंत हुई थी. हालांकि, पुलिस के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हो गया लेकिन मंगलवार को दोनों पक्षों के बीच फिर से झड़प हो गयी. ये झड़प गोलीबारी तक पहुंच गयी. गोलीबारी में एक राजद कार्यकर्ता की मौत हो गयी जबकि दो अन्य कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल हो गये.

## भाजपा ने भोजपुरी स्टार पवन सिंह को पार्टी से किया निलंबित

संवाददाता । पटना

भाजपा की बिहार इकाई ने राज्य की काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ने पर भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह को पार्टी से निलंबित कर दिया है. पार्टी ने एक बयान में कहा कि पवन सिंह को पार्टी के फैसले के खिलाफ काराकाट लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने पर तत्काल प्रभाव से भाजपा से निलंबित कर दिया गया है. भाजपा के प्रदेश मुख्यालय प्रभारी अरविंद शर्मा द्वारा जारी और पवन सिंह को संबोधित एक पत्र में कहा गया है, लोकसभा चुनाव में आप राजग के अधिकृत प्रत्याशी के विरुद्ध चुनाव लड़ रहे हैं. आपका यह कार्य दल विरोधी है, जिससे पार्टी की छवि धूमिल हुई है तथा पार्टी अनुशासन के विरुद्ध आपने यह कार्य किया है. अतः आपको दल विरोधी इस कार्य के लिए पार्टी प्रदेश अध्यक्ष के आदेशानुसार पार्टी से निलंबित किया जाता है. पूर्व केंद्रीय मंत्री उपेंद्र कुशवाहा काराकाट सीट से राजग उम्मीदवार के रूप में चुनाव लड़ रहे हैं. वह आसनसोल से भाजपा के टिकट पर चुनाव लड़ने से इनकार करने के बाद यहां से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर चुनावी मैदान में उतरे हैं. पवन सिंह के राजग उम्मीदवार के खिलाफ काराकाट से चुनाव लड़ने के फैसले की इससे पहले केंद्रीय मंत्री आरके सिंह सहित भाजपा के कुछ नेताओं ने आलोचना की थी.

नगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप हुआ हादसा

# हाइवा ने ऑटो को रौंदा, तीन की मौत, छह की हालत गंभीर

संवाददाता । सीतामढ़ी



सीतामढ़ी में दर्दनाक हादसा हो गया. यहां नगर थाना क्षेत्र के मोहनपुर स्थित पेट्रोल पंप के समीप तेज रफ्तार हाइवा ने सवारियों से भरी ऑटो को रौंद दिया. इस हादसे में ऑटो में बैठे तीन लोगों की मौत हो गयी. जबकि 6 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी को सदर अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों ने तीन को मृत घोषित कर दिया. वहीं छह लोगों को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए दूसरे हॉस्पिटल रेफर कर दिया. सड़क हादसे में मरने वाले और घायल सभी एक ही परिवार के है. मृतकों की पहचान नेपाल के खौरा गांव निवासी समशुल अंसारी, रमनगरा के रोजा अंसारी की बेटी खजीदा अंसारी (8 वर्षीय) और फतहपुर निवासी एन खान के रूप में की गयी है. वहीं घायलों की पहचान मृतक समशुल अंसारी की पत्नी रबीना खातुन, बेटी शमिना खातुन और रोजा अंसारी के रूप में हुई है.

## स्टेशन से ऑटो रिजर्व कर रमनगरा जा रहे थे



घटना के संबंध में बताया जाता है कि समशुल अंसारी अपने रिश्तेदार रोजा अंसारी के यहां आया था. सभी दरभंगा इलाज करवाने गये थे. वहां से रात 10 बजे के करीब स्टेशन पर उतरे. इसके बाद स्टेशन से ऑटो रिजर्व कर रमनगरा जा रहे थे. इसी दौरान मोहनपुर पेट्रोल पंप के पास सामने से आ रही हाइवा ने ऑटो को रौंद दिया. हादसे में ऑटो के परखच्चे उड़ गये. वहीं ऑटो में सवार तीन लोगों की मौत हो गयी. जबकि अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. हादसे के बाद हाइवा चालक फरार हो गया.

## उपेंद्र कुशवाहा को हराने के लिए साजिश कर रही भाजपा : तेजस्वी

संवाददाता । पटना

भोजपुरी फिल्म स्टार पवन सिंह को भाजपा से निष्कासित किए जाने पर बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने कहा कि हमें इससे क्या, यह उनकी पार्टी का मामला है . हमें तो लगता है कि उपेंद्र कुशवाहा को हराने के लिए भाजपा साजिश कर रही है या फिर भाजपा इस तरह की दिखावटी कार्रवाई कर रही हो. चिराग पासवान के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि चिराग पासवान को हार की सबसे पहले मुबारकबाद. जो हमारे पास इनफॉरमेशन आ रही है, उसके हिसाब से चिराग पासवान अच्छे मार्जिन से हार रहे हैं. इसमें भाजपा के ही लोग उन्हें हरा रहे हैं और उनके साथ ऐसे लोग हैं जो उन्हें हराने के लिए लगे हुए हैं. मल्लिकार्जुन खड़गे के सवाल पर तेजस्वी यादव ने कहा कि इस संबंध में हमें कोई जानकारी नहीं लेकिन जब-जब प्रधानमंत्री बिहार की राजधानी पटना आते हैं तब-तब वह खास लोगों को रात के अंधेरे में अपने पास बुलाते हैं और अच्छे से निर्देश दिया जाता है. हम लोगों को पता है कि किन खास लोगों को बुलाया जाता है और किन खास लोगों को क्या निर्देश दिए जाते हैं. यह लोग बहुत अच्छी तरह से हार रहे हैं.

### चुनाव की ड्यूटी लेकर हथियार समेत निकली महिला सिपाही गायब

**पटना ।** लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में समस्तीपुर से सीतामढ़ी के लिए ड्यूटी पर निकली समस्तीपुर की सिपाही सुभांती कुमारी हथियार के साथ लापता है. सीतामढ़ी एसपी की रिपोर्ट जिला पुलिस को मिलने के साथ ही समस्तीपुर पुलिस महकमा में हड़कंप मच गया है. विभाग की जानकारी के अनुसार सिपाही 443 सुभांती कुमारी घटहो थाना में डायल 112 में तैनात थी. पांचवें चरण के मतदान में 16 मई को समस्तीपुर से सीतामढ़ी ड्यूटी के लिए अपने सामान और हथियार के साथ रवाना हुई थी, जहां उसे रिपोर्ट करना था. लेकिन उसने बिना किसी सूचना के अब तक वहां अपना योगदान नहीं दिया.

## ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, भीड़ ने ट्रक को फूंका

संवाददाता । पटना



पटना के बेउर मोड़ के नजदीक बाईपास पर एक ट्रक ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को कुचल डाला. इस हादसे में दोनों युवक घायल हो गए. गुस्साए लोगों ने ट्रक में आग लगा दी. घटना के बाद मौके पर पहुंची अग्नि दस्ते की पुलिस ने आग पर काबू पाया. घायल युवकों की पहचान गर्दनीबाग थाना क्षेत्र के सरिस्ताबाद निवासी लाइन होटल संचालक अमर राय के बेटे राहुल कुमार और मंतोष कुमार के रूप में हुई है. घटना के संबंध में स्थानीय लोगों का कहना है कि राहुल और मंतोश दोनों भाई एक साथ बाइक पर सवार होकर होटल को बंदकर अपने घर लौट रहे थे. तभी बाईपास पर तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गये. लोगों का कहना है कि एक्सीडेंट होने के बाद भी चालक ने ट्रक को नहीं रोका और बाइक ट्रक में फंसे हुए लगभग 100 मीटर तक सड़क से रगड़ाते चले गये. बाद में गुस्साई भीड़ ने ट्रक को आग के हवाले कर दिया. इतना ही नहीं ट्रक में खाना बनाने के लिए रखे सिलेंडर को भी खोल दिया, जिस वजह से आग और भड़क गई. घटना की सूचना मिलते ही ट्रैफिक पुलिस के साथ-साथ अग्निशमन की गाड़ी भी घटनास्थल पर पहुंची.

**कारोबार**

### पेटीएम का घाटा बढ़ कर 550 करोड़ हुआ

**नयी दिल्ली।** फिनटेक कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस का वित्त वर्ष 2023-24 की चौथी तिमाही में घाटा बढ़कर 550 करोड़ रुपये हो गया. पिछले साल इसी अवधि में घाटा 167.5 करोड़ रुपये था. वन97 कम्युनिकेशंस के पास पेटीएम ब्रांड का स्वामित्व है. कंपनी ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि परिचालन आय 2.8 प्रतिशत घटकर 2,267.1 रुपये हो गई, पिछले साल समान अवधि में यह 2,464.6 करोड़ रुपये थी. समूचे वित्त वर्ष 2023-24 में कंपनी का घाटा कम होकर 1,422.4 करोड़ रुपये रह गया.

### सेबी से आईपीओ लाने की मिली मंजूरी

**नयी दिल्ली ।** ट्रैवल बुकिंग मंच इक्सिगो का संचालन करने वाली ले ट्रैवेन्यूज़ टेक्नोलॉजी लिमिटेड और स्टील वायर विनिर्माता बंसल वायर इंडस्ट्रीज को आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिए धन जुटाने के लिए सेबी की मंजूरी मिल गई है. बाजार नियामक ने बुधवार को यह जानकारी दी. भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के समक्ष फरवरी और मार्च में दोनों कंपनियों ने आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए थे. उन्हें 14-17 मई को इसके लिए मंजूरी मिली.

### निवेशकों से इक्विटी जुटा सकती है ओयो

**नयी दिल्ली ।** यात्रा प्रौद्योगिकी मंच ओयो के संस्थापक रितेश अग्रवाल ने बुधवार को कहा कि निजी निवेशकों ने चार अरब डॉलर तक के मूल्यांकन पर इक्विटी जुटाने के संदर्भ में कंपनी से संपर्क साधा है. सूत्रों के मुताबिक, अग्रवाल ने कर्मचारियों की टाउनहॉल बैठक में एक प्रस्तुति के दौरान यह जानकारी दी. बैठक में अग्रवाल ने कहा, ओयो से मित्र निवेशकों ने भी संपर्क किया है. कंपनी अपना कर्ज कम करने के लिए तीन-चार अरब डॉलर के मूल्यांकन पर या 38-45 रुपये प्रति शेयर पर एक छोटा इक्विटी दौर कर सकती है. सॉफ्टबैंक समर्थित ओयो के लिए 2023-24 पहला शुद्ध लाभदायक वर्ष रहा जिसमें उसने 99.6 करोड़ का लाभ दर्ज किया.

टैक्स कलेक्शन ऑन सोर्स लागू होने के बावजूद विदेशों में खर्च में यह बढ़ोतरी है

# भारतीयों ने विदेशों में खर्च कर डाले 31.7 अरब डॉलर

भाषा । नयी दिल्ली



बात चाहे जमा करने की हो या खर्च करने की, भारत हर मामले में दो कदम आगे है. वहीं खर्च करने के मामले में भारत ने रिकॉर्ड ही बना दिया है. भारतीयों ने फाइनेंशियल ईयर 2024 में लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) के तहत विदेशों में रिकॉर्ड 31.7 अरब डॉलर खर्च किए जो पिछले साल की तुलना में 17% अधिक है. पिछले फाइनेंशियल ईयर में यह रकम 27.1 बिलियन डॉलर थी. टैक्स कलेक्शन ऑन सोर्स (टीसीएस) लागू होने के बावजूद विदेशों में खर्च में यह बढ़ोतरी हुई है. हालांकि, डेटा विश्लेषण से पता चलता है कि अक्टूबर 2023 में टीसीएस लागू होने के बाद मासिक औसत खर्च में गिरावट आई है.

रेमिटेंस के सालाना डेटा से पता चलता है कि भारतीयों ने वित्त वर्ष 24 में विदेश घूमने पर 17 अरब डॉलर खर्च किए. यह पिछले वर्ष के 13.6 अरब डॉलर से 24.5% अधिक है. महामारी की शुरुआत से पहले वित्त वर्ष 2020 में एलआरएस के तहत खर्च में अंतरराष्ट्रीय यात्रा का हिस्सा 37% से बढ़कर वित्त वर्ष 2024 में 53.6% हो गया है. कोरोना काल में पाबंदियों के कारण वित्त वर्ष 2021 में अंतरराष्ट्रीय यात्रा पर खर्च घटकर 3.2 अरब डॉलर रह गया था. दूसरी ओर, विदेश में शिक्षा के लिए जाने वाले रेमिटेंस का हिस्सा लगातार कम हो रहा है. वित्त वर्ष 2021 में, शिक्षा के लिए रेमिटेंस 30% था. वित्त वर्ष 2022 में यात्रा प्रतिबंध हटाए जाने के बाद यह हिस्सा गिरकर 26% रह गया. वित्त वर्ष 2023 में शिक्षा पर खर्च पिछले वर्ष के 5.2 अरब डॉलर से घटकर 3.4 अरब डॉलर रह गया. इस कारण कुल खर्च का हिस्सा गिरकर 12% रह गया. वित्त वर्ष 2024 में, विदेश में पढ़ाई पर खर्च लगभग 3.5 अरब डॉलर पर स्थिर रहा, जबकि यात्रा पर खर्च बढ़ गया. फीस पर कम खर्च के कारण विदेश में पढ़ाई अब विदेशी मुद्रा खर्च में दूसरी सबसे बड़ी श्रेणी नहीं रह गई है. भारतीयों ने फीस की तुलना में विदेश में रिश्तेदारों के रख-रखाव पर ज्यादा खर्च किया. इस मद में 4.6 अरब डॉलर खर्च हुए.

हालांकि विदेश से पैसा भेजने के मामले में भारतीयों ने नया रिकॉर्ड बनाया है. संयुक्त राष्ट्र की एजेंसी इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन ऑफ माइग्रेशन के मुताबिक भारत को साल 2022 में रेमिटेंस के रूप में 111 अरब डॉलर मिले. यह दुनिया में सबसे अधिक है. इसी के साथ भारत 100 अरब डॉलर के आंकड़े तक पहुंचने वाला दुनिया का पहले देश बन गया है. भारत के 1.8 करोड़ लोग विदेशों में काम करते हैं. इनमें से यूएई, अमेरिका और सऊदी अरब में भारतीय प्रवासियों की बड़ी संख्या है. इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन फॉर माइग्रेशन ने मंगलवार को जारी अपनी वर्ल्ड माइग्रेशन रिपोर्ट, 2024 में कहा कि 2022 में रेमिटेंस प्राप्त करने वाले शीर्ष पांच देशों में भारत, मेक्सिको, चीन, फिलीपींस और फ्रांस शामिल हैं.

रेमिटेंस का मतलब प्रवासियों द्वारा मूल देश में मित्रों और रिश्तेदारों को भेजे गए पैसों से है. रिपोर्ट में कहा गया है कि इस मामले में भारत सबसे ऊपर ऊपर रहा. मेक्सिको 2022 में रेमिटेंस के मामले में दूसरे नंबर पर रहा. यह स्थान उसने 2021 में चीन को पीछे छोड़कर हासिल किया था. इससे पहले तक चीन भारत के बाद ऐतिहासिक रूप से प्रेषित धन प्राप्त करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश रहा है.

रिपोर्ट के आंकड़ों के अनुसार, भारत 2010 (53.48 अरब डॉलर), 2015 (68.91 अरब डॉलर) और 2020 (83.15 अरब डॉलर) में भी रेमिटेंस के मामले में टॉप पर रहा. उसे 2022 में 111.22 अरब डॉलर का प्रेषित धन मिला था. दक्षिण एशिया में तीन देश भारत, पाकिस्तान और बांग्लादेश रेमिटेंस पाने वाले टॉप 10 देशों में रहे.

**बनाया रिकॉर्ड**

- पिछले साल यह रकम 27.1 बिलियन डॉलर थी
- भारतीयों ने विदेश घूमने पर 17 अरब डॉलर खर्च किए

**टीसीएस लागू होने के बाद मासिक औसत खर्च घटा**



प्रचार कार्यक्रम

मेक्सिको सिटी में नेटफ्लिक्स श्रृंखला एटलस के प्रचार कार्यक्रम में सिमू लियू, बाएं, जेनिफर लोपेज, बीच में और ब्रैड पेटन तस्वीरों के लिए पोज देते हुए।

### बीकन ट्रस्टीशिप का आईपीओ 28 अप्रैल को खुलेगा

**नयी दिल्ली ।** बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड ने आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के जरिये 32 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाने का लक्ष्य रखा है. कंपनी का आईपीओ 28 मई को खुलेगा और 30 मई को बंद होगा. एंकर निवेशक 27 मई को बोली लगा पाएंगे. निर्गम के लिए मूल्य दायरा 57-60 रुपये प्रति शेयर तय किया गया है. बीकन ट्रस्टीशिप ने बयान में कहा, आईपीओ के सफल समापन के बाद कंपनी के शेयर एनएसई इमर्ज पर सूचीबद्ध होंगे. आईपीओ में 23.23 करोड़ रुपये के 38.72 लाख नए शेयर और 9.29 करोड़ रुपये के 15.48 लाख शेयरों की बिक्री पेशकश शामिल है. इससे आईपीओ का कुल आकार 32.52 करोड़ रुपये बैठता है. आईपीओ से प्राप्त राशि में से सात करोड़ रुपये का इस्तेमाल कंपनी मौजूदा कारोबार के लिए प्रौद्योगिकी बुनियादी ढांचे के निर्माण पर करेगी. डिपॉजिटरी प्रतिभागी, रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट की सेवाएं शुरू करने के लिए अपनी शाखा बीकन इन्वेस्टर होल्डिंग्स में नया कार्यालय पर 3.25 करोड़ खर्च करने का प्रस्ताव है.

सीडीडब्ल्यू इंडिया के प्रमुख अंशुल जैन का दावा

## युवा आबादी में मकान खरीदने की इच्छा बढ़ी

भाषा । नयी दिल्ली

कुशमैन एंड वेकफील्ड इंडिया के प्रमुख अंशुल जैन ने कहा कि कोविड-19 वैश्विक महामारी के बाद मांग में वृद्धि के कारण पिछले दो वर्षों में आवासीय कीमतों के तेजी से बढ़ने के बाद अल्प से मध्यम अवधि में इनमें नाममात्र वृद्धि की उम्मीद है. कुशमैन एंड वेकफील्ड के भारत व दक्षिण पूर्व एशिया के मुख्य कार्यकारी एवं एशिया पैसिफिक टेनेंट रिप्रेजेंटेशन के प्रमुख जैन ने 'पीटीआई वीडियो' को दिए साक्षात्कार में कहा कि उच्च आर्थिक वृद्धि और उपभोक्ताओं, खासकर युवा आबादी में मकान खरीदने की बढ़ती इच्छा को देखते हुए आवासीय मांग मजबूत बनी रहेगी. जैन ने कहा कि भारत में आवासीय मांग 2013-2014 से लेकर 2019 तक काफी कम रही. कीमतें स्थिर थीं. उस समय एक चलन था, जब लोग खासकर युवा कुछ भी नहीं खरीदना चाहते थे.

**शेयर** स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी बनी रही, निफ्टी ने भी बढ़त बनाई

# रिलायंस, इन्फोसिस में लिवाली से सेंसेक्स 267 अंक चढ़ा

▪ अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट मंगलवार को बढ़त में रहा

भाषा । मुंबई



स्थानीय शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 267 अंक से अधिक के लाभ में रहा. वैश्विक स्तर पर मिले-जुले रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और इन्फोसिस जैसी प्रमुख कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई. तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 267.75 अंक यानी 0.36 प्रतिशत की बढ़त के साथ 74,221.06 अंक पर बंद हुआ. कारोबार के दौरान एक समय यह 354.48 अंक तक उछल गया था. इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 68.75 अंक यानी 0.31 प्रतिशत की बढ़त के साथ 22,597.80 अंक पर बंद हुआ. जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, अमेरिकी फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा जारी होने से पहले भारतीय बाजार में सकारात्मक रुख देखने को मिला.

निवेशक कंपनियों की चौथी तिमाही के परिणाम और चुनाव को लेकर अनिश्चितता कम होने से आशान्वित हैं. उन्होंने कहा, मानसून के जल्दी आने की उम्मीद से दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों (एफएमसीजी) को लेकर रुचि बढ़ी है. हालांकि, बाजार का प्रदर्शन अल्पकाल में हल्का रह सकता है क्योंकि उसे चुनाव के परिणाम का इंतजार है. एफआईआई बाजार से दूरी बनाये हुए हैं.

सेंसेक्स के शेयरों में हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, आईटीसी और अल्ट्राटेक सीमेंट प्रमुख रूप से लाभ में रहे. दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, जेएसडब्ल्यू स्टील, एक्सिस बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील तथा टाटा मोटर्स शामिल हैं. एशिया के अन्य बाजारों में चीन का शंघाई कम्पोजिट बढ़त में जबकि दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में रहा. यूरोप के प्रमुख बाजारों में दोपहर के कारोबार में गिरावट का रुख था.

अमेरिकी बाजार वॉल स्ट्रीट मंगलवार को बढ़त में रहा. वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.84 प्रतिशत की गिरावट के साथ 82.18 डॉलर प्रति बैरल रहा. शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को 1,874.54 करोड़ रुपये मूल्य के शेयर बेचे. बीएसई सेंसेक्स में मंगलवार को 52.63 की गिरावट रही थी, जबकि एनएसई निफ्टी 27.05 अंक बढ़त में रहा था.

## स्पाइसजेट 450 करोड़ रुपये मारन केएएल एयरवेज से वापस मांगेगी

एजेंसी । नयी दिल्ली

विमानन कंपनी स्पाइसजेट ने बुधवार को कहा कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले के बाद एयरलाइन के पूर्व प्रवर्तक कलानिधि मारन और उनकी कंपनी केएएल एयरवेज को भुगतान किए गए कुल 730 करोड़ रुपये में से 450 करोड़ रुपये वापस मांगेगी.

दिल्ली उच्च न्यायालय ने उस आदेश को 17 मई को रद्द कर दिया था, जिसमें मीडिया दिग्गज कलानिधि मारन को 579 करोड़ रुपये ब्याज के साथ लौटाने का स्पाइसजेट और उसके प्रवर्तक अजय सिंह को निर्देश दिया गया था. अदालत की खंडपीठ ने एकल पीठ के 31 जुलाई 2023 के आदेश को चुनौती देने वाली सिंह और स्पाइसजेट की तरफ से दायर अपील को स्वीकार कर लिया. साथ ही मध्यस्थ निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर नए सिरे से विचार करने के लिए मामले को संबंधित अदालत में वापस भेज दिया. इस फैसले के बाद एयरलाइन ने बुधवार को शेयर बाजार को दी सूचना में बताया कि वह मारन और केएएल एयरवेज को भुगतान किए गए 730 करोड़ रुपये में से 450 करोड़ रुपये वापस मांगेगी. एयरलाइन ने कहा, स्पाइसजेट ने मारन और केएएल एयरवेज को कुल 730 करोड़ रुपये का भुगतान किया है, जिसमें मूलधन के 580 करोड़ रुपये और ब्याज के अतिरिक्त 150 करोड़ रुपये शामिल हैं. विवादित आदेश को रद्द करने के साथ ही स्पाइसजेट को 450 करोड़ रुपये वापस मिलना तय है.

## ब्रीफ खबरें

### संयुक्त राष्ट्र ने रफह में खाद्य सामग्री रोकी

**काहिरा ।** संयुक्त राष्ट्र ने आपूर्ति की कमी और इजरायल के बढ़ते सैन्य अभियान से उत्पन्न अस्थिर सुरक्षा स्थिति के कारण मंगलवार को रफह शहर में खाद्य सामग्री के वितरण पर रोक लगा दी. संयुक्त राष्ट्र ने चेतावनी दी कि पूरे क्षेत्र में मानवीय सहायता अभियान चलाना अब मुश्किल है. मार्गों के बंद होने और अराजकता के बीच अमेरिकी नौसेना को भी समस्याओं का सामना करना पड़ा. सप्ताहांत में फलस्तीनियों ने पोतघाट से आ रहे संयुक्त राष्ट्र के वाहनों के काफिले से सहायता ली.

### पुणे में उजनी बांध में नाव पलटने से छह डूबे

**पुणे ।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में उजनी बांध में नाव पलटने से दो बच्चों समेत छह लोग डूब गए. अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी. अधिकारियों ने बताया कि यह घटना मंगलवार शाम को तेज हवाएं चलने और बारिश के बाद हुई. इंदापुर के तहसीलदार श्रीकांत पाटिल ने बताया कि डूबने वालों में तीन पुरुष, एक महिला और दो बच्चे शामिल हैं. उन्होंने बताया कि नाव सेवा कलाशी और भूगांव गांव के बीच संचालित होती है.

### फलस्तीन समर्थकों ने शिविर में की तोड़फोड़

**एन आर्बर (अमेरिका) ।** पुलिस ने जन सुरक्षा का हवाला देते हुए मिशिगन विश्वविद्यालय में फलस्तीन समर्थकों के एक शिविर को तोड़ दिया. पुलिस अधिकारियों ने मिशिगन विश्वविद्यालय के डियाग इलाके से लगभग 50 लोगों को बाहर निकाला. इस दौरान पुलिसकर्मी हैलमेट पहने हुए थे और चेहरे पर बचाव के लिए शील्ड लगाए थे. यह स्थान दशकों से कैंपस में विरोध प्रदर्शन का स्थान रहा है. पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है. सभी से पूछताछ कर रही है.

### चीनी पत्रकार चार साल बाद रिहा हुए

**बैंकाक ।** चीन के वुहान में कोरोना वायरस फैलने के शुरुआती दिनों में रिपोर्टिंग करने से जुड़े मामले में चार साल की सजा काटने के बाद चीनी पत्रकार झांग झान को जेल से रिहा कर दिया गया. पत्रकार ने रिहा होने के आठ दिन बाद मंगलवार को एक वीडियो में यह जानकारी दी. झांग झान को 'झगड़ा कराने और गड़बड़ी पैदा' करने के जुर्म में चार साल की सजा सुनाई गई थी. झांग झान के रिहा होने के दिन उनके पूर्व वकील झान से या उनके परिवार से संपर्क नहीं कर सके.

### मणिपुरः नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया गया

**इम्फाल ।** मणिपुर में सुरक्षा बलों ने मंगलवार को दो अलग-अलग घटनाओं में कुल नौ उग्रवादियों को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया की संयुक्त दल ने एक समन्वित अभियान में थौबल जिले के खोंगजोम बाजार में टेकचम लमखाई क्षेत्र के पास से तैबंगनबा के नेतृत्व वाले कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी गुट के तीन उग्रवादियों को मंगलवार को गिरफ्तार किया. गिरफ्तार किए गए तीनों उग्रवादियों के पास से मैगजीन के साथ दो स्वदेशी 9 एमएम पिस्तौल, 9 एमएम के 14 कारतूस, 7.62 एमएम के 5 कारतूस, चार मांग पत्र, तीन मोबाइल फोन और एक कार बरामद की गई है.

---

प्रधानमंत्री मोदी ने भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में की चुनावी सभा, बोले

# पाक के 'हमदर्द' बने हैं कांग्रेस व सपा

एजेंसी। बस्ती (उप्र)

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस और समाजवादी पार्टी (सपा) पर पाकिस्तान का 'हमदर्द' होने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि पड़ोसी मुल्क तो पस्त पड़ गया है लेकिन इन दोनों विपक्षी दलों के लोग उसके पास एटम बम होने की बात कहकर भारत को डरा रहे हैं. मोदी ने कांग्रेस पर अपने ही पार्टी संविधान को नहीं मानने का आरोप लगाते हुए बुधवार को कहा कि सोनिया गांधी को पार्टी अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठाने के लिये अति पिछड़े समाज से आने वाले तत्कालीन कांग्रेस प्रमुख सीताराम केसरी का अपमान किया गया था. प्रधानमंत्री ने बस्ती जिले में बस्ती, संत कबीर नगर और डुमरियागंज लोकसभा सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों के पक्ष में आयोजित एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए सपा और कांग्रेस पर तुष्टीकरण समेत अनेक आरोप लगाये. उन्होंने कहा, आतंक का सरपरस्त देश जो हमें आंखें दिखाता था, आज उसकी हैसियत वैसी हो गई है कि ना घर का ना घाट का. पाकिस्तान तो पस्त पड़ गया है लेकिन उसके हमदर्द समाजवादी पार्टी और कांग्रेस वाले अब भारत को डराने में जुटे हैं. ये लोग कहते हैं कि पाकिस्तान से डरो क्योंकि उसके पास एटम बम है.

**भारत आज घर में घुसकर मारता है :** मोदी ने कहा, आज भारत में कांग्रेस की कमजोर सरकार नहीं है बल्कि मोदी की मजबूत सरकार है. अगर डरना है तो वे लोग डरें जो मानवता में विश्वास नहीं करते, जो आए दिन खून की नदियां बहाते हैं. भारत किसी को डराना नहीं चाहता है लेकिन भारत हमें डराने वालों को कभी बख्शेगा नहीं. भारत आज घर में घुसकर मारता है. मोदी ने सपा और कांग्रेस पर तुष्टीकरण का आरोप लगाते हुए कहा, 'इंडिया' गठबंधन की परिवारवादी पार्टियों ने तुष्टीकरण की सारी हदें पार कर दी हैं. इन लोगों को राम मंदिर और राम से परेशानी है. सपा के एक बड़े नेता कहते हैं कि राम मंदिर तो बेकार है. सपा खुलेआम कहती है कि राम मंदिर जाने वाले राम भक्त पाखंडी हैं. एक और नेता ने कहा कि राम मंदिर अपवित्र है.



### पांच चरणों में देश ने तीसरी बार मोदी सरकार पक्की कर दी है

मोदी ने दावा किया कि लोकसभा चुनाव के शुरुआती पांच चरणों में ही देश ने तीसरी बार मोदी सरकार पक्की कर दी है. उन्होंने कहा कि 'इंडिया' गठबंधन के नेताओं के बयानों से यह जाहिर होता है, पूरा विपक्षी गठबंधन ऐसी निराशा के गर्त में डूबा है कि अब उनको यह भी याद नहीं रहता कि वे दो दिन पहले क्या बोले थे और आज क्या बोल रहे हैं. उन्होंने कहा कि सपा और कांग्रेस को मिलने वाला एक भी वोट निरर्थक है, इसलिए वोट उसी को देना चाहिये जिसकी सरकार बनने की गारंटी हो. प्रधानमंत्री ने मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट की अपील करते हुए कहा कि अगर भाजपा को वोट नहीं डालेंगे तो पुण्य नहीं मिलेगा. उन्होंने कहा, 'यह सोचना कि मैं वोट डालने नहीं जाऊंगा तो भी चल जाएगा क्योंकि मोदी की सरकार तो बनना तय है, तो क्या आपको पुण्य मिलेगा? आज 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिलता है, वे आशीर्वाद देते हैं तो आपको पुण्य मिलता है... लेकिन अगर आपने वोट नहीं दिया होगा तो वह पुण्य आपके खाते में जमा होगा क्या? मैं इतने अच्छे काम करने वाला हूं... हर काम से पुण्य मिलने वाला है.

### सीताराम केसरी को बाथरूम में बंद कर दिया था

उन्होंने कांग्रेस पर अपने ही पार्टी संविधान को नहीं मानने का आरोप लगाते हुए कहा कि कांग्रेसवालों को अचानक संविधान की याद आ गई. यही कांग्रेस है जो अपनी ही पार्टी का संविधान नहीं मानती है. एक शाम को मैडम सोनिया जी की टोली कांग्रेस दफ्तर में घुस गई और उस वक्त कांग्रेस अध्यक्ष रहे अति पिछड़े समाज के सीताराम केसरी को बाथरूम में बंद कर दिया और फिर उठाकर उन्हें फुटपाथ पर फेंक दिया और रातों-रात मैडम सोनिया जी को अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठा दिया. मोदी ने सपा पर निशाना साधते हुए कहा, यह वही सपा है जिसने हमेशा दलितों के आरक्षण का विरोध किया. अब ये लोग संविधान की भावना के खिलाफ जाकर धर्म के आधार पर आरक्षण देने की पैरवी कर रहे हैं. ये लोग दलितों, पिछड़ों का आरक्षण छीनकर वोट जिहाद करने वालों को देना चाहते हैं. कांग्रेस मुसलमानों को आरक्षण देने के लिए बाबा साहब आंबेडकर का संविधान बदलना चाहती है. सपा भी इस दलित पिछड़ा विरोधी षड्यंत्र में कांग्रेस के साथ खड़ी है. प्रधानमंत्री ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी पर तंज करते हुए कहा, मैं सपा-कांग्रेस के दोनों शहजादों की फ्लॉप फिल्म की बार-बार रिलीज से हैरान हूं. ये दोनों शहजादे अब मिलकर अफवाह उड़ा रहे हैं कि वे उत्तर प्रदेश की 79 सीट जीत जाएंगे. मैं पहले सुना करता था कि लोग दिन में सपने देखते हैं. अब पता चला कि दिन में सपना देखने का मतलब क्या होता है. चार जून को उत्तर प्रदेश की जनता इन्हें नींद से जगाने वाली है और तब यह सारा ठीकरा इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन पर फोड़ेंगे.

---

सुप्रीम कोर्ट ने मद्रास हाईकोर्ट का फैसला पलटा

## प्रतिबंधित संगठन पीएफआई के आठ सदस्यों की जमानत रद्द की

एजेंसी। नयी दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के सदस्यों से संबंधित मद्रास हाईकोर्ट के फैसले को पलटते हुए सभी आठ आरोपी सदस्यों की जमानत रद्द कर दी है. पीएफआई के इन सदस्यों पर देशभर में आतंकवादी घटनाओं को अंजाम देने की साजिश रचने का आरोप है. सुप्रीम कोर्ट ने आरोपी 8 लोगों की जमानत यह कहते हुए रद्द कर दी कि इस मामले में उत्तरदाताओं को जमानत पर रिहा नहीं करने के लिए धारा 43डी (5) के तहत गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम अधिनियम (यूएपीए) का आदेश लागू होगा. इन आठ आरोपियों में बरकतुल्ला, इदरीस, मोहम्मद अबुथाहिर, खालिद मोहम्मद, सैयद इशाक, खाजा मोहिदीन, यासर अराफात और फैयाज अहमद का नाम शामिल है. इन सभी को केरल, तमिलनाडु, यूपी समेत देश के विभिन्न हिस्सों में आतंकवादी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए भारत और विदेशों में धन जमा करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया था. जस्टिस त्रिवेदी ने आज बुधवार को फैसला सुनाते हुए कहा, जांच एजेंसी द्वारा हमारे समक्ष प्रस्तुत सामग्री के आधार पर प्रथम दृष्टया मामला बनता है.

## दिल्ली में जल संकट पैदा करना चाहती है भाजपा : आतिशी

एजेंसी। नयी दिल्ली



दिल्ली सरकार की कैबिनेट मंत्री आतिशी ने बुधवार को आरोप लगाया कि भाजपा ने आम आदमी पार्टी (आप) को निशाना बनाने के लिए एक नई साजिश रची है और हरियाणा सरकार के माध्यम से राष्ट्रीय राजधानी में पानी की आपूर्ति रोक दी है. आतिशी ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव की घोषणा के बाद से ही भाजपा आप को निशाना बनाने की साजिश रच रही है. उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव की घोषणा के पांच दिनों के अंदर ही मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार कर लिया गया जिससे 'आप' चुनाव-प्रचार न कर सके. अंतरिम जमानत पर बाहर आने के बाद भाजपा ने उन्हें फंसाने के लिए पार्टी की मालीवाल का इस्तेमाल किया.

---

नौसेना प्रमुख एडमिरल त्रिपाठी ने अधिकारियों से कहा

## हर समय युद्ध के लिए तैयार रहें

भाषा। नयी दिल्ली



नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी ने हिंद महासागर में चीन की बढ़ती आक्रामकता और लाल सागर में संवेदनशील स्थिति के बीच कहा कि भारतीय नौसेना को राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हर समय युद्ध की दृष्टि से तैयार रहना चाहिए. यहां नौसेना मुख्यालय में तैनात अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने रणनीतिक समुद्री क्षेत्र में मौजूदा सुरक्षा माहौल और नौसेना द्वारा अपेक्षित परिणामी कार्रवाइयों के बारे में गहराई से जानकारी ली. नौसेना प्रमुख ने इस बात पर जोर दिया कि भारत की समुद्री शक्ति की प्राथमिक अभिव्यक्ति के रूप में, भारतीय नौसेना का उद्देश्य कभी भी, कहीं भी, किसी भी तरह राष्ट्रीय समुद्री हितों की रक्षा के लिए हर समय युद्ध के लिए तैयार रहना है. नौसेना प्रमुख ने मंगलवार को अधिकारियों को संबोधित करते हुए सरकार की आत्म-निर्भरता पहल की ओर भारतीय नौसेना की अटूट प्रतिबद्धता भी दोहरायी. एडमिरल त्रिपाठी ने एक उत्तरदायी रक्षा बल बने रहने के लिए समुद्री क्षेत्र में मौजूदा और उभरती चुनौतियों का समाधान करने के वास्ते घरेलू समाधान खोजने, नवाचार और विशिष्ट प्रौद्योगिकियों को अपनाने पर जोर दिया.

### केरल के राज्यपाल ने आचार संहिता का हवाला देते हुए अध्यादेश लौटाये

भाषा । तिरुवनंतपुरम

केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान ने स्थानीय निकायों में वार्ड के परिसीमन और उनकी संख्या बढ़ाने से जुड़े राज्य मंत्रिमंडल द्वारा पारित अध्यादेशों को आदर्श आचार संहिता लागू होने का हवाला देते हुए लौटा दिया है. आधिकारिक सूत्रों ने बुधवार को बताया कि राज्यपाल को मंगलवार को अध्यादेश मिले थे और उन्होंने राज्य के मुख्य सचिव को उन्हें लौटा दिया है. एक सूत्र ने बताया कि राज्यपाल ने लोकसभा चुनावों के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने का हवाला देते हुए सरकार को अध्यादेश लौटाये ए हैं. उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्वाचन आयोग की स्वीकृति के बिना अध्यादेशों को मंजूरी नहीं दी जा सकती है.

---

पुलिस की पिटाई से युवक की मौत

## गुस्साई भीड़ पुलिस चौकी पहुंची दारोगा की बाइक फूंक डाली

- दारोगा और साथी पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या की एफआईआर

भाषा। देवरिया



देवरिया जिला के बरहज क्षेत्र स्थित सतराव चौकी में तैनात दारोगा और साथी पुलिसकर्मियों की कथित पिटाई से एक युवक की मौत हो गई. इस मामले में उनके खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है. घटना से नाराज ग्रामीणों ने पुलिस चौकी पहुंचकर आरोपी दारोगा की बाइक में आग लगा दी. समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने पुलिस की पिटाई से युवक की मौत की घटना की कड़ी निंदा करते हुए मृतक के परिजन को कम से कम पांच करोड़ रुपये की सहायता देने की मांग की है.

पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने बताया कि सतराव पुलिस चौकी पर तैनात दारोगा वीरेंद्र कुशवाहा और कुछ साथी पुलिसकर्मियों द्वारा सतराव गांव निवासी दद्दन यादव (32) की सोमवार को कथित रूप से पिटाई किए जाने का मामला सामने आया है. परिजनों का आरोप है कि पिटाई से दद्दन यादव की हालत नाजुक हो गई. गंभीर रूप से घायल हालत में उसे स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां से नाजुक हालत को देखते हुए उसे महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कॉलेज देवरिया भेज दिया गया, उन्होंने बताया कि मंगलवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई, इस घटना से नाराज ग्रामीणों ने सतराव पुलिस चौकी पहुंचकर वहां खड़ी दारोगा वीरेंद्र कुशवाहा की मोटरसाइकिल में आग लगा दी. स्थानीय ग्रामीणों के मुताबिक दारोगा कुशवाहा का दद्दन से कोई पूर्व विवाद था.

### ममता की टिप्पणी के विरोध में 24 मई को साधु निकालेंगे रैली

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल के साधुओं ने रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के कुछ साधुओं के खिलाफ मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की टिप्पणी के विरोध में 24 मई को कोलकाता में रैली निकालने का फैसला किया है. विश्व हिंदू परिषद (विहिप) और पश्चिम बंगाल में साधुओं की शीर्ष संस्था बंगीय संन्यासी समाज के सदस्य उत्तरी कोलकाता में संत स्वाभिमान यात्रा का आयोजन करेंगे. विहिप नेता सौरीश मुखर्जी ने कहा, मुख्यमंत्री वोट बैंक की राजनीति के कारण ऐसी टिप्पणी कर रही हैं. हम इसकी कड़ी निंदा करते हैं. पश्चिम बंगाल के साधु-संत इन टिप्पणियों के खिलाफ रैली निकालेंगे. मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कहा था कि पश्चिम बंगाल में प्रभावशाली मठों के कुछ साधु चुनावों में भाजपा के निर्देश पर काम कर रहे हैं.

---

### बीजू जनता दल के एक और विधायक ने पार्टी छोड़ी

**बालासोर (ओडिशा) ।** बीजद के विधायक ज्योतिप्रकाश पाणिग्रही ने बुधवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया. पाणिग्रही ने मुख्यमंत्री नवीन पटनायक को अपना इस्तीफा सौंप दिया. उन्होंने पत्र में कहा, मैं तत्काल प्रभाव से बीजू जनता दल की प्राथमिक सदस्यता से अपना इस्तीफा दे रहा हूं. पाणिग्रही 2014 और 2019 में बालासोर जिले के सिमुलिया निर्वाचन क्षेत्र से बीजू जनता दल के टिकट पर विधायक चुने गए थे और पटनायक की सरकार में उन्हें पर्यटन राज्यमंत्री बनाया गया. बाद में उन्हें मंत्रालय से हटा दिया गया. उन्हें 2024 के विस चुनाव के लिए बीजद का प्रत्याशी नहीं बनाया गया. इससे पहले, अरबिंद धाली, रमेश चंद्र साई, परसुराम ढाडा, प्रेमानंद नायक और सिमरानी नायक जैसे निवर्तमान विधायकों ने बीजद की ओर से टिकट नहीं मिलने पर पार्टी से इस्तीफा दे दिया था.

## अमेरिका में सड़क दुर्घटना में भारतीय मूल के तीन युवा की मौत



भाषा। वाशिंगटन

अमेरिकी राज्य जॉर्जिया में एक भीषण सड़क दुर्घटना में तेज रफ्तार कार पलटने से तीन भारतीय-अमेरिकी छात्रों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए. पुलिस के अनुसार, मृतकों की पहचान श्रिया अवसारला, अन्वि शर्मा और आर्यन जोशी के रूप में की गई है, जो पिछले सप्ताह अल्फारेटा में वेस्टसाइड पार्कवे पर दुर्घटनाग्रस्त हुए वाहन में सवार थे. घटनास्थल पर मौजूद सबूतों के आधार पर यह माना जा रहा है कि चालक ने कार से नियंत्रण खो दिया था, जिससे कार पलट गयी. कार में सवार दो लोग - जोशी और अवसारला घटनास्थल पर मृत पाए गए. बाकी तीन लोगों को इलाज के लिए नॉर्थ फुल्टन अस्पताल ले जाया गया. अल्फारेटा पुलिस ने एक बयान में कहा कि शर्मा ने अस्पताल में दम तोड़ दिया. जॉर्जिया स्टेट यूनिवर्सिटी के छात्र और वाहन चालक रित्वक सोमपल्ली व अल्फारेटा हाई स्कूल के छात्र मोहम्मद लियाकत की पहचान घायल हुए अन्य दो छात्रों के रूप में की गई. सभी की उम्र 18 साल थी

### मोहन भागवत का त्रिपुरा दौरा आज से

**अगरतला ।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत आज से अपने छह दिवसीय दौरे पर त्रिपुरा पहुंचेंगे. संघ के एक पदाधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी. भागवत पश्चिमी त्रिपुरा के खैरपुर स्थित आरएसएस के राज्य मुख्यालय में प्रशिक्षण शिविर में शामिल होंगे. आरएसएस के राज्य प्रचार प्रभारी तपस रॉय ने पीटीआई-भाषा को बताया, आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत गुरुवार को पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्य से आये आरएसएस प्रचारकों के लिए एक प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए यहां पहुंचेंगे. वह प्रचारकों के साथ एक अलग सत्र भी करेंगे. उन्होंने बताया कि पूर्वोत्तर के विभिन्न राज्यों से कुल 112 प्रचारक 20 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं. भागवत 28 मई को राज्य से रवाना होंगे.

## ममता वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही हैं : अमित शाह

- राज्य में भाजपा के 30 लोकसभा सीटों पर जीतने केसाथ ही ममता सरकार की विदाई हो जाएगी

भाषा। कांथि (पश्चिम बंगाल)



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने और घुसपैठियों को राज्य की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप करने का आरोप लगाया. पूर्वी मेदिनीपुर जिले के कांथि में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए शाह ने यह भी कहा कि राज्य में भाजपा के 30 लोकसभा सीट पर जीत हासिल करने के बाद तृणमूल कांग्रेस बिखर जाएगी और ममता बनर्जी सरकार की विदाई हो जाएगी.

उन्होंने कहा, बंगाल घुसपैठियों के लिए सुरक्षित पनाहगाह बन गया है. घुसपैठ के कारण राज्य की जनसांख्यिकी बदल रही है जिसका असर न केवल बंगाल बल्कि पूरे देश पर पड़ रहा है. उन्होंने आरोप लगाया, ममता बनर्जी घुसपैठियों को बंगाल की जनसांख्यिकी बदलने की अनुमति देकर पाप कर रही हैं और वह वोट बैंक की राजनीति के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता कर रही हैं. शाह ने बनर्जी की हाल में की गई उस टिप्पणी की भी आलोचना की जिसमें उन्होंने कहा था कि रामकृष्ण मिशन और भारत सेवाश्रम संघ के कुछ संत भाजपा के निर्देशानुसार काम कर रहे हैं. शाह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के वोट बैंक को खुश करने के लिए इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को निशाना बनाया जा रहा है. गृह मंत्री ने कहा, ममता बनर्जी भारत सेवाश्रम संघ पर हमला कर रही हैं, लेकिन उन्हें यह नहीं पता कि अगर यह संघ नहीं होता तो बंगाल बांग्लादेश का हिस्सा होता. वह सिर्फ़ अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए संतों पर हमला कर रही हैं.

---

**लोस चुनाव** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा

# भाजपा को हराने के लिए कम सीट पर लड़ने का फैसला लिया गया

भाषा । नयी दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा कि पार्टी ने विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को एकजुट रखने और भाजपा को हराने की रणनीति के तहत इस लोकसभा चुनाव में कम सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला सोच-समझकर लिया है. खरगे ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए साक्षात्कार में कहा कि यह पार्टी की ओर से कम विश्वास को नहीं दिखाता बल्कि देश के विभिन्न हिस्सों में प्रभाव रखने वाले अन्य दलों को पर्याप्त मौका देते हुए संयुक्त विपक्ष की जीत सुनिश्चित करने के लिए यह समझौता किया गया. खरगे ने प्रियंका गांधी वाद्रा को पार्टी की पूंजी और स्टार प्रचारक बताते हुए उनके चुनाव न लड़ने के फैसले को सही ठहराया.



- कांग्रेस प्रमुख ने कहा, राहुल और प्रियंका ये दोनों हमारी पूंजी हैं
- संयुक्त विपक्ष की जीत सुनिश्चित करने के लिए यह समझौता आपस में हुआ है

### गठबंधन के साझेदारों को एकजुट रखना होगा

उन्होंने कहा, हमने कम सीट पर चुनाव लड़ने का फैसला सोच-समझकर लिया है. यह गठबंधन के साझेदारों को एकजुट रखने के लिए है. कांग्रेस ने अपने जैसी विचारधारा वाली अन्य पार्टियों से विचार-विमर्श करने के बाद प्रत्येक राज्य में गठबंधन करने के लिए एक समिति गठित की थी. पार्टी आलाकमान ने इस रणनीति को मंजूरी दी. हमने प्रत्येक राज्य में चर्चा की है. कांग्रेस अब के इतिहास में देश में सबसे कम 328 सीट पर चुनाव लड़ रही है जबकि बाकी की 200 से अधिक सीट उसने 'इंडिया' गठबंधन के अन्य साझेदारों के लिए छोड़ दी है.

### इंडिया गठबंधन के नेताओं को मिल रही है धमकी

उन्होंने यह भी सवाल किया कि चुनाव से पहले विपक्षी नेताओं को सलाखों के पीछे क्यों डाला जा रहा है? खरगे ने कहा, जब वे पिछले 10 साल से सत्ता में थे, तो उन्होंने उन्हें पहले गिरफ्तार क्यों नहीं किया? मतदान जारी है और यहां नेताओं को धमकी दी जा रही है और परेशान किया जा रहा है और सलाखों के पीछे डाल दिया गया. यहां तक कि उन्हें प्रचार करने के लिए भी नहीं छोड़ा जा रहा है. राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष ने कहा, भाजपा कोई समान अवसर नहीं दे रही, विपक्षी नेताओं को धमकाया जा रहा है. ये चीजें लोकतंत्र के लिए अच्छी नहीं हैं और एक अधिनायकवादी शासन लागू किया जा रहा है. उन्होंने प्रियंका गांधी वाद्रा के चुनाव नहीं लड़ने को सही ठहराते हुए कहा कि यह सोनिया गांधी, राहुल गांधी और खुद प्रियंका का लिया हुआ फैसला था. खरगे का कहना था कि सोनिया गांधी 30 साल से राजनीति में हैं और वह जानती हैं कि किसे कहां से चुनाव लड़ना चाहिए. उन्होंने कहा, राहुल गांधी के साथ वह (प्रियंका) भी हमारी स्टार प्रचारक हैं, सोनिया गांधी जी का स्वास्थ्य अच्छा नहीं है. उनकी (राहुल, प्रियंका) मांग है और हजारों लोग उन्हें सुनने आते हैं. कांग्रेस प्रमुख ने कहा, ये दोनों हमारी पूंजी हैं और अगर हम अपनी सारी पूंजी एक जगह निवेश करते हैं, तो दूसरों के बारे में क्या होगा क्योंकि उन्हें दूसरों की भी मदद करनी है. उन्होंने जो भी फैसला लिया है, हम उसका स्वागत करते हैं. उन्होंने पार्टी के कई दिग्गजों के खुद को चुनाव लड़ने से दूर रखने के फैसले को सही ठहराते हुए कहा कि कुछ ने विधानसभा चुनाव लड़ा था और उनकी जगह अपने लोगों को चुनाव लड़ाना उनकी रणनीति है. खरगे ने कहा, इसके अलावा, हमें राष्ट्रीय चुनाव में देश भर में प्रचार करने के लिए वरिष्ठ नेताओं की भी आवश्यकता है. हम हर किसी को चुनाव लड़ने के लिए नहीं कह सकते. हम उन लोगों को मजबूत कर रहे हैं जो चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन उतने ही महत्वपूर्ण वे भी हैं जो चुनाव में पार्टी की रणनीति बनाते हैं.

## फलस्तीन को नॉर्वे, आयरलैंड व स्पेन ने बतौर देश मान्यता दी

एजेंसी । बार्सिलोना (स्पेन)

नॉर्वे, आयरलैंड और स्पेन ने ऐतिहासिक कदम उठाते हुए बुधवार को फलस्तीन को देश के तौर पर मान्यता देने का फैसला किया जिसकी इजराइल ने आलोचना की है जबकि फलस्तीन ने खुशी जतायी है. इसके जवाब में इजराइल ने नॉर्वे तथा आयरलैंड से अपने राजदूतों को वापस बुलाने का आदेश दिया है. सबसे पहले नॉर्वे ने मान्यता देने के फैसले की घोषणा की. नॉर्वे के प्रधानमंत्री जोनस गार स्तूर ने कहा, अगर मान्यता नहीं दी गयी तो पश्चिम एशिया में शांति स्थापित नहीं हो सकती. उन्होंने कहा कि नॉर्वे 28 मई तक फलस्तीन को देश के तौर पर मान्यता दे देगा. उन्होंने कहा, फलस्तीन देश को मान्यता देकर नॉर्वे अरब शांति योजना का समर्थन करता है. यूरोपीय संघ के कई देशों ने पिछले सप्ताहों में संकेत दिया है कि वे मान्यता देने की योजना बना रहे हैं, उनकी दलील है कि क्षेत्र में शांति के लिए द्वि-राष्ट्र समाधान आवश्यक है. नॉर्वे इजराइल और फलस्तीन के बीच द्वि-राष्ट्र समाधान का कट्टर समर्थक रहा है. वह यूरोपीय संघ का सदस्य नहीं है लेकिन इस मुद्दे पर उसका रुख भी यूरोपीय संघ के अन्य सदस्यों के समान है. नॉर्वे सरकार कहा, हमास और आतंकवादी समूहों ने आतंक फैलाया है जो द्वि-राष्ट्र समाधान और इजराइल सरकार के समर्थक नहीं हैं. यह कदम तब उठाया गया है जब इजराइली सेना ने मई में गाजा पट्टी के उत्तरी और दक्षिणी हिस्सों में हमले किए जिससे हजारों लोगों को विस्थापित होना पड़ा. साथ ही उसने मानवीय सहायता की आपूर्ति भी बाधित कर दी.

मुद्रक तथा प्रकाशक लगातार इंफोटेनमेंट प्राईवेट लिमिटेड द्वारा लगातार इंफोटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के पक्ष में, सिमलिया, रिंग रोड, पीएस-रातू, रांची - 835222 से मुद्रित तथा राजकमल प्लाजा, रूम नंबर 102 जयप्रकाश नगर, डीनोवली स्कूल रोड बरटांड़, धनबाद-826001 झारखंड द्वारा प्रकाशित.
संपादक - **सुरजीत सिंह**, स्थानीय संपादक - **दीपक कुमार अम्बष्ठ***. फोन नंबर- 0651-2961734 आर.एन.आई. नंबर - **JHAHIN/2023/84487** ( *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार.)